ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 01 • विक्रम संवत 2080 • शनिवार, 06 मई 2023 • वर्ष-24 • अंक-92 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

बतौर अभिनेता हमारे पास वही सीमाएं हैं ... पेज 12 पर



## NEWS इन ब्रीफ

### सीएम ने दी बुद्ध पूर्णिमा की शुभकामनाएं

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी है। साथ ही कहा कि सत्य, प्रेम, अहिंसा और भाईचारे का परम संदेश देने वाले भगवान गौतम बुद्ध का जीवन और शिक्षा, हमें हमेशा प्रेरणा देता रहे।

### विशाल हत्याकांड में पांच गिरफ्तार

**रांची।** खेलगांव गांव थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर के ओवरडोज से हुई विशाल कुमार की मौत मामले में तस्कर सहित पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में खेलगांव निवासी रूद्रनाथ ओझा, सागर सिंह, अवनीश मिश्रा उर्फ बजरंगी, कोकर निवासी तस्कर रोहित कुमार और खोरहाटोली निवासी मनीष कुमार शामिल है। इनके पास से मृतक विशाल कुमार का सैमसंग का फोन, एक स्कूटी और 34 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद किया गया है।

### हाईकोर्ट से बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो ने मांगा समय

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में शुक्रवार को बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो के निर्वाचन को चुनौती देनेवाली जलेश्वर महतो की चुनाव याचिका पर सुनवाई हुई। इस मामले में शत्रुघ्न महतो को फिर से गवाही के लिए बुलाए जाने को लेकर दिए गए आवेदन पर जवाब दाखिल करने के लिए ढुल्लू महतो ने दो सप्ताह का समय मांगा। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 19 मई निर्धारित की है। ढुल्लू महतो की ओर से

### नेपाल हेलीकॉप्टर दुर्घटना में सह पायलट की मौत, चार काठमांडू में भर्ती

**काठमांडू।** नेपाल के संखुवासभा जिला में शुक्रवार को हुई हेलीकॉप्टर दुर्घटना में घायल सह पायलट भाविन गुरुंग की इलाज के दौरान मौत हो गई। चार अन्य घायलों का इलाज काठमांडू में चल रहा है।

### केरल के पूर्व मुख्यमंत्री ओमन चांडी एक अस्पताल में भर्ती

**बेंगलुरु/तिरुवनंतपुरम।** केरल के पूर्व मुख्यमंत्री ओमन चांडी को वायरल निमोनिया के चलते शुक्रवार को बेंगलुरु के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, पूर्व सीएम का बेंगलुरु में गले के कैंसर का भी इलाज चल रहा है। पूर्व सीएम के बेटे चांडी ओमन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर यह जानकारी पोस्ट की और सभी से उनके (पिता के) स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना करने को कहा है। फरवरी से पूर्व मुख्यमंत्री का बेंगलुरु के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। **(संवाददाता/एजेंसियां)**

# जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी मुठभेड़ में 5 सैनिक शहीद



**एजेंसी। जम्मू**

जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के कंडी इलाके में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच हुई मुठभेड़ में पांच जवान शहीद हो गए। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सेना ने कहा, राजौरी सेक्टर में चल रहे ऑपरेशन में सुबह गंभीर रूप से घायल हुए तीन सैनिकों ने दम तोड़ दिया। ऑपरेशन अभी भी जारी है। इससे पहले सेना ने बताया था कि आतंकवादियों ने जवाबी कार्रवाई में एक विस्फोटक उपकरण दागा। राजौरी सेक्टर के कंडी जंगल में आतंकवादियों की मौजूदगी की विशेष सूचना पर 03 मई 2023 को संयुक्त अभियान चलाया गया। 05 मई 2023 को लगभग 07.30 बजे, एक सर्च टीम ने एक गुफा में छिपे आतंकवादियों के एक समूह के साथ संपर्क स्थापित किया। उन्होंने कहा, आसपास की अतिरिक्त टीमों को मुठभेड़ स्थल के लिए निर्देशित किया गया है। सेना ने कहा, प्रारंभिक रिपोटरें के अनुसार, आतंकवादियों का एक समूह इलाके में फंसा हुआ है। आतंकवादी समूह के हताहत होने की आशंका है। अभियान जारी है। जम्मू क्षेत्र में भाटा धूरियन के तोता गली इलाके में एक सेना के ट्रक पर घात लगाकर हमला करने वाले आतंकवादियों के एक समूह के खिलाफ भारतीय सेना का अभियान जारी हैं।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जम्मू में सेना के पांच जवानों के बलिदान पर दुःख जताया


**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जम्मू कश्मीर के राजौरी में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में सेना के पांच जवानों के बलिदान पर दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि परमात्मा वीर जवानों की आत्मा को शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिवार को विकट घड़ी को सहने की ताकत दें।

# झारखंड में भी दिखेगा मोचा चक्रवात का असर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झारखंड में भी मोचा चक्रवात का असर दिखेगा। सात मई तक चक्रवात की तीव्रता का निर्धारण होने और कम दबाव का क्षेत्र बनने के बाद ही राज्य में इसका असर होगा। बंगाल के कुछ हिस्सों में और उत्तर पूर्वी राज्यों में इसका असर अधिक देखने को मिलेगा। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने अलर्ट जारी करते हुए बताया कि बंगाल की खाड़ी में नौ मई के आसपास चक्रवात बनने की संभावना है, जिसका असर झारखंड समेत आसपास के कई राज्यों में देखने को मिल सकता है। झारखंड में बंगाल से सटे इलाकों में मोचा का असर ज्यादा देखने को मिल सकता है। हालांकि, इस चक्रवात की तीव्रता का आंकलन मौसम विभाग ने अभी तक नहीं किया है। यह साल का पहला चक्रवात है। संभावना जताई गई है कि नौ मई के पहले तक राज्य के तापमान में चार से पांच डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि दर्ज की जायेगी। इसके बाद तापमान में वृद्धि की संभावना नहीं है। विभाग ने पांच मई से राज्य के अधिकांश हिस्सों में मौसम साफ होने की बात कही है। दस मई तक मौसम में किसी तरह का बदलाव नहीं देखा जायेगा। लोगों को गर्मी का एहसास होगा।

### ओडिशा में पंडित रघुनाथ मुर्मू की दी गई श्रद्धांजलि

# आदिवासी समाज को नई दिशा दी : हेमंत सोरेन

### आदिवासी समुदाय का संघर्षों से रहा है नाता

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को महान संताली साहित्यकार और ओलचिकी लिपि के आविष्कारक गुरु गोमके पंडित रघुनाथ मुर्मू की 119वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिए दांडबोस, रायरंगपुर, मयूरभंज, ओडिशा पहुंचे। उन्होंने यहां उनकी समाधि पीठ (स्मारक) और प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने समाधि पीठ परिसर का भ्रमण करने के साथ स्थानीय लोगों से संवाद भी किया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि संताली भाषा और साहित्य के विकास में उनके अविस्मरणीय योगदान को हम कभी भुला नहीं सकते हैं। उन्होंने ओलचिकी के रूप में संताली को एक नई लिपि दी। विशेषकर आदिवासी समाज की परंपरा, कला संस्कृति और भाषा-साहित्य के संरक्षण और उसे समृद्ध करने में उनकी भूमिका इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है। विशेषकर आदिवासियों के बीच शिक्षा का अलख जगाने में उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी समर्पित कर दी। पंडित रघुनाथ की रचनाएं और कृतियां अमर हैं। आज संताली भाषा और साहित्य कि अपनी समृद्ध परंपरा कायम है तो इसमें सबसे बड़ा योगदान पंडित रघुनाथ मुरमू का ही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा, तिलका मांझी, अमर शहीद सिदो-कान्हू, वीर बुधु भगत और तेलंगा खड़िया जैसे अनेकों वीर हुए हैं, जिन्होंने अंग्रेजी हुकूमत और जमींदारों के शोषण-अन्याय के विरुद्ध हुए आंदोलनों का नेतृत्व किया। अन्याय के खिलाफ आदिवासी वीर ना कभी झुके और ना ही कभी डरे हैं। इन्होंने अपने वीरता, संघर्ष और नेतृत्व क्षमता से ब्रिटिश हुकूमत की जड़ें हिला दी थी। हमें ऐसे वीर शहीदों पर गर्व है। इस अवसर पर राज्य सरकार में मंत्री चम्पाई सोरेन सहित अन्य मौजूद रहे।

# आईएएस छवि रंजन को भेजा जेल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के पूर्व डीसी आईएएस अधिकारी छवि रंजन को न्यायिक हिरासत में रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया गया है। ईडी अब रिमांड के लिए शनिवार को विशेष अदालत में आग्रह करेगी।

### कोर्ट में किया गया पेस

रांची में सेना के साथ अन्य विवादित जमीनों की खरीद-बिक्री में फजीवाड़ा मामले में गुरुवार को गिरफ्तार आईएएस छवि रंजन को शुक्रवार को इडी कोर्ट में पेश किया गया। इसके बाद इडी कोर्ट ने छवि रंजन को न्यायायिक हिरासत में जेल भेज दिया है ।कोर्ट में क्लोजिंग डे के कारण रिमांड नहीं हो सका। शनिवार को इडी छवि की रिमांड को लेकर कोर्ट में आवेदन देगा। कोर्ट ले जाने से पूर्व इडी ने अपने दफ्तर में ही छवि रंजन का मेडिकल जांच सदर अस्पताल के डॉक्टरों की देख रेख में किया गया। छवि रंजन का बीपी, सुगर, पल्स सभी सामान्य पाया गया। छवि का कोविड टेस्ट भी निगेटिव आया है।

### रोते हुए बाहर निकले छवि रंजन

कोर्ट में पेशी के बाद जब छवि रंजन अदालत से बाहर निकल रहे थे तब उनकी आंखों में आंसू साफ झलक रहे थे। हालांकि वे बार-बार अपने आंसू को छुपाने की कोशिश कर रहे थे। कड़ी सुरक्षा के बीच ईडीटी टीम उन्हें अदालत से रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार ले कर चली गई। ***(शेष खबर पेज 4 पर)***

### छवि से जुड़ी कमीश्नर की रिपोर्ट राज्य ने ईडी को नहीं दी

**रांची** के तत्कालीन डीसी छवि रंजन के खिलाफ तत्कालीन कमीश्नर नितिन मदन कुलकर्णी के रिपोर्ट की मांग ईडी ने राज्य सरकार से की थी। लेकिन ईडी के पत्राचार के बाद भी राज्य सरकार ने कमीश्नर की रिपोर्ट को ईडी को नहीं सौंपी। ईडी के आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, इस संबंध में जल्द ही राज्य सरकार को रिमाइंडर भी भेजा जाएगा। रांची डीसी रहते छवि रंजन के द्वारा सेना जमीन की रजिस्ट्री के साथ साथ बजरा स्थित जमीन के लगान रशीद एक दिन में काटे जाने को लेकर तत्कालीन कमीश्नर नितिन मदन कुलकर्णी ने सवाल उठाए थे। लेकिन राज्य सरकार ने तब डीसी पर कार्रवाई के बजाय कमीश्नर का ही तबादला कर दिया था।

### मुख्य सचिव को पत्र लिखकर दी सूचना

**ईडी** के रांची जोनल आफिस से मुख्य सचिव सुखदेव सिंह को पत्राचार किया गया है। ईडी ने शुक्रवार की दोपहर मुख्य सचिव को भेज गए पत्र में बताया है कि जमीन घोटाले से जुड़ी मनी लाउंड्रिंग के केस में 1/2023 में गिरफ्तार कर लिया गया है। छवि रंजन की गिरफ्तारी के बाद उन्हें निलंबित करने की प्रक्रिया भी कार्मिक विभाग के द्वारा शुरू की जाएगी।

# पार्टी के आगे झुके शरद पवार बने रहेंगे एनसीपी के अध्यक्ष



**एजेंसी। मुंबई**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार ने शुक्रवार को घोषणा की है कि वह पार्टी प्रमुख के रूप में पद नहीं छोड़ेंगे, जिसके साथ ही दो मई से संगठन में चल रही चार दिनों की उथल-पुथल खत्म हो गई। तालियों की गड़गड़ाहट के बीच भीड़ भरे मीडिया सम्मेलन को संबोधित करते हुए 83 वर्षीय पवार ने कहा, मुझ पर बरसाए गए प्यार और विश्वास से मैं अभिभूत हूं। आप सभी की अपील को ध्यान में रखते हुए और पार्टी द्वारा गठित समिति के निर्णय का सम्मान करते हुए, मैं सेवानिवृत्त होने का अपना निर्णय वापस ले रहा हूं। एनसीपी सुप्रीमो की घोषणा समिति द्वारा उनके इस्तीफे को खारिज करने के घंटों बाद आई और साथ ही उनसे उसी पद पर बने रहने की अपील की और शुक्रवार दोपहर उन्हें इस बारे में बताया।

### लातेहार और गिरिडीह में हाथियों का तांडव

# हाथियों के हमले में चार की मौत

### चंदवा के तीन मृतक एक ही परिवार के

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार/गिरिडीह**



झारखंड में हाथियों के दो अलग-अलग हमलों में चार लोगों की जान चली गई है। लातेहार जिले के चंदवा में हाथियों ने एक ही परिवार के तीन लोगों को कुचल डाला, जबकि गिरिडीह में भी एक व्यक्ति इनके हमले में मारा गया है। लातेहार की घटना के बारे में बताया गया कि एक दर्जन हाथियों का झुंड बीती रात एक से दो बजे के बीच चंदवा की माल्हन पंचायत में एक ईंट भट्ठे पर पहुंचा। भट्ठे पर कई मजदूर और उनके घरों के लोग सो रहे थे। हाथियों ने न सिर्फ भट्ठे को पूरी तरह तहस-नहस कर डाला, बल्कि पास में सो रहे एक परिवार के मुखिया पनुआ भूइंया, उसकी पत्नी बबिता देवी और पुत्री मंजिशा कुमारी को पांवों से रौंदकर और सूंढ़ से लपेटकर मार डाला। भट्ठे पर मौजूद बाकी मजदूर किसी तरह जान बचाकर भागने में सफल रहे। बताया गया कि बबिता देवी ने अपनी बच्ची को गोद में लेकर भागने की कोशिश की। लेकिन हाथी ने सूंड़ में दबोच लिया और इसके बाद दोनों को पटक कर और कुचल कर मार डाला। बबिता देवी के पति फानु भुइयां को भी एक हाथी सूंढ़ में लपेटकर काफी दूर ले गया और इसके बाद कुचलकर मार डाला। यह परिवार गढ़वा के भंडरिया महागामा सरायडीह का रहने वाला था। पति-पत्नी दोनों चंदवा स्थित ईट ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

# मानव तस्कर की शिकार 11 नाबालिग बेटियां घर लौटी

### गरीबी ने बना दिया था ह्यूमन ट्रैफिकिंग का शिकार

### अब सरकार लेगी पुनर्वास की जिम्मेदारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झारखंड में मानव तस्करी के कई मामले सामने आते हैं। वजह से गरीबी, माता पिता अपनी बेटे या बेटी की पढ़ाई का खर्च नहीं उठा पाते, साथ ही परिवार चलाना भी उनके लिए बड़ी समस्या होती है। ऐसे में मानव तस्कर ऐसे घरों की तलाश में रहते हैं, मां - बाप को बहला कर उन्हें लालच देती है कि बेटी अच्छी कमाएगी, पैसे घर भी भेजेगी ।इस लालच में माता पिता आसानी से आ जाते हैं। इन नाबालिग लड़कियों की कहानी भी कुछ ऐसी है कि वह बेहतर जीवन की तलाश में मानव तस्कर का शिकार बन गयीं ।अब उन्हें राज्य बाल अधिकार और संरक्षण आयोग ने सुरक्षित बाहर निकाला है। राज्य सरकार इनके पुनर्वास, शिक्षा और ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### साधा निशाना | कर्नाटक में बजरंग दल का मुद्दा

# भाजपा को ज्यादा लाभ या कांग्रेस को?

**ब्यूरो। नई दिल्ली**



कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने अपना जो एजेंडा रखा है उसमें तमाम मुद्दों में से एक यह भी है कि कांग्रेस की सरकार बनी तो संघ के एक अनुषांगिक संगठन 'बजरंग दल' पर बैन लगाएगी। जिसको भाजपा ने अपना चुनावी मुद्दा बना लिया है। जिसके बाद बाद कर्नाटक के विजयनगर जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने भगवान हनुमान को ही ताले में बंद करने का फैसला लिया है। मोदी ने कहा, पहले उन्होंने श्री राम को ताले में बंद किया और अब वो जय बजरंग बली कहने वालों को बंद करना चाहते हैं। मोदी ने इस तरह भाजपा, संघ के कार्यकर्ताओं को एक लाइन दे दिया। जिसके बाद तो भाजपा के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इस मुद्दे पर बजरंग दल का समर्थन करते हुए कांग्रेस पर हल्ला बोल दिया है।

भाजपा नेता और कर्नाटक के पूर्व उप मुख्यमंत्री केएस ईश्वरप्पा ने कांग्रेस के प्रस्ताव का विरोध करते हुए कांग्रेस के घोषणापत्र की एक प्रति को जला डाला। ईश्वरप्पा ने बजरंग दल को देशभक्त संगठन बताते हुए कहा कि कांग्रेस की उस पर बैन लगाने के बारे में बोलने की हिम्मत कैसे हुई।

सवाल यह है कि यह बजरंग दल है क्या, कब व कहां पैदा हुआ? यह विश्व हिंदू परिषद का युवा संगठन है। इसका जन्म आठ अक्टूबर, 1984 को राम जन्मभूमि आंदोलन के शुरूआती दिनों में अयोध्या में हुआ था। विहिप की वेबसाइट पर दी गई जानकारी के अनुसार तबकी उत्तर प्रदेश सरकार ने अयोध्या से निकलने वाली 'श्रीराम जानकी रथ यात्रा' को सुरक्षा देने से मना कर दिया था। तब परिषद ने कुछ युवाओं को रथ यात्रा की सुरक्षा का काम सौंपा और वहीं से बजरंग दल की शुरूआत हुई। इसके संस्थापक अध्यक्ष विनय कटियार थे, जो बाद में फैजाबाद से भाजपा के सांसद बने । लेकिन ओबीसी नेता होने के बाद भी कुछ साल से भी किनारे लगा दिए गये। ये वहीं कटियार हैं जिनका नाम बाबरी मस्जिद को गिराने के मामले में मुख्य आरोपियों में से था। लेकिन सितंबर, 2020 में एक विशेष सीबीआई अदालत ने सबूतों के अभाव में उन्हें और सभी आरोपियों को बरी कर दिया था। बजरंग दल का नाम शुरू से सांप्रदायिक हिंसा से जुड़े की मामलों में सामने आता रहा है। यह गौ रक्षा को अपने लक्ष्यों में से एक बताता है। कई ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

# जेट एयरवेज और नरेश गोयल के ठिकानों पर सीबीआई का छापा

### 538 करोड़ रुपये के फ्रॉड का मामला

**एजेंसी। नई दिल्ली**



सीबीआई ने केनरा बैंक से संबंधित 538 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी के मामले में शुक्रवार को जेट एयरवेज और इसके संस्थापक नरेश गोयल के मुंबई स्थित परिसरों सहित सात स्थानों पर छापा मारा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने गोयल, उनकी पत्नी अनीता और एयरलाइन के पूर्व निदेशक गौरांग आनंद शेट्टी के आवासों और कार्यालयों पर छापेमारी की।

अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी ने केनरा बैंक की एक शिकायत पर 538 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी का नया मामला दर्ज किया है। उन्होंने कहा कि आरोप अन्य अनियमितताओं के बीच कथित रूप से धन की हेराफेरी से संबंधित हैं। नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) में दिवाला समाधान प्रक्रिया के तहत जालान कालरॉक कंसोर्टियम द्वारा जेट एयरवेज के लिए बोली जीते जाने के बाद कंपनी पुनरुज्जीवित किये जाने की प्रक्रिया में थी।

बता दें कि कुछ महीने पहले ही बंबई उच्च न्यायालय ने कथित धन शोधन मामले में जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल और उनकी पत्नी अनिता गोयल के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) को रद्द कर दिया था। केंद्रीय जांच एजेंसी की ईसीआईआर अकबर ट्रैवल्स' द्वारा की गई एक शिकायत पर कथित धोखाधड़ी और जालसाजी के लिए गोयल दंपति के खिलाफ पुलिस द्वारा दर्ज प्राथमिकी पर आधारित थी।

### जिला युवा उत्सव का आयोजन आज मोरहाबादी में

# आजादी का अमृत महोत्सव पर प्रदर्शनी का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
नेहरु युवा केंद्र,रांची, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार का द्वितीय जिला युवा उत्सव का संयुक्त आयोजन रामकृष्ण मिशन विवेकानंद शैक्षणिक और शोध संस्थान, मोराबादी एवं नेहरु युवा केंद्र द्वारा शनिवार को मोराबादी स्थित रामकृष्ण मिशन के ऑडिटोरियम में सुबह 9:30 बजे से होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रांची के सांसद संजय सेठ होंगे। विशेष अतिथि में विधायक कांके समरीलाल, विधायक रांची सी.पी.सिंह, डायरेक्टर खेलकूद विभाग, झारखण्ड सरोजनी लकड़ा, उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय एवं रामकृष्ण मिशन के सचिव स्वामी भावेशानंद महाराज के साथ जिला रांची के उप-विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव, आई.ए.एस. होंगे। उक्त आयोजन में विभिन्न विभागों के स्टाल भी लगाए जाएंगे, जिनमें प्रमुख रूप से केंद्रीय जांच ब्यूरो रांची का 'आजादी किए अभी कौन सा' विषय पर मिनी चित्र -प्रदर्शनी, कृषि विभाग, जेएसएलपीएस, स्वास्थ्य विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड एवं रामकृष्ण संस्थान, कौशल विकास योजना की प्रदर्शनी लगायी जाएगी। युवा उत्सव का थीम पंच प्रण है। युवा उत्सव में पेंटिंग प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, कविता लेखन, फोटोग्राफी एवं ट्रेडिशनल नृत्य की प्रतियोगिता होंगी।प्रतियोगिताओं में भाग लेने की पात्रता 15 से 29 आयु वर्ग के युवा, प्रतिभागी शैक्षणिक संस्थानों, महाविद्यालयो एवं विश्वविद्यालयो से शोर्ट लिस्टेड प्रतिभागी आदि भाग लेंगे। विजेता प्रतिभागी राज्य स्तर की प्रतियोगिता जो माह जुलाई में संभावित है और इसके बाद राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में राज्य स्तर के विजेता प्रतिभागी भाग लेंगेकजिला स्तर की प्रतियोगिता में विजेता ऊप्रतिभागियों को पुरस्कार राशी (खाते में) एवं प्रमाण पत्र दिए जायेगे। ज्ञात हो की उक्त आयोजन में रामकृष्ण मिशन संस्थान होस्ट संस्थान है। कार्यक्रम में रांची विश्वविद्यालय के प्रमुख महाविद्यालय एवं वाईवीएन विश्वविद्यालय, राय यूनिवर्सिटी के प्रतिभागी भाग ले रहे है।

### बुद्ध जयंती के अवसर पर गोरखा स्पोर्ट्स एकेडमी ने लगाया गया स्वागत शिविर




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
डोरंडा जैप 1 स्तिथ गुम्बा से शुक्रवार को भगवान बुद्ध जयंती के शुभ अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाला गया। इस मौके पर गोर्खा स्पोर्ट्स एकेडमी के अध्यक्ष व समाजसेवी रितेश कुमार थापा ने गोरखा चौक मे शिविर लगा कर शोभायात्रा मे शामिल श्रद्धालुओं का स्वागत किया साथ ही श्रद्धालुओं को ठंडा पानी और कोल्डड्रिंक्स उपलब्ध कराया गया। मौके पर गोरखा स्पोर्ट्स एकेडमी के अध्यक्ष रितेश कुमार थापा ने बताया की एकेडमी लगातार ऐसे सामाजिक कार्यों मे बड़ चढ़ कर हिस्सा लेता आ रहा है साथ ही साथ गोरखा समाज के युवाओं के उन्नति के लिए लगातार प्रयासरत है। एकेडमी द्वारा आस पास के जरूरतमंद लोगों की भी लगातार मदद पहुंचाए जाता है।इस आयोजन को सफल बनाने में एकेडमी के महासचिव उज्वल थापा, उपाध्यक्ष प्रकाश प्रधान, राहुल थापा, राकेश ठकुरी, मन कुमार तामंग, पीयूष, बिशप, पवन, अरविंद क्षेत्री आदि ने अपना भरपूर योगदान दिया।

### महोत्सव के दूसरे दिन राज्यपाल, करिया मुंडा, बाबूलाल मरांडी होंगे शामिल

# 'जे नाची से बाची' को चरितार्थ कर रहे हैं सांसद




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सांसद सांस्कृतिक महोत्सव का शुक्रवार को भव्य शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह में झारखंड सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो, पदमश्री मुकुंद नायक, मधु मंसूरी, विधायक सीपी सिंह, नवीन जयसवाल, समरी लाल प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इस संस्कृति महोत्सव का उद्घाटन दीप प्रज्वलन के साथ संपन्न हुआ महोत्सव के उद्घाटन सत्र में सांसद संजय सेठ ने कहा झारखंड की कला और संस्कृति को देश के पटल पर दिखाने का एक प्रयास है। झारखंड में कला के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। प्रधानमंत्री के चिंतन को आगे बढ़ाते हुए इस सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया गया है। सांसद सेठ ने कहा जो समाज अपनी संस्कृति अपने विचार को छोड़ दिया वह देश कभी आगे नहीं बढ़ सकता है, परंतु झारखंड ने अपनी संस्कृति नहीं छोड़ी। रांची लोकसभा क्षेत्र स्तरीय महोत्सव में रांची, हटिया, सिल्ली, खिजरी, ईचागढ़ और कांके विधानसभा क्षेत्र से 2683 प्रतिभागी ने भाग लिया यह सांस्कृतिक कार्यक्रम चार स्थानों पर आयोजित की गई, जिसमें आर्यभट्ट ऑडिटोरियम, रांची यूनिवर्सिटी मोराबादी, ऑड्रे हाउस, सूचना भवन कांके रोड, मयूरी ऑडिटोरियम सीएमपीडीआई कांके रोड, श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम मोराबादी, संस्कृति महोत्सव सुबह 9:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक कार्यक्रम आयोजित की गई। सांसद श्री सेठ ने बताया कि सांस्कृतिक महोत्सव में 10 विधाओं की प्रतियोगिता हुई जिसमें नवोदित कलाकार अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। प्रधानमंत्री का चिंतन और उनके विशेष आग्रह पर युवा रंगमंच के द्वारा 'धरती करे पुकार मुझे बचाओ' का नाट्य मंचन किया गया। आज के समय धरती मां करहा रही है। केमिकल युक्त खाद एवं केमिकल का उपयोग कर खेत की मिट्टी जहरीली होती जा रही है। प्रदूषण फैल रहे हैं, इससे बचाने के लिए जैविक खेती को बढ़ावा देना एवं इसे जन जागरण के रूप में कैसे लोगों को जागरूक किया जा सके। इसी को लेकर नाटक का विशेष रूप से मंचन किया गया।

इस अवसर पर झारखंड सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री सुदेश महतो ने कहा कला संस्कृति भाषा किस राज्य की पहचान है। अपनी भाषा संस्कृति को बचाने के लिए इस तरह के आयोजन आवश्यक हैं। झारखंड की संस्कृति को बचाने का लक्ष्य हम सभी लोगों का दायित्व है। इस राज्य का चेहरा यहां की संस्कृति है। मैं धन्यवाद देना चाहता हूं रांची के सांसद संजय सेठ को जिन्होंने स्वर्गीय राम दयाल मुंडा जिन्होंने कहा था कि जे नाची से बाची की संस्कृति को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। महोत्सव में महिला इस महोत्सव में महिला सशक्तिकरण, वसुधैव कुटुंबकम, तकनीकी नवाचार, प्राकृतिक खेती से जुड़े थीम पर भी प्रस्तुति दी गई ।

## गोल्ड मेडल से सम्मानित मेघा को दी बधाई व शुभकामनाएं




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू की सुपुत्री मेघा कुमारी को महामहिम राज्यपाल जी ने गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया। राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन झारखंड के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष हरिनाथ साहू ने कहा कि उषा मार्टिन युनिवर्सिटी रांची से मेघा कुमारी ने एमबीए की पढ़ाई में प्रथम स्थान प्राप्त करके समाज का नाम रोशन किया है। गोल्ड मेडल प्राप्त मेघा कुमारी से समाज की अन्य बेटियों को प्रेरणा मिलेगा और उच्च शिक्षा की ओर मुखातिब होंगी। उक्त मौके पर सामाजिक नेताओं ने मेघा कुमारी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। बधाई एवं शुभकामना देने वालों में मुख्य रूप से संजय साहू , डॉ दानेश्वर साहू, अजित साहू, पंकज साहू, बेनी साहू, मुरारी साहू, गणेश साहू, कुंज बिहारी साहू, कपिल साहू, रामबिलास साहू आदि शामिल रहें।

### एक्सआईएसएस का 62वां दीक्षांत समारोह आज

## छात्रों को किया जायेगा सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस), रांची, का 62वां दीक्षांत समारोह शनिवार शाम 4 बजे से कैंपस में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें बैच 2021-2023 के 253 स्नातक छात्रपीजीडीएम प्रमाणपत्र प्राप्त करेंगे। मनीष शर्मा, चेयरमैन, पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंसइंडिया एंड साउथ एशिया इस अवसर के मुख्य अतिथि हैं। ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट के 69 छात्र, रूरल मैनेजमेंट के 65 छात्र, फाइनेंशियल मैनेजमेंट के 59 छात्र और मार्केटिंग मैनेजमेंट 60 छात्र इस कार्यक्रम में प्रमाणपत्र प्राप्त करेंगे। ये सभी छात्र अब देश की कई कंपनियों में अपनी सेवा देने के लिए तैयार हैं। समारोह के दौरान 11 स्वर्ण पदक, 7 रजत पदक और 4 कांस्य पदक के साथ 5 छात्रों को 1,67,000 रुपये की नकद छात्रवृत्ति भी वितरित की जाएगी। 24 छात्रों के बीच 7.2 लाख रूपए के संस्थागत स्कॉलरशिप भी प्रदान की जायेंगे। इनमें फादर माइकल वैन डेन बोगार्ट एसजे मेमोरियल स्कॉलरशिप एससी/ एसटी वर्ग के मेधावी छात्रों के लिए, फादर माइकल अल्बर्ट विंडी एसजे मेमोरियल स्कॉलरशिप मेधावी छात्रों के लिए और फादर लुइस फ्रेंकेन एसजे मेमोरियल स्कॉलरशिप सभी श्रेणियों के छात्रों के समग्र प्रदर्शन के लिए शामिल है। इस वर्ष का फादर माइकल वैन डेन बोगार्ट एसजे मेमोरियल अवार्ड प्रतिष्ठित एलुमनाई अवार्ड, सौम्य मुखर्जी, डायरेक्टर, एशिया पैसिफिक लीडर, ग्लोबल ट्रान्सफर प्राइसिंग सेंटर, डेलोइटहैस्किन्स एण्ड सेल्स एलएलपी, फाइनेंशियल मैनेजमेंट प्रोग्राम के 2005-07 बैच को दिया जायेगा।

**नियम** | **ट्रैफिक नियमों का पालन करने में ढिलाई बरत रहे रांचीवासी**

# छह माह में काटे गये 20683 चालान




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राजधानी रांची के कुछ लोग ट्रैफिक नियम का पालन करने को लेकर लापरवाह हैं। इसका अंदाजा एक नवंबर, 2022 से 30 अप्रैल तक पिछले छह माह में कट चुके 20 हजार 683 ट्रैफिक चालान से लगाया जा सकता है। इस वजह से आए दिन लोग हादसे का शिकार हो रहे हैं। हालांकि, ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने पर पकड़े जाने पर कुछ युवा और युवतियों का कहना था कि हेयरस्टाइल खराब होने के डर से वह हेलमेट नहीं पहनते हैं।

इस दौरान 3599 लोगों को बाइक पर ट्रिपल राइडिंग के लिए जुमार्ना लगा है। बिना हेलमेट के 1330, कार में बिना सेफ्टी बेल्ट लगाए 1788, कार में काला शीशा लगाने में 231, प्रेशर हॉर्न 282 और रेड लाइट जंप के 13453 लोगों ने उल्लंघन किया है। सभी लोगों से अलग-अलग एमवी एक्ट की धाराओं में जुमार्ना वसूला गया है। आंकड़ों को गौर करे तो सबसे ज्यादा लोगों ने 13453 रेड लाइट जंप किया है।

ट्रैफिक एसपी हारिश बिन जमां ने बताया कि राजधानी में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन के खिलाफ लगातार फाइन काटा जा रहा है। राजधानी रांची में ट्रैफिक पुलिस लगातार जाम से निजात दिलाने के लिए अभियान चला रही है। साथ ही लोगों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए लगातार जागरूक भी कर रही है। इसके बावजूद राजधानी के लोग ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं।

### फोन पर बात करने से मना किया तो किशोरी ने लगाई फांसी

**गुमला।** मोबाइल पर बातचीत करने से मना किये जाने पर नाराज एक किशोरी (15 ) ने फांसी लगाकर की आत्महत्या कर ली। घटना कामडारा थाना क्षेत्रांतर्गत कुरमूल गांव की है। बताया जाता है कि कुरमूल गांव निवासी विजय तोपनो की पुत्री सपना तोपनो गुरुवार रात घर के अंदर मोबाइल पर बातचीत कर रही थी। उसे देख घर मे परिजनों ने उसे मोबाइल रखने और पढ़ने के लिये कहा तो वह किशोरी उठकर बाहर आई और घर के अंदर मौजूद सभी सदस्यों को बाहर से दरवाजा का कुंडी लगाकर भाग गई। इसके बाद रात में ही गांव के बाहर एक कटहल पेड़.मे चढ़कर दुपट्टा के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी शुक्रवार सुबह परिजनों को हुई। इसके बाद कामडारा पुलिस को इसकी सूचना दी गई। वहीं पुलिस ने घटनास्थल पर जाकर शव को पेड़ से उतारने के उपरांत शव को पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। सपना संत अलोईस हाई स्कूल टुरूण्डू में पढ़ाई करती थी और वह हाल के दिनों में ही नौंवी बोर्ड की परीक्षा लिखी थी।


## कार्यालय, दक्षिणी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार,रांची

**|| आम सूचना ||**

पत्रांक.............................. रॉंची / दिनांक–..................................

एतद् द्वारा सभी व्यवसायिक वाहन स्वामियों को सूचित करना है कि आपके द्वारा अपने परमिट के समाप्ति के उपरान्त अभी तक नवीकरण नहीं कराया गया है कि सूची निम्नवत है–

**नेशनल परमिट की सूची:–**

| S. No. | VEHICLE NO. | VALIDITY PERIOD | S. No. | VEHICLE NO. | VALIDITY PERIOD |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | JH01BH8408 | 21-Sep-2016 to 20-Sep-2017 | 101 | JH01AG0712 | 24-Sep-2021 to 15-Aug-2022 |
| 2 | JH01AY7811 | 30-Jun-2019 to 29-Jun-2020 | 102 | JH01CM0712 | 16-Aug-2021 to 15-Aug-2022 |
| 3 | JH01BQ2531 | 19-Jul-2019 to 18-Jul-2020 | 103 | JH01CJ0712 | 16-Aug-2021 to 15-Aug-2022 |
| 4 | JH01CD6210 | 11-Dec-2019 to 10-Dec-2020 | 104 | JH01BF9315 | 23-Aug-2021 to 22-Aug-2022 |
| 5 | JH01AX1811 | 31-Jan-2020 to 30-Jan-2021 | 105 | JH01AQ4043 | 27-Aug-2021 to 26-Aug-2022 |
| 6 | MH06BD7997 | 08-Feb-2020 to 07-Feb-2021 | 106 | JH08H3628 | 31-Aug-2021 to 30-Aug-2022 |
| 7 | JH01AK2220 | 31-Mar-2020 to 30-Mar-2021 | 107 | JH01CZ0318 | 01-Sep-2021 to 31-Aug-2022 |
| 8 | JH01AE9975 | 01-Apr-2020 to 31-Mar-2021 | 108 | JH01DB9782 | 08-Sep-2021 to 07-Sep-2022 |
| 9 | JH20A2879 | 06-Apr-2020 to 05-Apr-2021 | 109 | JH01CZ9959 | 08-Sep-2021 to 07-Sep-2022 |
| 10 | JH01CX9885 | 03-May-2020 to 02-May-2021 | 110 | JH01BA1576 | 12-Sep-2021 to 11-Sep-2022 |
| 11 | JH01DC6950 | 03-May-2020 to 02-May-2021 | 111 | JH01DG5181 | 14-Sep-2021 to 13-Sep-2022 |
| 12 | HP654765 | 26-Dec-2020 to 25-May-2021 | 112 | JH01BE5219 | 14-Sep-2021 to 13-Sep-2022 |
| 13 | JH01DL8473 | 01-Jun-2020 to 31-May-2021 | 113 | JH01EK0912 | 15-Sep-2021 to 14-Sep-2022 |
| 14 | JH01AM0712 | 21-Jun-2020 to 20-Jun-2021 | 114 | WB23B3695 | 15-Sep-2021 to 14-Sep-2022 |
| 15 | JH01AK9500 | 06-Jul-2020 to 05-Jul-2021 | 115 | WB23B3696 | 15-Sep-2021 to 14-Sep-2022 |
| 16 | JH01AA5501 | 16-Aug-2020 to 15-Jul-2021 | 116 | JH01BR0912 | 20-Sep-2021 to 19-Sep-2022 |
| 17 | JH01AE3749 | 10-Aug-2020 to 09-Aug-2021 | 117 | JH01DP1373 | 20-Sep-2021 to 19-Sep-2022 |
| 18 | JH01AB0712 | 04-Oct-2020 to 27-Aug-2021 | 118 | JH01BB6540 | 24-Sep-2021 to 23-Sep-2022 |
| 19 | JH08G4741 | 05-Sep-2020 to 04-Sep-2021 | 119 | JH01BY3493 | 01-Oct-2021 to 30-Sep-2022 |
| 20 | JH01DH4001 | 24-Sep-2020 to 23-Sep-2021 | 120 | JH01BY2016 | 01-Oct-2021 to 30-Sep-2022 |
| 21 | JH01AN1119 | 11-Oct-2020 to 10-Oct-2021 | 121 | JH01AH3410 | 02-Oct-2021 to 01-Oct-2022 |
| 22 | JH01BE2272 | 14-Oct-2020 to 13-Oct-2021 | 122 | JH01AB4034 | 03-Oct-2021 to 02-Oct-2022 |
| 23 | JH01DJ4915 | 17-Oct-2020 to 16-Oct-2021 | 123 | JH01CA6558 | 04-Oct-2021 to 03-Oct-2022 |
| 24 | JH01AR0790 | 18-Oct-2020 to 17-Oct-2021 | 124 | JH01EK8018 | 11-Oct-2021 to 10-Oct-2022 |
| 25 | JH01AQ1065 | 22-Oct-2020 to 21-Oct-2021 | 125 | JH01EK6845 | 11-Oct-2021 to 10-Oct-2022 |
| 26 | JH01DZ7328 | 30-Oct-2020 to 29-Oct-2021 | 126 | JH01CS5490 | 21-Oct-2021 to 20-Oct-2022 |
| 27 | JH01BT3529 | 31-Oct-2020 to 30-Oct-2021 | 127 | JH01EK7504 | 21-Oct-2021 to 20-Oct-2022 |
| 28 | JH01AY5121 | 31-Oct-2020 to 30-Oct-2021 | 128 | JH01DD9586 | 22-Oct-2021 to 21-Oct-2022 |
| 29 | JH01BK4966 | 09-Nov-2020 to 08-Nov-2021 | 129 | JH01DD7758 | 22-Oct-2021 to 21-Oct-2022 |
| 30 | JH01DW5007 | 13-Nov-2020 to 12-Nov-2021 | 130 | JH01DD1857 | 22-Oct-2021 to 21-Oct-2022 |
| 31 | JH01DW8803 | 18-Nov-2020 to 17-Nov-2021 | 131 | JH01DD2169 | 22-Oct-2021 to 21-Oct-2022 |
| 32 | JH01BS2490 | 01-Dec-2020 to 30-Nov-2021 | 132 | JH01DD4594 | 22-Oct-2021 to 21-Oct-2022 |
| 33 | JH01AP5781 | 01-Dec-2020 to 30-Nov-2021 | 133 | JH08H9188 | 28-Oct-2021 to 27-Oct-2022 |
| 34 | JH01DE5106 | 01-Dec-2020 to 30-Nov-2021 | 134 | JH07E2553 | 30-Oct-2021 to 29-Oct-2022 |
| 35 | JH01CR3986 | 01-Dec-2020 to 30-Nov-2021 | 135 | JH01AP1303 | 31-Oct-2021 to 30-Oct-2022 |
| 36 | JH01BG4540 | 12-Dec-2020 to 11-Dec-2021 | 136 | JH01AP1381 | 31-Oct-2021 to 30-Oct-2022 |
| 37 | JH01BG5206 | 15-Dec-2020 to 14-Dec-2021 | 137 | JH01AH6261 | 26-Nov-2021 to 31-Oct-2022 |
| 38 | JH01AF4032 | 19-Dec-2020 to 18-Dec-2021 | 138 | JH07D2362 | 11-Nov-2021 to 10-Nov-2022 |
| 39 | JH01R0711 | 28-Jan-2021 to 18-Dec-2021 | 139 | JH01CJ7499 | 26-Nov-2021 to 25-Nov-2022 |
| 40 | JH01BC9605 | 23-Dec-2020 to 22-Dec-2021 | 140 | JH01CG3340 | 26-Nov-2021 to 25-Nov-2022 |
| 41 | JH01AW3011 | 31-Dec-2020 to 30-Dec-2021 | 141 | JH01CJ4358 | 26-Nov-2021 to 25-Nov-2022 |
| 42 | JH01AD0301 | 12-Sep-2021 to 07-Jan-2022 | 142 | JH01CK4981 | 29-Nov-2021 to 28-Nov-2022 |
| 43 | JH01CR1538 | 11-Jan-2021 to 10-Jan-2022 | 143 | JH01AP3511 | 01-Dec-2021 to 30-Nov-2022 |
| 44 | JH01CP9431 | 11-Jan-2021 to 10-Jan-2022 | 144 | JH01DB0438 | 01-Dec-2021 to 30-Nov-2022 |
| 45 | JH01AD0915 | 20-Aug-2021 to 11-Jan-2022 | 145 | JH01BH2804 | 05-Dec-2021 to 04-Dec-2022 |
| 46 | JH07H9289 | 13-Jan-2021 to 12-Jan-2022 | 146 | JH01BT4709 | 05-Dec-2021 to 04-Dec-2022 |
| 47 | JH01AD1215 | 01-Feb-2021 to 14-Jan-2022 | 147 | JH01DD3897 | 05-Dec-2021 to 04-Dec-2022 |
| 48 | JH01DG7888 | 24-Jan-2021 to 23-Jan-2022 | 148 | JH01EN3931 | 07-Dec-2021 to 06-Dec-2022 |
| 49 | JH01AT7121 | 28-Jan-2021 to 27-Jan-2022 | 149 | JH01EN1492 | 07-Dec-2021 to 06-Dec-2022 |
| 50 | JH01AE5052 | 29-Jan-2021 to 28-Jan-2022 | 150 | JH01EN8884 | 07-Dec-2021 to 06-Dec-2022 |
| 51 | JH07C8800 | 31-Jan-2021 to 30-Jan-2022 | 151 | JH01EN8891 | 07-Dec-2021 to 06-Dec-2022 |
| 52 | JH01BZ9940 | 05-Feb-2021 to 04-Feb-2022 | 152 | JH01EN1488 | 07-Dec-2021 to 06-Dec-2022 |
| 53 | JH01AV9780 | 06-Feb-2021 to 05-Feb-2022 | 153 | JH01EN8296 | 09-Dec-2021 to 08-Dec-2022 |
| 54 | JH01DD8020 | 08-Feb-2021 to 07-Feb-2022 | 154 | JH07D6323 | 09-Dec-2021 to 08-Dec-2022 |
| 55 | JH01ED4678 | 10-Feb-2021 to 09-Feb-2022 | 155 | JH01EN9931 | 09-Dec-2021 to 08-Dec-2022 |
| 56 | JH01AD6392 | 05-Aug-2021 to 12-Feb-2022 | 156 | JH01EM6684 | 09-Dec-2021 to 08-Dec-2022 |
| 57 | JH01BZ0611 | 15-Feb-2021 to 14-Feb-2022 | 157 | JH01AV4301 | 11-Dec-2021 to 10-Dec-2022 |
| 58 | JH01EE1258 | 18-Feb-2021 to 17-Feb-2022 | 158 | JH01DM4143 | 12-Dec-2021 to 11-Dec-2022 |
| 59 | JH01BC9441 | 22-Feb-2021 to 21-Feb-2022 | 159 | JH01AW2963 | 17-Dec-2021 to 16-Dec-2022 |
| 60 | JH01V0648 | 22-Feb-2021 to 21-Feb-2022 | 160 | JH01AP6812 | 18-Dec-2021 to 17-Dec-2022 |
| 61 | JH01DF9733 | 22-Feb-2021 to 21-Feb-2022 | 161 | JH01AV6420 | 21-Dec-2021 to 20-Dec-2022 |
| 62 | JH07D7491 | 04-Mar-2021 to 03-Mar-2022 | 162 | JH01CJ9327 | 22-Dec-2021 to 21-Dec-2022 |
| 63 | JH01AU8972 | 04-Mar-2021 to 03-Mar-2022 | 163 | JH01AZ0588 | 23-Dec-2021 to 22-Dec-2022 |
| 64 | JH01AD9265 | 25-Jun-2021 to 04-Mar-2022 | 164 | JH08H0187 | 24-Dec-2021 to 23-Dec-2022 |
| 65 | JH01BX9478 | 06-Mar-2021 to 05-Mar-2022 | 165 | JH01EA2599 | 25-Dec-2021 to 24-Dec-2022 |
| 66 | JH01DF0113 | 23-Mar-2021 to 22-Mar-2022 | 166 | JH01AT4701 | 31-Dec-2021 to 30-Dec-2022 |
| 67 | JH01DC0973 | 28-Mar-2021 to 27-Mar-2022 | 167 | JH20E1330 | 04-Jun-2022 to 01-Jan-2023 |
| 68 | JH01AR7541 | 03-Apr-2021 to 02-Apr-2022 | 168 | JH01CY8475 | 05-Jan-2022 to 04-Jan-2023 |
| 69 | JH01AR7540 | 03-Apr-2021 to 02-Apr-2022 | 169 | JH01AB6272 | 05-Jan-2022 to 04-Jan-2023 |
| 70 | JH01BF7018 | 11-Apr-2021 to 10-Apr-2022 | 170 | JH01CT1467 | 11-Jan-2022 to 10-Jan-2023 |
| 71 | JH01DB6257 | 17-Apr-2021 to 16-Apr-2022 | 171 | JH01CN7873 | 11-Jan-2022 to 10-Jan-2023 |
| 72 | JH01CJ8176 | 26-Apr-2021 to 25-Apr-2022 | 172 | JH20C2442 | 16-Jan-2022 to 15-Jan-2023 |
| 73 | JH01CV7558 | 27-Apr-2021 to 26-Apr-2022 | 173 | JH01BN9846 | 16-Jan-2022 to 15-Jan-2023 |
| 74 | JH01CZ0868 | 27-Apr-2021 to 26-Apr-2022 | 174 | JH01EN1740 | 17-Jan-2022 to 16-Jan-2023 |
| 75 | JH01CJ8187 | 01-May-2021 to 30-Apr-2022 | 175 | JH01BV3916 | 21-Jan-2022 to 20-Jan-2023 |
| 76 | JH01BZ0971 | 08-May-2021 to 07-May-2022 | 176 | JH01EB3108 | 21-Jan-2022 to 20-Jan-2023 |
| 77 | JH01S3911 | 09-May-2021 to 08-May-2022 | 177 | JH01EN8301 | 25-Jan-2022 to 24-Jan-2023 |
| 78 | JH01S4071 | 10-May-2021 to 09-May-2022 | 178 | JH01CX8408 | 25-Jan-2022 to 24-Jan-2023 |
| 79 | JH01CH3021 | 21-May-2021 to 20-May-2022 | 179 | JH01CE0215 | 26-Jan-2022 to 25-Jan-2023 |
| 80 | WB23B2711 | 22-May-2021 to 21-May-2022 | 180 | JH01EP3491 | 28-Jan-2022 to 27-Jan-2023 |
| 81 | JH01DG0601 | 23-May-2021 to 22-May-2022 | 181 | JH01BX6226 | 02-Feb-2022 to 01-Feb-2023 |
| 82 | JH01DL2732 | 25-May-2021 to 24-May-2022 | 182 | JH01CU1820 | 02-Feb-2022 to 01-Feb-2023 |
| 83 | JH01CJ3552 | 26-May-2021 to 25-May-2022 | 183 | JH01EN1150 | 03-Feb-2022 to 02-Feb-2023 |
| 84 | JH01AF0161 | 29-Jun-2021 to 31-May-2022 | 184 | JH01EN9228 | 03-Feb-2022 to 02-Feb-2023 |
| 85 | JH01BF3608 | 16-Jun-2021 to 15-Jun-2022 | 185 | JH01AU9924 | 05-Feb-2022 to 04-Feb-2023 |
| 86 | JH01BZ0586 | 16-Jun-2021 to 15-Jun-2022 | 186 | JH01BW8963 | 07-Feb-2022 to 06-Feb-2023 |
| 87 | JH01AF4027 | 05-Sep-2021 to 16-Jun-2022 | 187 | JH01AD5473 | 09-Feb-2022 to 08-Feb-2023 |
| 88 | JH01DH2715 | 18-Jun-2021 to 17-Jun-2022 | 188 | JH01BM0532 | 11-Feb-2022 to 10-Feb-2023 |
| 89 | JH01BQ5892 | 25-Jun-2021 to 24-Jun-2022 | 189 | JH01AF7533 | 11-Feb-2022 to 10-Feb-2023 |
| 90 | JH01DM8994 | 28-Jun-2021 to 27-Jun-2022 | 190 | JH01EM1165 | 15-Feb-2022 to 14-Feb-2023 |
| 91 | JH01DM2475 | 28-Jun-2021 to 27-Jun-2022 | 191 | JH01CU7017 | 16-Feb-2022 to 15-Feb-2023 |
| 92 | JH01DM5035 | 28-Jun-2021 to 27-Jun-2022 | 192 | JH01AY0422 | 18-Feb-2022 to 17-Feb-2023 |
| 93 | JH01DJ9726 | 29-Jun-2021 to 28-Jun-2022 | 193 | JH01CW4540 | 18-Feb-2022 to 17-Feb-2023 |
| 94 | JH01AL6210 | 01-Jul-2021 to 30-Jun-2022 | 194 | JH01CW6658 | 18-Feb-2022 to 17-Feb-2023 |
| 95 | JH01EG9646 | 14-Jul-2021 to 13-Jul-2022 | 195 | JH01EP3890 | 18-Feb-2022 to 17-Feb-2023 |
| 96 | JH01CL7974 | 16-Jul-2021 to 15-Jul-2022 | 196 | JH01ED0716 | 19-Feb-2022 to 18-Feb-2023 |
| 97 | JH01CZ4308 | 19-Jul-2021 to 18-Jul-2022 | 197 | JH01EF4488 | 21-Feb-2022 to 20-Feb-2023 |
| 98 | JH01DX5747 | 23-Jul-2021 to 22-Jul-2022 | 198 | JH01CK0712 | 23-Feb-2022 to 22-Feb-2023 |
| 99 | JH08H9053 | 04-Aug-2021 to 03-Aug-2022 | 199 | JH01CU5385 | 25-Feb-2022 to 24-Feb-2023 |
| 100 | JH01AF8503 | 12-Dec-2021 to 08-Aug-2022 | 200 | JH01CW2063 | 25-Feb-2022 to 24-Feb-2023 |

अतः उपरोक्त सभी वाहन स्वामियों को अपने वाहनों का परमिट अवधि समाप्ति के उपरांत परिचालित कर रहे है, वो अपना परमिट का नवीकरण सूचना प्रकाशन की तिथि से सात दिनों के अंदर करा लेंगे। अन्यथा बिना परमिट वाहन परिचालित होते हुए पाए जाने पर उनके विरूद्ध मोटनवाहन अधिनियम के सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

PR 296573 (Transport)23-24*D — उप परिवहन आयुक्त–सह–सचिव,द0छो0प्रा0परि0प्राधिकार,रांची

### झारखंड में न्यूरोलॉजी के इलाज की बेहतरीन सुविधा जल्द

# रांची के कांके में 500 बेड का अस्पताल बनेगा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** झारखंड के लोगों को अब न्यूरोलॉजी की गंभीर बीमारियों का इलाज और सर्जरी करवाने के लिए बेंगलुरु नहीं जाना पड़ेगा। लोग रांची के कांके में ही इलाज और सर्जरी करवा पाएंगे। कांके में 500 करोड़ रुपये की लागत से 500 बेड का अस्पताल बनेगा। यहां साइकियैट्री के साथ-साथ न्यूरोलॉजी की भी व्यवस्था रहेगी। केंद्रीय मनश्चिकित्सा संस्थान (सीआईपी) रांची के निदेशक प्रो. (डॉ.) बासुदेव दास ने यह जानकारी दी। प्रो. दास का कहना है कि मानसिक रोगों को लेकर लोगों में स्टिग्मा बहुत ज्यादा होता है। इसलिए वह इसे छिपाने की कोशिश करते हैं। इलाज भी नहीं कराना चाहते। प्रस्तावित अस्पताल को बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान संस्थान ( एनआईएमएचएएनएस ) की तर्ज पर झारखंड के मेंटल हेल्थ को न्यूरोसाइंसेज से जोड़ने का प्रयास चल रहा है। अगर अस्पताल को न्यूरोसाइंसेज जा दर्जा मिल जाएगा, तो उसकी




स्वीकार्यता भी बढ़ेगी और ज्यादा से ज्यादा लोग यहां इलाज कराने आएंगे। प्रो. दास के मुताबिक रांची के सीआईपी कैंपस में 500 बेड का नया अस्पताल प्रस्तावित है। इस पर 500 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इस अस्पताल में ऑपरेशन थियेटर, वार्ड, ओपीडी की व्यवस्था रहेगी। उन्होंने कहा -मेरा ख्याल है कि नए अस्पताल में सीआईपी की तरह ही लोगों का कम पैसे में ही इलाज किया जाएगा। हमारी यही कोशिश होगी कि कम से कम पैसे में लोगों को बेहतरीन चिकित्सा सुविधा मिल सके। मगर यह राज्य सरकार पर निर्भर होगा कि वह अस्पताल को कैसे चलाना चाहती है।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में एक गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** नामकुम थाना पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। उल्लेखनीय है कि बीते गुरुवार को नाबालिग ने नामकुम थाना में सूर्यकांत मुंडा उर्फ सूरजु मुण्डा, रवि मुंडा उर्फ बोडा मुंड़ा, प्रदीप मुंड़ा उर्फ पुंडी पाहन एवं एक अन्य युवक पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार 27 अप्रैल की शाम नाबालिग गांव के दुकान गई थी। इसी दौरान घात लगाए चार आरोपितों ने नाबालिग को कब्जे में लेकर जान से मारने की धमकी दी और एक घर में ले गए , जहां चारों ने दुष्कर्म किया। सुबह चारो शौच के लिए निकले तो किसी तरह भागकर अपने मामा के घर चली गई। जब चार मई को मामा के घर से अपने घर लौटी और परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजनों के साथ थाना पहुंची और लिखित आवेदन दिया।

## कैम्ब्रियन स्कूल में छात्राओं को आत्मरक्षा का दिया गया प्रशिक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** कैम्ब्रियन पब्लिक स्कूल, काठीटांड़, रातू में छात्राओं को वर्तमान परिस्थितियों के बीच उनमें आत्मबल जगाने के लिए प्रशिक्षक सिहान शहजाद कुरेशी के द्वारा आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक श्री कुरैशी ने कहा कि आजकल छात्राओं को अपनी रक्षा करना बहुत ही जरूरी है। वर्तमान सयम पर अकेली छात्राओं को जाना बहुत ही मुश्किल हो गया है। अगर वह आत्मरक्षा का प्रशिक्षण में पूरी तरह मजबूत हैं तो वह अपनी रक्षा कर सकती हैं। यह प्रशिक्षण बालिकाओं के लिए बहुत लाभदायक रहा। प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्राएं अत्यन्त प्रसन्न हैं और आत्मरक्षा के क्षेत्र में उनका मनोबल बहुत ऊंचा हो गया है। प्राचार्य जेराल्ड पेंट्रिक पी. ने छात्राओं के बुलंद हौंसले से काफी प्रभावित होकर शुभकामनाएं दिया और कहा कि अब हमारी छात्राएं भयमुक्त होकर कहीं भी आ जा सकती है एवं अपनी रक्षा स्वयं करने में समर्थ हैं। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर परमा सिंह, उपप्रधानाचार्या रिहा शर्मा, शिक्षिका वीणा पाण्डेय, रूचि रानी, शिक्षक दिनेश यादव, बिपिन कुमार, प्रकाश प्रवार, बिनोद सिंह सहित विद्यालय परिवार ने प्रसन्नता व्यक्त किया और छात्राओं को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# गांवों का विकास पहली प्राथमिकता

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन शुक्रवार को नक्सल प्रभावित पीरटांड़ प्रखंड का दौरा किया और विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। वे जैनियों के तीर्थराज मधुबन स्थित तमिलनाडु भवन फीनचे और यहां पर आयोजित लघु पंचकल्याणक महोत्सव में शामिल हुए। इसके बाद उन्होंने सिंघपुर पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हिस्सा लिया। इस दौरान पारंपरिक लोक नृत्य के साथ उनका स्वागत किया गया। राज्यपाल ने सिंहपुर में आंगनबाड़ी के केंद्र और स्कूल में बच्चों के बीच टॉफी बांटी। काफी देर तक बच्चों के साथ समय बिताया। इस दौरान राज्यपाल ने ग्रामीणों की समस्याओं को भी सुना और समस्याओं के समाधान कराने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने सबसे पहले भारत माता को नमन किया। उन्होंने कहा कि भले ही हमारे पंथ और भाषा अलग हों लेकिन हम सब भारतीय हैं और हम सब एक हैं। राज्यपाल



ने कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता गांवों का विकास कराना है। इसके लिए भागीदारी व एकजुटता जरूरी है। अगर हम भी एकजुट रहेंगे तो विकास निश्चित होगा। इस दौरान पंचायत प्रतिनिधियों ने स्कूल की चहारदीवारी के निर्माण की बात कही। इस पर राज्यपाल ने तुरंत डीसी नमन प्रियेश लकड़ा को बिल पास कर चहारदीवारी कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी बच्चे को परेशानी होती है तो तुरंत एसपी-डीसी को सूचना दें। वैसे लोगों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार के द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं लेकिन ग्रामीण क्षेत्र के कई लोगों को इसकी जानकारी नहीं रहती है। इस कारण बड़ी संख्या में लोग सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते है। इस बीच कई लोगों ने कहा कि सिंहपुर पंचायत में पानी की समस्या भी है लेकिन इसपर किसी का ध्यान नहीं जाता है। इसपर राज्यपाल ने कहा कि सिंहपुर गावं में घर - घर तक पानी पहुंचेगा। यदि इस गांव के विकास के लिए फंड नहीं है तो तुरंत फंड दिया जाएगा। सिंहपुर पूरे राज्य में मॉडल के रूप में विकसित होगा। इसके बाद राज्यपाल पीरटांड स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पहुंचे। यहां बच्चियों ने उनका स्वागत किया। राज्यपाल ने बच्चियों से बातचीत की और उनका हाल जाना।

### सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से सतर्क रहें छात्राएं : नम्रता चड्ढा

**रांची।** केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड में राष्ट्रीय महिला आयोग की ओर से दक्षता संवर्धन एवं व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में स्नातक एवं स्नातकोत्तर की छात्राएं शामिल हुईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो। क्षिति भूषण दास ने कहा कि देश की उन्नति के लिए दक्षता सबसे महत्वपूर्ण है। दक्षता बढ़ गई तो महिला सशक्तिकरण स्वतः हो जाएगा। इसलिए आत्मनिर्भर भारत के लिए महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए। इस तरह के दक्षता संवर्धन कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना चाहिए। इसके लिए केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि समाज सेविका डॉ। नम्रता चड्ढा ने विभिन्न सामाजिक संदर्भों में महिलाओं की स्थिति पर चर्चा करते हुए छात्राओं को सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से सतर्क रहने की सलाह दी। श्रीमती चड्ढा ने कहा कि महिलाओं को पुरुषों की बराबरी करने की होड़ न करके अपनी विविधता के अनुरूप कार्य करना चाहिए।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में बुद्ध पूर्णिमा पर समारोह आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** सरला बिरला पब्लिक स्कूल रांची के छात्रों ने बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर एक विशेष सभा आयोजित कर गौतम बुद्ध के सिद्धांतों और नैतिकता को फिर से जीवंत किया। सभा संस्कृत में आयोजित की गई, जहां छात्रों ने बुद्ध के जीवन एवं शिक्षा से संबंधित घटनाओं का अभिनय और पाली भाषा में प्रार्थना की। छात्रों ने गौतम बुद्ध द्वारा बताए गए अष्टांग योग के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया और दैनिक जीवन में इसे पालन करने की शपथ ली। उन्होंने गौतम बुद्ध के जीवन और उपदेशों पर वृत्त चित्र भी देखे। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के प्रयासों की सराहना की। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने आयोजन की अनूठी अवधारणा के लिए छात्रों की प्रशंसा की। उन्होंने सादा जीवन और उच्च विचार के महत्व पर जोर दिया।

### अल्ट्रासाउंड करने वाले चिकित्सकों की कमी होगी दूर

**रांची।** झारखंड में अल्ट्रासाउंड करने वाले चिकित्सकों की कमी को दूर करने के कवायद में स्वास्थ विभाग जुट गया है। इसी कड़ी में गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम अंतर्गत छह माही प्रशिक्षण की शुरूआत को लेकर पीसी एंड पीएनडीटी के राज्य समुचित प्राधिकार डॉ भुवनेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में झारखंड के अधिसूचित मेडिकल कॉलेज में गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम पर छह माही प्रशिक्षण को शुरू करने पर चर्चा की गई। साथ ही जल्द से जल्द राज्य में प्रशिक्षण प्रारम्भ करने का निर्णय लिया गया। वहीं राज्य में तीसरा कंपीटेंसी बेस्ड इवोल्यूशन एग्जाम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बता दें की राज्य में पूर्व में भी एग्जाम का आयोजन किया जा चुका है। पूर्व में दो परीक्षाएं आयोजित की गई हैं।

## कांप्लेक्स के निर्माण के लिए 120 करोड़ देने के आग्रह पर क्या निर्णय हुआ : कोर्ट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में शुक्रवार को देवघर में बाबा बैजनाथ मंदिर के निकट क्यू कांप्लेक्स के फेज दो का निर्माण को जल्द कराने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे की जनहित याचिका की सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार से जानना चाहा कि नवयुग कंपनी लिमिटेड के द्वारा सीएसआर के तहत क्यू कांप्लेक्स के द्वितीय फेज के निर्माण के लिए 120 करोड़ देने के आग्रह पर क्या निर्णय लिया गया ? इस पर राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय की मांग की गई। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 18 मई निर्धारित की। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता पार्थ जालान एवं शिवानी जालुका ने पैरवी की।



पिछली सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से बताया गया था कि नवयुग कंपनी को राज्य सरकार की ओर से एक चिट्ठी भेजा गया है, जिसमें बताया गया है कि उनके द्वारा जो प्रस्ताव दिया गया उसे मंत्रिपरिषद के पास भेज दिया गया है। सांसद निशिकांत दुबे द्वारा दाखिल जनहित याचिका में कहा गया है कि बाबा बैजनाथ मंदिर, देवघर के लिए क्यू कांप्लेक्स के दूसरे फेज का निर्माण कार्य चल रहा है। इसमें केंद्र सरकार ने अंशदान के रूप में 25 करोड़ रुपये की राशि दे दी है लेकिन राज्य सरकार ने अपने हिस्से का फंड उपलब्ध नहीं कराया है। नवयुग कंपनी लिमिटेड ने इसके लिए सरकार को पत्र लिखा है लेकिन राज्य सरकार ने निर्णय नहीं लिया है।

**कर्तव्य** चिन्मय मिशन रांची के तत्वावधान में पांचवें दिन का कार्यक्रम आयोजित

# फल की चिन्ता किये बिना कर्म करते रहो : स्वामी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** चिन्मय मिशन, रांची के तत्वावधान में सात दिवसीय गीता ज्ञान यज्ञ के सायंकालीन सत्र के पांचवें दिन स्वामी परिपूर्णानन्द जी ने गीता के तीसरे अध्याय कर्मयोग का प्रसिद्ध श्लोक संख्या 48 को उद्धृत करते हुए बताया कि हम सब के पास कर्म करने का अधिकार है, इसका अर्थ यह है कि हमारे पास कर्म का चुनाव करने का अधिकार है। फल का अधिकार नहीं है का अर्थ यह है कि इच्छित फल हमारे वश में नहीं है। यह कई घटकों पर निर्भर करता है। अतः हमें ऊंचे लक्ष्य की प्राप्ति के लिए फल की चिन्ता किये बिना पूर्ण कुशलता के साथ कर्म करना चाहिए। कर्म इस प्रकार करना चाहिए कि यह योग हो जाय। 8वें श्लोक के माध्यम से बताया कि नियत कर्म अर्थात वर्तमान में प्राप्त परिस्थिति के अनुसार कर्तव्य कर्म करना चाहिए। इन कर्मों को करते हुए हमें अपनी जीवन यात्रा को खुबसूरत बनाना है। कर्तव्य कर्मों के बिना जीवन में न तो प्रसिद्धि मिलेगी और न ही प्रसन्नता प्राप्त होगी। किन्तु कर्मयोगी होने के लिए भक्त बनना होगा उसी तरह जिस तरह स्वामी विवेकानंद जी ने, स्वामी चिन्मयानंद जी ने प्रत्येक प्राणी में ईश्वर का दर्शन कर उनकी सेवा की। उन्हें भी ईश्वरत्व पद प्राप्त करने में सहयोग किया। हमें



सभी कार्य यज्ञ भाव के साथ करना चाहिए। भोजन करते समय शुद्धतम भाव यह है कि भोजन मात्र उदर भरण नहीं है। यह जठराग्नि में भोजन की आहुतियां हैं। स्वामी जी ने कहा कि प्रायः कथा वाचक भगवान के वृन्दावन तक के चरित्र की ही व्याख्या करते हैं जब कि उनका अधिक उज्ज्वल चरित्र गुरूकुल, द्वारका एवं कुरूक्षेत्र में प्रगट होता है। गीता कहती हैं कि आत्मज्ञानी को भी लोक संग्रह अर्थात अन्य को प्रेरणा प्रदान करने के लिए भी कर्म करना चाहिए। प्रातः कालीन सत्र के चौथे दिन स्वामी जी ने कहा कि आदि शंकराचार्य जी ने सामान्य परिवार का चित्रण किया है। जब तक परिवार के सदस्य की धन उपार्जन की शक्ति है तब तक अन्य सदस्य उनसे प्रेम रखते हैं उनको सम्मान देते हैं, जब उनकी शक्ति क्षीण हो जाती है तब उन्हें कोई नहीं पूछता है। इसका अर्थ यह है कि हमारा उनसे प्रेम हमारे स्वार्थ के कारण है। दूसरे पद में उन्होंने कहा कि जब तक शरीर में प्राण है तब तक ही लोग कुशल क्षेम पूछते हैं प्राण छूटने पर सबसे नजदीकी संबंध वाली पत्नी भी उस शरीर से डरती है। उन्होंने कहा कि बाल्यावस्था में हम समय खेल कूद में, तरूणावस्था में भोग में एवं वृद्धावस्था में चिन्ता करते हुए समय बर्बाद करते हैं। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि हम इस जीवन के पश्चात के जीवन के बारे में नहीं जानना चाहते हैं । वृद्धावस्था में हमारे पास सुनाने के लिए बहुत कुछ है पर कोई सुनना नहीं चाहता। हम सबों का एक दूसरे के साथ सहयात्री का व्यवहारिक संबंध है। हमें एक दूसरे की यात्रा सुखद करनी है । परिवार इस यात्रा का एक पड़ाव है, एक साधन है। जो परिवार तपस्वी होता है वहीं परिवार संगठित होता है, यही नियम सभी संस्थाओं में भी लागु होता है। गीता आरती के यजमान श्री संतोष अग्रवाल एवं श्री अशोक अग्रवाल सपत्नीक थे ।यह ज्ञान यज्ञ दिनांक 7 मई तक आयोजित है।

### फेल होनेवाले छात्रों को अब नहीं देनी होगी थ्योरी पेपर की परीक्षा

**रांची।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने प्रैक्टिकल परीक्षा में फेल होनेवाले छात्रों के लिए नियम में संशोधन कर उन्हें बड़ी राहत दी है। जारी नोटिफिकेशन के अनुसार अब प्रैक्टिकल परीक्षा में फेल होनेवाले छात्रों को प्रैक्टिकल के साथ थ्योरी पेपर की परीक्षा नहीं देनी पड़ेगी। नोटिफिकेशन में कहा गया है कि इस वर्ष 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में शामिल होनेवाले विद्यार्थी किसी कारणवश प्रैक्टिकल परीक्षा में फेल हो जाते हैं तो उनको इस वर्ष से थ्योरी एग्जाम नहीं देना होगा। वैसे छात्र सिर्फ प्रैक्टिकल परीक्षा देंगे। परीक्षा स्कूल स्तर पर आयोजित कर बोर्ड को नया प्राप्तांक भेज दिया जाएगा। पूर्व में थ्योरी में मिले अंक के साथ उसे जोड़कर नया रिजल्ट प्रकाशित किया जाएगा। इससे पूर्व पुराने नियम के अनुसार जो विद्यार्थी प्रैक्टिकल परीक्षा में हो जाते थे, उन्हें कंपार्टमेंटल परीक्षा में थ्योरी की भी परीक्षा देनी पड़ती थी।

## रांची में मैथिली कविता संग्रह 'असमाहि हमर हाथ' का विमोचन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** असमाहि हमर हाथ' एक विस्फोटक कविता संग्रह है, जिसके प्रकाशन के तुरंत बाद मैथिली के पारंपरिक रचनाकारों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी और इस पुस्तक की भूमिका लिखने वाले प्रगतिशील कवि जीवकांत सहित कवि द्वय गंगानाथ गंगेश और उपेंद्र के खिलाफ अनर्गल प्रलाप शुरू हो गया था लेकिन जीवकांत अपनी बात पर अडिग रहे। यह बात रांची के हरमू स्थित मिथिला दलान पर शुक्रवार को आयोजित गंगानाथ गंगेश और उपेंद्र के संयुक्त मैथिली काव्य संग्रह 'असमाहि हमर हाथ' के दूसरे संस्करण का लोकार्पण करते हुए साहित्य अकादमी में मैथिली परामर्श दात्री समिति के सदस्य प्रमोद कुमार झा ने कही। उन्होंने कहा कि असमाहि हमर हाथ मैथिली की प्रतिरोधी कविता का



प्रतिनिधि स्वर है, जिसकी भूमिका लिखकर जीवकांत ने बहुत ही साहसिक कार्य किया। बेशक उन्हें वर्षों तक परंपरावादियों का कोपभाजन बनना पड़ा लेकिन मैथिली काव्य साहित्य के समक्ष दो प्रतिरोधी स्वर प्रस्तुत करते हुए उन्होंने कोई हिचकिचाहट नहीं दिखाई। झा ने कहा कि इस काव्य संग्रह का एक संबंध रांची से भी जुड़ा हुआ है। क्योंकि, 1970 में जब यह संग्रह पहली बार प्रकाशित हुआ था, तो रांची के कवियों पर इसका इतना प्रभाव पड़ा कि 1972 में सोमदेव की भूमिका के साथ चार कवियों का संयुक्त काव्य संग्रह धुरी का प्रकाशन हुआ। यही नहीं सोमदेव के संपादन में मैथिली के अग्निजीवी पीढ़ी के कवियों का संकलन भी इसी संग्रह के प्रभाव में प्रकाशित हुआ था। डॉ. नरेन्द्र झा ने कहा कि नयी पीढ़ी के रचनाकारों को इस किताब से अवश्य गुजरना चाहिए।

# राज्य में विधि व्यवस्था पूरी तरह से लचर

**नवीन मेल संवाददाता। गोड्डा**
गोड्डा में एक निजी कार्यक्रम में पहुंची केंद्रीय मानव संसाधन राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने मीडिया से बात करते हुए नई शिक्षा नीति की अच्छाई गिनाई। वहीं झारखंड के हेमंत सोरेन सरकार को पूरी तरह से फेल कहा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार राज्य का विकास छोड़ अपना और अपने कुनबे के विकास में जुटी है। इनके अधिकारी और प्रतिनिधि के घर छापे में भारी मात्रा में पैसे मिल रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार के पास 60/40 नियोजन नीति का कोई जवाब नहीं है और बेरोजगारों पर लाठी बरसा रही है। उसे नई नीति बनाने से पहले गहन समीक्षा करनी चाहिए, आज लोग सड़क पर हैं।इससे पूर्व अन्नपूर्णा



देवी ने बताया कि केंद्र की शिक्षा नीति में कई नए प्रवधान हैं, जिसके अनुसार स्कूली शिक्षा से वोकेशनल कोर्स होगा। जिसमे बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ कमाएंगे भी। वहीं कोई बच्चा अगर हुनरमंद होगा तो उसे पांचवीं से सीधे सातवीं में भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि अब मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई इंग्लिश के साथ हिन्दी माध्यम से भी होगी। वही डिग्री के पहले वर्ष में सर्टिफिकेट दूसरे में डिप्लोमा तीसरे में डिग्री मिलेगी। ऐसे ही कई नई शिक्षा नीति के फायदे उन्होंने गिनाए। उन्होंने बताया कि इसका मूल उद्देश्य मैकाले को रटने की प्रवृति समाप्त कर समझ विकसित करने को बढ़ावा देगा। इसे कस्तूरीरंगन समिति के रिपोर्ट के आधार पर बनाया गया है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक चुनाव बीजेपी जीत रही है।

## रांची की एंजेल मेरीना तिर्की ने जीता क्वीन्स ऑफ इंटरनेशनल टूरिज्म का ताज



**रांची।** बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर एंजेल मेरीना तिर्की का युवा सोशल एक्टिविस्ट अनिल पन्ना ने शुक्रवार को बुके देकर जोरदार स्वागत किया। सैकडों की संख्या में पहुंचे प्रशंसकों ने पारंपरिक रूप से ढोल-नगाड़ों और पोस्टर बैनर के साथ स्वागत किया। मनीला (फिलीफिन्स) में आयोजित ग्राण्ड फिनाले में रांची की एंजेल मेरीना तिर्की ने कई देशों को पछाड़ कर क्वींस ऑफ इंटरनेशनल (पर्यटन 2023) का ताज देश का नाम कर लिया। नामकुम की रहने वाली एंजेल मेरीना तिर्की इंटरनेशनल ब्यूटी पेजेंट क्वीन ऑफ इंटरनेशनल टूरिज्म इंडिया -2023 में भारत का प्रतिनिधित्व करने फिलीपींस की राजधानी मनीला गयी थी। अनिल पन्ना ने कहा कि आदिवासी समाज, झारखंड और देश के लिए गर्व की बात है। छोटे शहरों से निकल कर ग्लैमरस के क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतना एक सकारात्मक सोच को दिखाता है। उम्मीद है आने वाले समय में झारखंड की बेटी देश का और नाम रोशन करेगी। पिछले वर्ष भी एंजेल ने मिस यूनाइटेड नेशन अर्थ-2022 प्रतियोगिता जीत कर देश के साथ झारखंड का नाम रोशन किया था। इसके अलावा कई बड़े प्रतियोगिता भी जीत चुकी है। एंजेल ने कहा कि उन्होंने करियर की शुरूआत 16 साल की उम्र में की थी। लगातार संघर्ष करते हुए वे छह सालों से ग्लैमर इंडस्ट्री में हैं और कई खिताबें अपने नाम किए हैं। उनको मॉडलिंग के अलावा एक्टिंग का भी शौक है। शुरूआत के दिनों में वे यूपीएससी का तैयारी करना चाहती थीं लेकिन किस्मत कहीं और ले गई। उन्होंने कहा कि इस सफलता के उसे पिता अल्फ्रेड तिर्की जो आर्मी ऑफिसर हैं और मां मगदाली तिर्की का साथ रहा है। एंजेल ने कहा कि यहां तक पहुंचने के लिए बहुत धैर्य, परिश्रम और सकारात्मक सोच की जरूरत है। मैं हमेशा सकारात्मक सोच रखती हूं और यही मेरी सफलता का मूल मंत्र है।

# भ्रष्ट आचरण वाले अधिकारियों की जगह जेल : दीपक प्रकाश

**नवीन मेल संवाददाता। देवघर**
राज्य में भ्रष्टाचार में लिप्त बिचौलियों की भूमिका निभाने वाले और अधिकारियों को जेल जाना चाहिए। ऐसे नेता और बिचौलियों को भी जेल भेज देना चाहिए। यह बातें शुक्रवार को चित्तोलोढ़िया में भाजपा के जिला कार्यालय भवन का भूमि पूजन व शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कही। उन्होंने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार की वजह से विकास नहीं हो रहा है। तब तक भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लगेगा, तब तक विकास की बात बेमानी है। झारखंड की खनिज संपदा को केवल लूटने का काम किया जा रहा है। साथ ही कहा कि राज्य में हेमंत



सोरेन निकाय चुनाव भाजपा के डर की वजह से नहीं कराना चाहती है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हेमंत जानते है कि अगर निकाय चुनाव हुआ तो भाजपा के कार्यकर्ता विजयी होंगे। चुनाव नहीं कराने से राज्य को 14वें वित्त आयोग से मिले वाला पैसा भी नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि के नहीं होने से जनता के माध्यम से होने वाले विकास का काम भी रुक गया है। साथ ही कहा कि कर्नाटक में एक बार फिर से कमल खिलेगा। प्रदेश के लोगों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आस्था व राज्य में विकास को और बढ़ाने की चाहत है। पार्टी कार्यालय के शिलान्यास पर उन्होंने कहा कि शिव व शक्ति के स्थल पर पार्टी का भव्य व आधुनिक सुविधा से युक्त कार्यालय का शुभारंभ होना सुखद बात है। कार्यालय से पार्टी के काम विस्तार के साथ-साथ जन समस्या के समाधान की पहल होगी। प्रदेश महामंत्री (संगठन) कर्मवीर सिंह ने कहा कि यह कार्यालय का निर्माण ना केवल राजनीति, बल्कि धार्मिक कारणों का ध्यान में रखकर कराया जा रहा है। पूरे देश से कार्यकर्ता यहां आते है। उनके लिए रुकने की व्यवस्था होगी। साथ ही कहा कि संगठन में ट्रिपल की विशेष महत्व है। शिलान्यास स्थल पहुंचने पर प्रदेश अध्यक्ष सहित प्रदेश महामंत्री (संगठन) का आदिवासी नृत्य से पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। भूमि पूजन स्थानीय विधायक नारायण दास ने किया।

## चयन प्रतियोगिता में दिनेश ने अपने अनुभव किए साझा

**रांची।** पर्यटन,कला संस्कृति, खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड के अधिनस्थ झारखंड खेल प्राधिकरण, रांची द्वारा नव सृजित स्वीकृत सेंटर फॉर एक्सीलेंसू के लिए बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम मोराबादी रांची बालक एवं बालिका के लिए आठ दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सह प्रतियोगिता में तीसरे दिन कॉमन वेल्थ पदक विजेता दिनेश कुमार ने लगभग 200 खिलाड़ियों के बीच आकर प्रशिक्षण शिविर के महत्त्व बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी एवं अपने अनुभव साझा किया। इस अवसर पर चयन अध्यक्ष देव शंकर दास उपनिदेशक साझा, खेल परामर्शी देवेंद्र सिंह, कोच सलीम, सतीश मिज, अजय सुभाष तिर्की, गोपाल तिर्की, अनीता तिर्की, सुनील कुमार महली, प्रेमचंद तिर्की, कालीचरण महतो, चयनकर्ता समेत अन्य उपस्थित थे।

## एक ठेका श्रमिक की हादसे में मौत

**बोकारो ।** बोकारो के चंदनकियारी प्रखण्ड स्थित वेदांता, इलेक्ट्रो स्टील प्लांट में एक ठेका श्रमिक की हादसे में मौत का मामला सामने आया है। मृतक मजदूर की पहचान पप्पू कुमार महतो के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों ने बताया कि कार्य के दौरान ऊपर से भारी रॉड श्रमिक के ऊपर गिरने से मौत हुई है। आरोप लगाया जा रहा है कि दुर्घटना को प्लांट प्रबंधन ने घंटो छिपाए रखा। इधर राजनीतिक दलों के नेताओ ने मृतक मजदूर के लिए उचित मुआबजे की माँग की है। दूसरी तरफ वेदांता स्टील प्रबन्धन से मृतक के आश्रित को नियोजन सहित मुआबजे की माँग को लेकर स्थानीय मजदूरों और ग्रमीणों ने चास मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के अलकुसा मोड़ को जाम कर दिया ।

## NEWS इन ब्रीफ

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का दर्शन विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी 15 मई को

रांची। गोस्सनर कॉलेज रांची आईक्यूएसी तथा झारखंड फिलोसॉफिकल फोरम के तत्वावधान में 15 मई को गोस्सनर कॉलेज ऑडिटोरियम में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन होगा। इस संगोष्ठी का विषय राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का दर्शन है। इसे सफल बनाने के लिए संगोष्ठी पूर्व बैठक का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. ईलानी पूर्ति सह संरक्षक ने महाविद्यालय में हो रही तैयारियों की जानकारी दी। झारखंड फिलोसॉफिकल फोरम के सचिव डॉ. पीके सिन्हा एवं अध्यक्ष डॉ. अशरफ बिहारी ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी सभी के बीच साझा किया। बैठक में संगोष्ठी के संयोजक डॉ. पीके गुप्ता, असिस्टेंट बर्सर प्रो प्रवीण सुरीन, गोस्सनर कॉलेज आईक्यूएसी के समन्वयक डॉ अजय कुमार और मीडिया प्रभारी डॉ. शारदा वंदना मौजूद थीं।

### दोहरे हत्याकांड मामले में दोषी को उम्र कैद

**रांची।** अपर न्यायायुक्त एसएम शाहजाद की अदालत ने गुरुवार को आपसी विवाद में दोहरे हत्याकांड मामले में दोषी कांके निवासी सुमित मुंडा को उम्र कैद की सजा सुनायी है। साथ ही उसपर 10 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। आरोप है कि सुमित मुंडा ने घर में सो रहे तेतरू पाहन एवं लखिया देवी की हत्या धारदार हथियार से कर कर दी थी। मामले को लेकर 26 फरवरी 2021 को गोंदा थाना में कांड संख्या 14/21 दर्ज हुआ था। अभियोजन की ओर से 11 गवाहों की गवाही हुई थी। घटना को अंजाम आपसी विवाद को लेकर दिया गया था।

### रांची नगर निगम 150 लोगों पर करेगा सर्टिफिकेट केस

**रांची।** नगर निगम 150 लोगों के खिलाफ सर्टिफिकेट केस करेगा। निगम की ओर डिफाल्टरों की सूची जारी की गयी है। जानकारी के अनुसार 2015 से 2020 तक कुछ लाभुकों की ओर से प्रथम, द्वितीय और तृतीय किस्त की राशि मिलने के बाद भी उसके अनुरूप काम नहीं किया है। निगम ने कहा है कि जिन लाभुकों ने मिली राशि के अनुरूप काम नहीं किया है, वे जल्द से जल्द काम करवा कर निगम को लिखित जानकारी दें। नहीं तो नगर निगम उन पर सर्टिफिकेट केस करेगा।

### डोरंडा जैप परिसर अवस्थित बौद्ध मंदिर से प्रभात फेरी निकली गई

**रांची।** अहिंसा परमो धर्म का महान प्रवर्तक तथागत भगवान बुद्ध के 2567 वा जन्मदिवस शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। छोटानागपुर बौद्ध सोसाइटी में ध्वजारोहण कार्यक्रम के बाद प्रभात फेरी निकाली गई।

## इंस्पायर अवार्डस मानक स्कैम के तहत आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम सम्पन्न

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार, राष्ट्रीय नव प्रवर्तन प्रतिष्ठान, भारत एवं स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को जैक सभागार में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिये चयनित कुल 14 अवार्डिस पार्टिशिपेंट के प्रोजेक्ट परिष्करण और संवर्द्धन के लिये आयोजित मेंटरशिप कार्यशाला के समापन के साथ ही इंस्पायर अवार्डस मानक स्केम के तहत आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम का सफल आयोजन सम्पन्न हो गया। आज के मेंटरशिप वर्कशॉप में मुख्य अतिथि पुष्पा कुजूर राज्य नोडल पदाधिकारी इंस्पायर ने राज्य से चयनित 14 बाल वैज्ञानिकों को उनके बेहतर प्रदर्शन और राष्ट्रीय स्तर पर झारखण्ड का प्रतिभा ध्वज फहराने का संकल्प दिलवाया, वहीं सहायक नोडल पदाधिकारी अशोक प्रसाद सिंह ने राज्य से राष्ट्रीय स्तर एवं उसके बाद के अंतर्राष्ट्रीय सफलता के उड़ान के तकनीकी प्रविष्टियों की ओर प्रतिभागियों एवं उनके मर्गदर्शक शिक्षकों का ध्यान आकृष्ट कराया। पूरे वर्कशॉप को होस्ट कर रहे एनआईएफ इण्डिया के वैज्ञानिक व नव प्रवर्तन अधिकारी डॉ राहुल प्रकाश ने वैज्ञानिक नवाचारी कथाओं से प्रतिभागियों को आकृष्ट करते हुए धैर्य के साथ लक्ष्य भेदन का गुर सिखाया। बीआईटी मेसरा के प्रोफेसर डॉ सतीश कुमार ने इन्नोवेटिव आइडिया पर, डॉ नरेन्द्र यादव ने प्रोटोटाइप प्रीपरेशन पर, डॉ राजीव कुमार ने प्रोडक्ट पैटेंटिंग एवं कमर्सियलिजेशन पर तथा एनआईटी जमशेदपुर के प्रोफेशर डॉ विजय ने डिजाइन थिंकिंग विषयक मॉडल प्रदर्श परिष्करण एवं सम्बर्द्धन के टिप्स दिये। सभी प्रतिभागियों ने भी एक एक कर अपने प्रदर्श की बेहतरी और इसकी सामाजिक उपादेयता पर विस्तार से अपनी सोच और संकल्प को प्रस्तुत किया। झारखण्ड के ये चौदह बाल वैज्ञानिक एनएलईपीसी 2021-22 जो जून जुलाई में राजधानी नई दिल्ली में प्रस्तावित है।

# मेगा ट्रेड फेयर में जमकर लोग कर रहे खरीदारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मोरहाबादी मैदान में चल रहे इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर में लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं। फेयर में लोगों को उत्साह दिख रहा है। लोग विभिन्न प्रकार के उत्पादों को देख रहे और उसकी खरीदारी भी कर रहे हैं। शुक्रवार को भी बुद्ध पूर्णिमा की छुट्टी होने के कारण लोग अपने परिवार के साथ पहुंचे। लोग खरीदारी के साथ खाने का भी आनंद उठाया। फेयर में कई स्टालधारकों द्वारा दिये जा रहे ऑफर भी लाभ लोग उठा रहे हैं। घरेलू सामान, बच्चों के खिलौने, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, कालीन, सजावटी सामान की भी जमकर खरीदारी की जा रही हैं। वहीं, फर्नीचर इंटीरियर हॉल में लोग जा रहे हैं। वहां फाउंटेन, फर्नीचर, मसाज कुर्सी आदि की जानकारी ले रहे हैं और लोग बुकिंग भी करा रहे हैं। कारों की भी बुकिंग चल रही है। मौके पर चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा



कि फेयर में लोगों के बीच उत्साह का माहौल दिख रहा है। चैंबर ने लोकल फॉर वोकल के तर्ज पर स्थानीय व्यापारियों को भी फेयर में मौका दिया है, ताकि वो अपने उत्पादों की ब्रांडिंग कर सके। बाहर से आये हुए व्यापारियों के साथ लोग अपने आइडिया भी शेयर कर रहे हैं। राज्य के विकास की गति को देने का एक प्रयास चैंबर की ओर से किया गया है। स्थानीय के अलावा बाहर से आये व्यापारी भी बिक्री से खुश है।वहीं दूसरी ओर ट्रेड फेयर में झारखंड चैंबर की ओर से राज्य के कई खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इनमें रूपा रानी तिर्की, चंदन सिंह, लवली चौबे, दिनेश कुमार, सुनील बहादुर आदि शामिल है। इसके अलावा चैंबर के पर्यावरण उपसमिति की ओर से सरकारी स्कूल के बच्चों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

## प्रेम प्रकाश से छवि रंजन ने लिया 1 करोड़ घूस

रांची। राजधानी रांची में बेशकीमती जमीनों के फर्जी कागजात बनाकर जमीन की लूट राजनीतिक संरक्षण में किया गया। वहीं जमीन घोटाले में गिरफ्तार आरोपियों से एक करोड़ की घूस, जबकि कारोबारी विष्णु अग्रवाल से गोवा के पांच सितारा होटल का टूर छवि रंजन ने लिया था। रांची जमीन घोटाले से अवैध कमायी की मनी लाउंड्रिंग की जांच में यह बात सामने आयी है कि चेशायर होम रोड की एक जमीन को रिस्ट्रिक्टेड लिस्ट से हटाने के लिए अफसर अली, सद्दाम समेत अन्य आरोपियों ने प्रेम प्रकाश के जरिए एक करोड़ रुपये की घूस प्रेम प्रकाश को दी थी। प्रेम प्रकाश के द्वारा घूस की रकम दिए जाने के बाद प्लाट को रजिस्ट्री के लिए अनब्लॉक कर दिया गया था। वहीं इसी जमीन के मामले में प्रेम प्रकाश के एक करीबी ने अंचल अधिकारियों को भी दो से ढाई लाख रुपये तक दिए थे। चेशायर होम रोड स्थित एक एकड़ जमीन की रजिस्ट्री के लिए विष्णु अग्रवाल से छवि रंजन ने गोवा के ताज फोर्ट अगुडा का ट्रिप लिया था।

**श्रमदान** आदिवासी समाज के लिए इंलिश स्कूल मिल का पत्थर साबित होगा

# चंदा से स्कूल बनाने का लिया गया निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो**
चान्हो प्रखंड के चलियों सिटी गांव में कुरुख- इंग्लिश मीडियम स्कूल निर्माण के लिए सर्व प्रथम आदिवासी विधि विधान से डंडा-कटना तथा अनादि प्रार्थना का आयोजन किया गया। प्रार्थना के बाद पूर्व विधायक देव कुमार धान, पूर्व मांडर प्रमुख बुधवा उरांव,मुखिया चंपा उरांव, पाहन, बेड़ो पूर्व प्रमुख महतो भगत सहित अन्य अतिथियों के द्वारा कुरुख - इंग्लिश मीडियम स्कूल निर्माण का शिलान्यास किया गया। यह स्कूल आदिवासी समाज में पहला स्कूल है, जिसे समाज जमीन खरीद कर बना रहा है जो अगले सत्र 2024 अप्रैल से विद्यालय शुभारंभ किया जाएगा तथा आगामी सत्र 2024 तक निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। विद्यालय के लिए प्रत्येक भव्य कक्षा 2522 कमरा का निर्माण किया जाएगा। साथ ही दो बड़ा फुटबाल तथा हॉकी खेल मैदान का निर्माण किया जाएगा।



यह कुडुख इंग्लिश मीडियम स्कूल आदिवासी समाज के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। क्योंकि आदिवासी समाज का यह पहला स्कूल है जिसका निर्माण के लिए आदिवासी सरना समाज ने स्वतः चंदा-दान देकर सहयोग करके जमीन खरीदकर स्कूल बनाने का बीड़ा उठाया है। अभी तक सैकड़ों गांव के हजारों लोगों ने सहयोग राशि दान दिया है तथा इस कार्य को सराहा है और इस कार्य को करने के लिए पूर्ण समर्थन और सहयोग करने के लिए आगे आ रहे है। नींव रखने के दौरान आदिवासी समाज के विभिन्न प्रखंडों के विभिन्न गांव से लोग उपस्थित थे।मौके पर पहान मतीया पहान,पूर्व विधायक देवकुमार धान, बेड़ो पूर्व प्रमुख महतो भगत,पंचम उराव,हिंदू उराव, जतरू उरांव , सुबोध उरांव,लापुंग से नितेश उरांव,राम उरांव,धर्मपाल भगत, मांडर से पूर्व प्रमुख बुधवा उरांव,पूर्व जिला परिषद अमित उरांव पश्चिमी मांडर,पूर्व पंचायत समिति कंजिया दिनेश उरांव,भवानी उरांव ,बिनोद भगत, सत्यनारयण भगत, चान्हो से वर्तमान रोल पंचायत मुखिया चंपा उरांव,बसंत भगत,बिरसा उरांव, एतवा उरांव, मंगेश्वर भगत,अजय उरांव,सुखलाल उरांव, 12 पड़हा बेल , कजरू उरांव, शंकर उरांव, सुरेश उरांव, दिनेश उरांव अध्यक्ष आदिवासी महासभा चान्हो, जीतवाहन उरांव, सुरेश उरांव, विकाश उरांव तथा सरना समाज के सैकड़ों स्त्री पुरुष उपस्थित थे।

## बुलेट खरीदने के लिए पैसा नहीं देने पर बेटे ने मां -पिता पर किया हमला

**गिरिडीह।** गिरिडीह नगर थाना इलाके के शिव मोहल्ला में बुलेट खरीदने के लिए पैसे नहीं मिलने से नाराज नशेड़ी बेटे ने अपने ही मां-बाप की जान लेने की कोशिश की। गंभीर स्थिति में दंपती को इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है जबकि आरोपित बेटे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बेटे अफजल अहमद के हमले से जख्मी बाप मोहम्मद शब्बीर अहमद और मां ताहिरा यास्मीन को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए दोनों को रेफर कर दिया गया। आरोपित अफजल अहमद को नगर थाना पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है। स्थानीय लोगों के अनुसार शब्बीर अहमद शिव मोहल्ला में एक छोटा सा तंबाकू की दुकान चलाते हैं। पिछले दिनों ही शब्बीर अहमद ने अपने बेटे के कहने पर उसे एक बाइक खरीद कर दिया था, लेकिन पिछले कई दिनों से नशेड़ी बेटे ने बुलेट खरीद कर देने की बात को लेकर अपने मां बाप पर दबाव बनाना शुरू कर दिया।इसी क्रम में गुरुवार शाम में अफजल अहमद नशे की हालत में घर आया और पिता से बुलेट खरीदने की जिद करने लगा।

# टुटकी में स्वर्गीय गुरु चरण सिंह जयंती मनाई गई




**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
सिल्ली प्रखंड अंतर्गत टुटकी गांव में शुक्रवार को स्वर्गीय गुरु चरण सिंह के 111वां जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सुदेश कुमार महतो, उपस्थित अतिथियों एवं स्थानीय लोगों ने स्व गुरु चरण सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किय। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि स्व गुरुचरण सिंह के द्वारा क्षेत्र में शिक्षा के जगत में जो अलख जगाने का कार्य किया गया वह सराहनीय है। इनकी कमी समाज को हमेशा खलती रहेगी। हम सबों को संकल्प के साथ उनके सोच को आगे बढ़ाने का काम करना होगा। अन्य वक्ताओं ने भी उनकी जीवनी पर विस्तृत रूप से चर्चा की। इस मौके पर जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक, उप प्रमुख आरती देवी, बुंडू उलगुलान फाउंडेशन के उपाध्यक्ष राम दुर्लभ सिंह मुंडा, सामल महतो, मुखिया शर्मिला कुमारी, हेमंत सिंह, मोहित महतो, श्रावण सिंह, सुरजीत सिंह, रमेश प्रसाद साहू, जयसिंह महतो, अजित महतो, योगेंद्र सिंह, शिशिर कुमार सिंह, समीर कुमार सिंह , हिमांशु सिंह, कलेबर महतो, कुलदीप सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

# मार्क्स-बुद्ध विज्ञान पर आधारित समाजवादी व्यवस्था के पथ प्रदर्शक थे : संजय पासवान

**नवीन मेल संवाददाता। कोडरमा** क्रांतिकारी विचारक, अर्थशास्त्री और महान दार्शनिक कार्ल मार्क्स की 206 वीं जयंती और अहिंसा के रास्ते पर चलने वाले मानवता के मुक्तिदाता तथागत गौतमबुद्ध की जयंती पर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिवमंडल सदस्य संजय पासवान ने इन महान विभूतियों के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में मजदूरों का राज कायम हो, मनुष्य के द्वारा मनुष्य का शोषण न हो और एक शोषण मुक्त समाजवादी व्यवस्था का निर्माण हो यही मार्क्सवाद का मूल सिद्धांत है। तथागत गौतमबुद्ध भी इसी तरह के समाज निर्माण का संदेश दिया था। दोनों ही महापुरुषों ने किसी भी आलौकिक शक्ति होने से इन्कार किया था। उन्होंने कहा कि 1848 में एंगेल्स के साथ मिलकर लिखे कम्युनिस्ट घोषणा पत्र के 175 वर्ष और इन दोनों की कालजयी किताब पूंजी (दास कैपिटल) को आये 156 वर्ष हो गए। मार्क्सवाद वैज्ञानिक दर्शन और विचार है। कार्ल मार्क्स ने कहा था कि बदलाव अपने आप नहीं होते, उन्हें ठोस परिस्थितियों का ठोस अध्ययन और विश्लेषण के ठोस कार्यनीति बनाकर होता है। कार्ल मार्क्स का विचार समय और विज्ञान दोनों की कसौटी पर सही साबित हुआ है। मार्क्स ने कहा जो भी है पदार्थ है, इसे ही उन्होंने भौतिकवाद कहा। उन्होंने कहा कि पदार्थ स्थिर या ठहरा हुआ नहीं है। पदार्थ में गति होती है और गति के नियम होते हैं. मार्क्स के बाद के सारे वैज्ञानिक ने उनकी खोजों को सही साबित किया। वो महान लेनिन ही थे जिन्होंने 1917 में मार्क्स के विचारों को धरती पर उतारा और दुनिया में पहली समाजवादी क्रांति की और दुनिया में एक नए युग की यानी समाजवादी युग की शुरूआत की। क्रांति के बाद कृषि की जमीन का, उत्पादन के साधनों का, विनिमय और वितरण के साधनों का राष्ट्रीयकरण और सामाजिकरण किया गया। सत्ता का प्रयोग किसान, मजदूर और मेहनतकशों के हितों को आगे बढ़ाने के लिए क्या गया। उन्होंने दिखाया कि कैसे सत्ता का इस्तेमाल एक आदमी के लिए नहीं बल्कि जनता के कल्याण के लिए किया जा सकता है। यह रूसी क्रांति ही थी जिसके बाद दुनिया में कई देशों में क्रांतियां हुई और किसान-मजदूर शासन में बैठे और उनका राज कायम हुआ। आज भारत में पूंजीवादी व्यवस्था कायम है। जहां सत्ता में बैठे लोग अपने को राजा और जनता को नौकर समझ रही है। कल्याणकारी योजनाओं को समाप्त किया जा रहा है, रोजगार के अवसर कम हो रहा है। मजदूर कर्मचारियों का शोषण बढ़ रहा है। सांप्रदायिक विभाजनकारी नीतियों के आधार पर धर्म के नाम पर समाज को बांटा जा रहा है। हमें इसके खिलाफ मार्क्सवाद के रास्ते पर चलते हुए समाजवादी व्यवस्था कायम करने के लिए जनता की जनवादी क्रांति के लिए हर स्तर पर संगठन बनाना होगा और वैचारिक संघर्ष चलाना होगा।




### जीईएल चर्च पास्टोरेट महिला समिति की द्वितीय वार्षिक अधिवेशन संपन्न

# राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका अहम : एनोस एक्का

**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठईटांगर।** प्रखंड के केरया जीईएल चर्च परिसर में जीईएल चर्च पास्टोरेट महिला समिति की द्वितीय वार्षिक अधिवेशन धूमधाम के साथ संपन्न हुआ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री एनोस एक्का उपस्थित हुए। मौके पर फादर के अगुवाई में मिस्?सा पूजा का आयोजन हुआ जिसमे अन्य पुरोहितों ने सहयोग किया। मौके पर रंगारंग आदिवासी सांस्?कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। मौके पर ने अपने संदेश में कहा कि हमारे जीवन में ईश्वर का वचन तब पूरा होता है, जब हम उसे ध्यान से सुनते और उस पर मनन-चिन्तन करते हैं। हमें भी जीवन में माता मरियम की तरह संयम होना चाहिये। हमारे मुख से निकलने वाले शब्दों से शांति की स्थापना होनी चाहिए।आगे कहा कि हम वचन के श्रोता ही नहीं, बल्कि उसके पालनकर्ता बनें। माता मरियम की तरह हम सुनने के लिए तत्पर रहें और बोलने तथा क्रोध करने में देर करें। अपने शब्दों से किसी को भी चोट न पहुंचाएं। परिवार की मां जिस तरह अपने औलाद की खुशी के लिए दुखों को उठाती है और त्याग करती है। उसी तरह समाज, कलीसिया और राष्ट्र निर्माण में भी महिलाओं की भूमिका अहम है। धर्मशास्त्र बाइबल के अनुसार परमेश्वर के नजरों में समाज में महिलाओं को उंचा स्थान है। विश्वासी मां बहनों को प्रेम, सेवा, क्षमा और त्याग जैसे खीस्तीय मूल्यों में बढ? और माता मरियम की तरह ही अपनी मध्यस्थता में ईश्वरीय योजनाओं को पूरा करने के लिए आगे बढ़ें। कहा कि शिक्षा और महिला ससक्तिकरण के बिना परिवार, समाज और देश का विकास नहीं हो सकता। कार्यक्रम में महिलाओं को संबोधित करते हुए पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री एनोस एक्का ने कहा कि क्षेत्र में विकास की गंगा बहाने के लिए 15 वर्षों के लंबे वनवास के बाद एक बार आपके बीच आपका बेटा सेवा करने पहुंचे उन्होंने कहा कि इस बीच हर पल इस क्षेत्र की जनता के सुख दुख में साथ देने के लिए हमेशा साथ खड़ा रहा और अब आप लोगों के बीच में आकर क्षेत्र में बिजली पानी सड़क हाथी उत्पात, किसानों की समस्या या फिर छोटी-बड़ी मूलभूत सुविधाओं की जो भी समस्याएं हैं उसे सत्ता में ना रहते हुए पद ना रहते हुए भी दूर करने का प्रयास किया जाएगा।



### अंजुमन फैजुर रजा की 29 मई को होगा बैलेट पेपर से चुनाव

**सिमडेगा।** अंजुमन फैजुर रजा का चुनाव 29 मई दिन सोमवार को तय हुआ। सुबह 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक मतदान बैलेट पेपर के द्वारा इसलामपुर स्थित मदरसा में किया जाएगा। चुनाव ,चुनाव कमिटी के द्वारा सीसीटीवी कैमरा और प्रशासन की निगरानी में कराया जाएगा। कुल पांच पद के लिए चुनाव होना है जिसमे अध्यक्ष,उपाध्यक्ष,सचिव,उपसचिव एवं कोषाध्यक्ष शामिल है।उम्मीदवारों नामांकन फॉर्म 500 राशि भुगतान के पश्चात सिमडेगा नगर के संबंधित कमिटी से खरीद सकते हैं फॉर्म जमा करने की आखिरी तारीख 12 मई शाम 5 बजे तक निर्धारित की गई है।उम्मीदवार नाम वापसी 13 मई को कर सकते हैं। वही स्कूटनी एवं चुनाव चिन्ह का आबंटन 14 मई को होगा। बताया गया कि उम्मीदवार की न्यूनतम योग्यता मैट्रिक पास एवं आयु 30 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। उम्मीदवार को नामांकन फॉर्म के साथ मैट्रिक सर्टिफिकेट की छायाप्रति,संबंधित कमिटी से एनओसी आधार कार्ड की छायाप्रति ,कैरेक्टर सर्टिफिकेट संलग्न करना होगा। वही मतगणना 29 मई को ही दिन के 3 बजे से शुरू होगी एवम रिजल्ट की घोषणा की जाएगी।मतदान का अधिकार सिमडेगा नगर में रहने वाले वैसे पुरुष जो अंजुमन फैजुर रजा में विश्वास रखते हों।

# कोलेबिरा के टूटीकेल में आदिवासी सांस्कृतिक नाच कार्यक्रम आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** कोलेबिरा प्रखंड अंतर्गत टुट्टीकेल पंचायत आदिवासी संस्कृति नाच गान प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार को किया गया जिसमें करीब 20 टीमों ने हिस्सा लिया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी विशिष्ट अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेग एवं 22 पड़हा के अध्यक्ष विश्राम बागे उपस्थित हुए । कोलेबिरा विधायक ने कहा आदिवासियों की असली पहचान अपने भाषा संस्कृति एवं परंपरा है इसे बचाने एवं संरक्षित रखने की आवश्यकता है इसी को ध्यान में रखते हुए मैंने विभाग से आदिवासी संस्कृति कला केंद्र एवं अखाड़ा की मांग की थी जो टुटीकेल में बनकर तैयार है और इसका आज उद्घाटन किया गया और कई जगह की मांग की गई है और जगह भी इसे बनाया जाएगा । जिसमें अब इस क्षेत्र के लिए सभी आदिवासी एवं मूलवासियों के लिए अपने भाषा कला एवं संस्कृति कार्यक्रमों को करने के लिए सुविधाएं हैं ।आदिवासियों की भाषा एवं संस्कृति तथा परंपरा उनके पूर्वजों से मिली हुई विरासत है इसे हमें बचाने की आवश्यकता है इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन होते रहने से जरूर हमारी बची रहेगी।कार्यक्रम में रैसिया ,झपला ,टुट्टीकेल सोकोरला ,पोगलोया ,राईबेडा कुटुंगिया, ऐडेगा आदि क्षेत्र के करीब 20 टीमों ने हिस्सा लिया विधायक ने नाच गान टीमों को नगाड़े,मांदर एवं पारंपरिक साड़ी का भेंट किया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अल्पसंख्यक अध्यक्ष रावेल लकड़ा प्रतिनिधि समी आलम ,कोलेबिरा बीस सूत्री अध्यक्ष लूथर सुरीन, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सुलभ नेल्सन डुंगडुंग प्रतिनिधि श्यामलाल प्रसाद महिला अध्यक्षा महिमा डांग, पंसस फुलकेरिया डांग पंसस सदस्य सुनील डांग पंसस सदस्य ग्रेस जोजो दयाल कंडुलना,आमुस बुढ तथा अन्य मुंडा पडहा राजा उपस्थित रहे।

# बीडीओ ने हंस मोबाइल मेडिकल यूनिट को हरी झंडी दिखा रवाना किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठईटांगर।** रेफरल अस्पताल ठेठईटांगर में शुक्रवार को बीडीओ पंकज कुमार के द्वारा हंस मोबाइल मेडिकल यूनिट की चलंत चिकित्सा वाहन रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया इस मेडिकल वैन में मेडिकल ऑफिसर के अलावा फार्मासिस्ट लैब टेक्नीशियन एएनएम की टीम रहेगी जो प्रतिदिन मरीजों की जांच इलाज के साथ-साथ दवाइयां उपलब्ध कराएगी वही बताया गया कि आवश्यकता अनुसार गंभीर मरीजों को सदर अस्पताल में रेफर करने का भी यह काम जरूर करेगी मौके पर बीडीओ एवं प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी ने हंस फाउंडेशन को धन्यवाद देते हुए कहा खासकर दूरदराज क्षेत्र में बसे लोगों तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने में या मेडिकल यूनिट काफी उपयोगी होगी पीएचसी सीएचसी सेंटर आने में लोगों को दिक्कत हो रही है या संसाधनों के अभाव में जहां स्वास्थ्य सुविधा सुचारू रूप से नहीं दी जा रही है वहां यह वाहन जाएगा उन्होंने कहा कि एक हेल्थ सेंटर अब आपके दरवाजे पर आ रहा है एनसी जांच के लिए जहां महिलाओं को वीएचएनडी दिवस का इंतजार करना पड़ता था वह अब समस्या नहीं रहेगी वाहन में पर्याप्त सुविधाएं जैसे खासकर गर्भवती महिलाओं की पूरी तरह से जांच में सहूलियत होगी ग्रामीण क्षेत्रों में या मेडिकल कैंप की तरह होगा जहां पर लोगों को विभिन्न तरह की बीमारियों में सुविधा मिलेगी। बताया गया कि यह ठेठईटांगर प्रखंड एवं बोलबा प्रखंड के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीणों का इलाज करेगी इस मौके पर सीनियर प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर स्वामी विवेकानंद, डॉ राजेन्द्र प्रसाद किच्चर, फार्मेशशिस्ट-निशांत नीरज, लैब तकनीशियन -अनील कुमार, स्टाफ नर्स अलका बेक, पायलट -डेविड लुगुन, आभा बयूटी तिरकी, स्यान चौधरी उपस्थित हुए।



### बुध पूर्णिमा थाना मंदिर में विशेष धार्मिक अनुष्ठान

**सिमडेगा।** बुध पूर्णिमा के मौके पर शुक्रवार को सिमडेगा थाना मंदिर प्रांगण में पुरोहित सोमनाथ मिश्रा की अगुवाई में विशेष धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया धार्मिक अनुष्ठान में काफी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया इस मौके पर भगवान श्री सत्यनारायण का कथा के साथ विधिवत पूजन की गई जिसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। सोमनाथ मिश्रा ने बताया कि पौराणिक मान्?यताओं के अनुसार महात्मा बुद्ध को भगवान विष्णु का नौवां अवतार माना गया है। इस दिन लोग व्रत-उपवास करते हैं। बौद्ध धर्म के लोग इस दिन को उत्?सव के रूप में मनाते हैं। उनके धार्मिक स्?थलों पर सभी लोग एकत्र होगर सामूहिक उपासना करते हैं और दान देते हैं। बौद्ध और हिंदू धर्म के लोग बुद्ध पूर्णिमा को बहुत श्रद्धा के साथ मनाते हैं। बुद्ध पूर्णिमा का पर्व बुद्ध के आदर्शों और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

# सशिविमं सलडेगा में चुनाव की मतगणना




**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा में किशोर भारती, कन्या भारती तथा शिशु भारती के चुनाव की मतगणना हुई। किशोर भारती में अध्यक्ष पद पर भरत दल के सुमंत सिंह को कुल 117 मत प्राप्त हुए। जिन्हें विजयी घोषित किया गया। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए शिवाजी दल के यश कुमार सिंह को 148 मत, मंत्री पद के लिए शिवाजी दल से चंद्रमा सिंह को 141 मत मिले। सह मंत्री पद के लिए शिवाजी दल को कृष्णा कुमार को 187 मत प्राप्त हुए। सेनापति पद पर 147 मतों के साथ गौरव प्रधान, सह सेनापति पद पर 190 वोट लाकर आर्यन बड़ाईक विजयी रहा। कन्या भारती में अध्यक्ष पद के लिए बहन ममता बरवा 181 मत प्राप्त, उपाध्यक्ष पद के लिए खुशी राज 139 मत, मंत्री पद के लिए अन्नपूर्णा कुमारी 139 मत, सह मंत्री पद के लिए महक कुमारी 108 वोट, सेनापति पद के लिए भारती कुमारी को 188 वोट, सह सेनापति पद के लिए मनीषा सुरीन को 129 वोट प्राप्त हुए।

### बोलवा में सड़क हादसे एक युवक की मौत की मौत, एक गंभीर रुप से घायल

**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड के पालेमुण्डा डाईरटांड़ के पास मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत एक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल । घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बोलबा प्रखण्ड पालेमुण्डा डाईर टांड़ के पास एक मोटरसाइकिल में तीन व्यक्ति सवार होकर समसेरा की ओर आ रहे थे इसी क्रम में बाइक अधिक स्पीड होने के कारण अनियंत्रित होकर गिर गया जिसमें रजनीश बड़ाईक ग्राम समसेरा कुसुम टोली का रहने वाला को सीने में गंभीर चोटें आई रितेश केरकेटा कादोपानी कुकुरभूका का रहने वाला का हाथ एवं पैर टूट गया है वही उनका एक साथी संजय कुल्लू बाइक लेकर फरार हो गया घायलों को ग्रामीणों की सहायता से बोलबा अस्पताल ईलाज के लिए लाया गया । रजनीश बड़ाइक को बेहतर इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया वही घायल रितेश केरकेटा को राउरकेला ले जाया गया इस संबंध में बोलबा पुलिस को सूचना दे दिया गया है इस मौके पर डॉ देबातोष भुटिया स्वास्थ्य कर्मी एवं अन्य लोग मौजूद थे।

### कोलेबिरा में जिला परिषद अध्यक्ष ने चेक डैम निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

**कोलेबिरा।** प्रखंड अंतर्गत एडेगा पंचायत के पोगोलोया के पुटबेरा नाला पर एकल चेक डैम योजना का निर्माण कार्य चल रहा था ग्रामीणों के द्वारा बुलाने पर जिला परिषद अध्यक्ष निर्माण कार्य में हो रही विलम्ब के कारण का निरीक्षण करने पहुंची जिला परिषद अध्यक्षा रोस प्रतिमा सोरेंग के द्वारा धीमी गति से हो रहे निर्माण कार्य पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि इस गति से कार्य होने से समय पर कार्य पुरा नही हो पायेगा और कुछ दिन बाद बरसात भी आ जायेगा जिससे ग्रामीणों को इसका लाभ नहीं मिल पायेगा और जो कार्य हुआ है वो भी बारिश में बह जायेगा। निरीक्षण के क्रम में पाया गया की पत्थर और बालू का भुगतान नहीं होने के कारण कार्य स्थल से पत्थर को वापस ले जाया जा रहा है। उन्होंने कार्य में गुणवत्ता रखने की बात कही ताकि समय पर निर्माण कार्य पूरा हो सके।मौके पर जीप सदस्य रोजालिया शांता कंडुलना उपस्थित रही।

### बुद्ध पूर्णिमा के मौके पर सदर अस्पताल में सिविल सर्जन ने मरीजों को बांटे फल एवं मिठाई

**सिमडेगा।** बुद्ध पूर्णिमा के मौके पर सिमडेगा सदर अस्पताल में शुक्रवार को सिविल सर्जन डॉक्टर नवल कुमार के द्वारा इलाज रत मरीजों के बीच फल एवं मिठाइयों का वितरण किया ।इस दौरान उन्होंने महिला एवं पुरुष वार्ड जाकर मरीजों को बारी-बारी से फल एवं मिठाई देते हुए उनकी शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना किया। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि गरीब एवं दीन दुखियों की सेवा करने में मुझे काफी खुशी मिलती है ।और इस प्रकार के सभी लोगों को अपने जीवन में सेवा करनी चाहिए ।भगवान बुद्ध ने लोगों को हमेशा मानवता प्रेम का संदेश दिया है और उनके जन्मदिन के मौके पर इस प्रकार का सेवा कार्य करने से मन को तसल्ली मिलता है।

### बस स्टैंड सिमडेगा में बस से गिरकर यात्री घायल

**सिमडेगा।** बस स्टैंड सिमडेगा में शुक्रवार की सुबह बस से गिरने से यात्री गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल यात्री को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज हेतु सदर अस्पताल सिमडेगा में भर्ती कराया है जहां पर उसकी उपचार चल रही है ।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार से सिमडेगा से मनोहरपुर चलने वाली विकास नामक बस में घाट बाजार के केंदूदा निवासी सोनू अपने घर जा रहा था इसी क्रम में अचानक बस चढ़ने के क्रम में नियंत्रण खोकर गिर पड़ा और माथे में पीछे गंभीर चोट लगी वहीं बेहोश हो गया। इधर सदर अस्पताल सिमडेगा में उसे इलाज के लिए भर्ती कराया है जहां पर उसकी इलाज जारी है बताया गया समाचार लिखे जाने तक उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई थी।

**उमड़े मसीही** | खंजालोया चर्च परिसर बिशप विंसेंट बरवा की अगुवाई में हुआ पुरोहिताभिषेक

# सभी मसीही परिवार एकजुट होकर कार्य करें : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** खंजालोया चर्च परिसर में शुक्रवार को पवन पुरोहिताभिषेक समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। मौके पर अयाजक डिकन डेविड एक्का का पुरोहित अभिषेक गुमला धर्मप्रान्त के लिए किया गया। पुरोहिताभिषेक समारोह में मुख्य अनुष्ठाता के रूप में सिमडेगा धर्मप्रान्त के बिशप विन्सेंट बरवा उपस्थित थे। जहां मुख्य रूप से गुमला धर्मप्रान्त के प्रशासक फा लीनुष पिंगल भी उपस्थित थे। जिन्होंने पुरोहिताभिषेक समारोह की धर्मविधि सम्पन्न कराने में बिशप का सहयोग किया। अपने संदेश में बिशप ने कहा कि पुरोहित का जीवन मानव सेवा के लिए होता है पुरोहित ईश्वर के दुत होते हैं। जो मानव जाति के कल्याण के लिए आए हैं। पुरोहितो का जीवन बहुत संघर्षपुर्ण जीवन होता है। पुरोहित को हमेशा सेवा और परोपकार के साथ चलना चाहिए और कलिसिया की सेवा में हमेशा समर्पित रहना चाहिए। मिस्सा पूजा सम्पन्न कराने में पल्ली पुरोहित फा गाब्रिएल केरकेट्टा, फा डोमनिक बरला, फा अल्फोंस एक्का, फा फबियन, फा इलियाजर खाखा, फा अरविंद, फा हेरमन एरगट, फा तारसीयूस, फा रामु, फा सेबेस्टियन आदि पुरोहितों ने बिशप का सहयोग किया। कार्यक्रम मे विधायक भूषण बाड़ा, जिप सदस्य जोसिमा खाखा भी मुख्य रूप से उपस्थित थी। मौके पर सि सरिता, सि शांतिला, सि अन्ना मेरी, सि ज्योति, सि सोफिया, शशिलता, सि अगुस्तिना, सि रेजिना, सि सुजाता, जोसेफा सोरेंग, तरसिला, स्टेनशिला, प्रतिमा, सुशीला, अनिल, जोसेफ बिलुंग, जॉन कुल्लू, अल्बर्ट चंद्र, नेशनल, समीर, निराला, विजया, सेकुन्दा, नीलमणि, इनोसेंट, फ्रांसिस्का सहित हजारों की संख्या में मसीही धर्मावलम्बी एवं सैकड़ों की संख्या में पुरोहित व धर्मबहन उपस्थिति थी।



## NEWS इन ब्रीफ

### पीजीटी के अभ्यर्थियों ने दिया ज्ञापन

**मेदिनीनगर।** पीजीटी अभ्यर्थियों ने प्लस टू विद्यालयों के कई विषय के पद सृजन को लेकर विधायक को ज्ञापन सौंपा। विधायक नेहा तिर्की को ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि सरकार के द्वारा पीजीटी परीक्षा में कई विषयों को शामिल नहीं किया गया है।जिसमे राजनीति विज्ञान,समाजशास्त्र, गृह विज्ञान,सहित कई विषय है।राज्य गठन के बाद एक बार भी इन विषयों में नियुक्ति नही किया गया है।अभ्यर्थियों के द्वारा लगातार पीजीटी में अनिवार्य विषयों को शामिल कराने को लेकर प्रयास किया जा रहा है।विभाग के द्वारा कोर्ट में भी पद सृजन की मांग को स्वीकार किया गया है लेकिन अभी तक कोई सकारात्मक पहल नही किया गया है।

### 5 इंच की दीवार से गिरकर 13 वर्षीय बच्चा घायल

**मेदिनीनगर।** पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम निमिया निवासी स्वर्गीय गुलाब सिंह का पुत्र लक्की कुमार उम्र 13 वर्ष 5 इंच दीवार से गिरकर घायल हो गया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह लकी अपने घर में 5 इंच के दीवाल पर चढ़कर पानी पटवन कर रहा था। इसी बीच अचानक वह दीवार से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना को देखने के लिए स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। इसके बाद परिजनों के द्वारा घायल लक्की कुमार को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। सदर अस्पताल में इलाज के बाद भी लक्की कुमार की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### जेईई मेंस में जिला टॉपर बना आरो रिपेयरिंग करने वाले का बेटा

**मेदिनीनगर।** नगर पलामू जिले के हैदरनगर निवासी अनिल मेहता के पुत्र चेतन कुमार जेईई मेन्स का रिजल्ट में 99.6 फीसदी अंक के साथ जिला टॉप किया है। चेतन की मां गीता मेहता ने कहा कि वह अपनी बहन से प्रेरित होकर सफलता हासिल किया है। दरअसल चेतन राज की बहन निकिता ने दो वर्ष पहले डेडीकेटेड एकेडमी से आईएससी में टॉप किया था। वह साइंटिस्ट बनने का सपना लेकर पुणे में पढ़ाई कर रही है। वहीं, चेतन की सफलता की भी हर तरफ चर्चा है। जबकि उनके पिता अनिल मेहता आरओ रिपेयरिंग का काम करते हैं। जेईई मेन्स क्रैक करने वाला चेतन राज के पिता ने बताया कि रिजल्ट आने के बाद से चेतन एडवांस की तैयारी में लग गया है। चेतन ने सफलता का पूरा श्रेय एकेडमी को दिया है। मां का कहना है कि चेतन बचपन से शरारती था। जैसे-जैसे बड़ा हुआ उसकी समझदारी बढ़ती गई। मैं बहुत प्रसन्न हूं। चेतन और निकिता ने पढ़ाई में काफी मेहनत की है। आज वह जिला टॉपर है। डेडीकेटेड एकेडमी की डायरेक्टर श्वेता कुमारी का कहना है कि चेतन राज मेहनती लड़का है। मैं उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं।

# पलामू में 10 को लगेगा रोजगार मेला



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के वैसे युवा जो नौकरी की तलाश कर रहे हैं उनके लिए अच्छी खबर है। पलामू में जॉब फेयर लगने जा रहा है। जहां आईटीआई कर रहे छात्रों को चयन किया जाएगा। साथ ही साइंस स्ट्रीम से इंटरमीडिएट पास विद्यार्थियों के लिए भी पढ़ाई के साथ कमाई का अवसर है। जिला मुख्यालय में रांची रोड स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 10 मई को जॉब फेयर लने वाला है। जहां टाटा मोटर्स की ओर से युवाओं को नौकरी का अवसर प्रदान किया जाएगा। इसमें किसी भी संस्थान से आईटीआई पास छात्र-छात्रा भाग ले सकते हैं। वहीं, साइंस स्ट्रीम से इंटरमीडिएट पास विद्यार्थी भी शामिल हो सकते हैं।

**जमशेदपुर में मिलेगी नौकरी :** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, पलामू के प्राचार्य ने बताया कि टाटा मोटर्स की ओर से यहां रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आईटीआई किए हुए युवा भाग ले सकते हैं। इन्हें टाटा मोटर्स के द्वारा जमशेदपुर में नौकरी दी जाएगी।वहीं, साइंस विषय से इंटरमीडिएट पास आउट छात्र-छात्रा भी शामिल हो सकते हैं। इन्हें टाटा मोटर्स के द्वारा जमशेदपुर में डिप्लोमा कोर्स कराया जाएगा। इस दौरान काम भी करेंगे।कंपनी के द्वारा प्रति माह के भुगान भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए कंपनी के द्वारा लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। संस्थान में सुबह 10 बजे रोजगार मेला की शुरूआत होगा। इसमें पलामू से बाहर के भी उम्मीदवार भाग ले सकते हैं।इस जॉब फेयर में 100 उम्मीदवारों का चयन होगा।इच्छुक उम्मीदवार अपने शैक्षणिक योग्यता की सर्टिफिकेट, पास्पोर्ट साइज की दो फोटो व आधार कार्ड की फोटो कॉपी के साथ पहुंच सकते है।

# गुरु पूर्णिमा को लेकर भव्य भंडारे का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष में छह मुहान चौक स्थित हनुमान मंदिर के पुजारियों और समाजसेवियों के द्वारा शुक्रवार की सुबह मंदिर परिसर में विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। पूजा अर्चना के बाद दोपहर 1:00 बजे से भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में पूड़ी ,सब्जी,बुंदिया का प्रसाद वितरण किया जा रहा था। इस भंडारे में 5000 से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कीया। गुरु पूर्णिमा की पूजा को लेकर छह मुहान चौक से जिला स्कूल चौक को पूरी तरह कर बंद कर दिया गया था। ताकि मंदिर में पूजा अर्चना करने आने वाले श्रद्धालुओं को कठिनाइयों का सामना ना करना पड़े। वहीं इस पूजा को सफल बनाने में सोनू पाठक,अमरेंद्र तिवारी,चंदन पाठक,बमबम पाठक,अजीत अग्रवाल,शत्रुधन अग्रवाल, गोलू अग्रवाल, हाबू कुमार, संग्रेश डे, मंटू अग्रवाल, रितेश कुमार, अकाश कुमार का अहम भूमिका रहा है।

### झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के खाताधारक हो जाएं सावधान

# बैंक में जमा पीएम आवास राशि की अवैध निकासी

**नवीन मेल संवाददाता। मनिका**

पंचायत की कलावती कुंवर ने अपना दुखड़ा सुनाते हुए कहा कि पीएम आवास बनाने के लिए झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के खाते में सरकार की ओर से राशि दी गई थी। 27 फरवरी को उसके खाते से 51000 हजार रुपये की अवैध तरीके से निकासी कर ली गई। आवास पूर्ण करने के लिए जब वह बैंक से पैसा निकालने गई तो उसके खाते से पैसे गायब थे। इस संबंध में बैंक मैनेजर से शिकायत करने गई तो कहा गया कि उक्त मामले को कही मत बताना। तुम्हारा पैसा खाते में वापस हो जायेगा, लेकिन दो माह से ऊपर बीत जाने के बाद भी उक्त महिला के खाता में पैसा वापस नहीं आया।



भुक्तभोगी महिला ने बताया की बीडीओ साहब पीएम आवास को पूरा नही करने पर केस कर देने की बात कहते हैं। दूसरी ओर बैंक से पीएम आवास का पैसा अवैध तरीके से निकाल लिया गया। मामले की जानकारी सर्वाजनिक करने पर बैंक मैनेजर पैसा वापस नही करने की धमकी देता है। ऐसे मे उसे कुछ समझ नहीं आ रहा है कि क्या करे। कोई कुछ नहीं सुन रहा है। उक्त मामले को लेकर भुक्तभोगी ने मनिका थाने में आवेदन भी दिया है।

#### खाताधारियों में हड़कंप

ईधर, मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के खाताधारकों के पैसे की अवैध तरीके से हो रही निकासी के बाद बैंक के खाताधारियों में हड़कंप मंच गया है। लोग अपने-अपने खाते चेक करा रहे हैं कि कहं उनके खाते से भी तो अवैध तरीके से राशि की निकासी तो नहीं कर ली गई है। इस मामले को लेकर मैनेजर का पक्ष जानने का प्रयास किया तो मैनेजर बैंक से नदारत थे। वही बैंक मे मौजूद एक कर्मी ने मामले को लेकर बताया यह इस बैंक का यह मामला नहीं है।

# पलामू में धूम-धाम से मना श्री आनंदमूर्ति का 102 वां जन्मोत्सव



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आनंद मार्ग जागृति नई मुहल्ला में आनंद मार्ग के संस्थापक श्रीश्री आनंदमूर्ति जी का 102 वीं जन्मदिन आनंद पूर्णिमा उत्सव शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। आनंदमार्ग पलामू भक्ति कमिटी के मुक्ति प्रधान मधेस्वर देव ने बताया कि आनंदमार्ग के संस्थापक प्रभात रंजन सरकार का जन्म 1921 की बुद्धपूर्णिमा के दिन जमांलपुर बिहार में हुआ था। उन्होंने मनुष्य को स्वस्थ रहने के लिए तांडव व कोशिकी तथा मानसिक एवं आध्यातमिक विकास के लिए साधना का मार्ग प्रशस्त करके आनंदमार्ग मिशन की स्थापना की। आनंद मार्ग मिशन समाज के चहुंमुखी विकास के लिए कार्य कर रहा। आज दुनिया के सभी देशों में आनंदमार्ग अपने मिशन का कार्य कर रहा है। इस कार्यक्रम में नई मुहल्ला स्थित आनंदमार्ग जागृति में सुबह से कीर्तन भजन साधना किया गया और शोभा यात्रा भी निकाली गई। शोभा यात्रा जागृति से स्टेशन रोड होते चर्च रोड, कचहरी चौक, सरकारी बस डिपो, छामुहान होते शदिक चौक, स्टेशन चौक होते वापस जागृति को समाप्त हुआ। इस शोभायात्रा में जिले भर से आए सैकड़ों आनंदमागीर्यों ने हिस्सा लिया और मानव मानव एक है मानव का धर्म एक है व अन्य के नारे लगाते हुए अपने समाज का प्रचार प्रसार किया। जागृति परिसर में बच्चों के लिए पेंटिंग, क्विज आदि का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर आचार्य ब्रजगोपालआनंद अवधूत, बैजनाथ जी, विश्वनाथ जी, जगन्नाथ जी ,लक्ष्मण सिंह, गोपाल, अरविंद, प्रदीप, रामस्वरूप देव, मणिकांत, दीपक, सहज प्रिया, रेणु, मधुबाला, शारदा व अन्य अनंदमार्गी लोग उपस्थित थे।

# बाइक दुर्घटना में घायल पुलिस जवान को अस्पताल पहुंचाया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेंदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के जीएलए कॉलेज गेट के पास दो बाइक की टक्कर में एक पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार रेड़मा निवासी पुलिस के जवान संजय कुमार किसी काम से मेदिनीनगर आया था। इसी बीच मेदिनीनगर से अपने घर लौटने के दौरान जीएलए कॉलेज गेट के पास उनकी बाइक की टक्कर एक दूसरे बाइक से हो गई। जिसमें बाइक से गिर कर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों के द्वारा घायल को एंबुलेंस के माध्यम से सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज के बाद भी उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं दूसरे



बाइक चालक कसमार गांव निवासी छोटन कुमार को हल्की फुल्की चोट आई है। वहीं बाइक दुर्घटना की जानकारी घायल के परिजनों को दे दी गयी है। जानकारी मिलते ही घायल पुलिस के जवान संजय कुमार के परिजन सदर अस्पताल पहुंचकर घायल को इलाज कराने में जुट गए हैं। अभी फिलहाल घायल पुलिस के जवान संजय कुमार साहिबगंज में कार्यरत है।

# बुद्ध के बताये रास्ते पर ही भारत विश्वगुरु बन सकता है : जेकेएम

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड क्रांति मंच के वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति में शुक्रवार को भगवान बुद्ध की जयंती के अवसर पर कचहरी प्रांगण में झारखण्ड क्रांति मंच के पलामू जिलाध्यक्ष विजय राम की अध्यक्षता में बुद्ध जयंती समारोह मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन केन्द्रीय उपाध्यक्ष पूर्व डाकपाल रामनरेश राम ने किया। कार्यक्रम के शुरूआत में



मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित झारखण्ड क्रांति मंच के केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने भगवान बुद्ध की तस्वीर के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष ने कहा कि तथागत भगवान बुद्ध के बताये मार्ग पर चलकर ही भारत विश्व का गुरु बन सकता है। दुनिया को बिना किसी परालौकिक शक्ति व आत्मा-परमात्मा के अंधविश्वासी जाल में उलझाए बिना विश्व के पहले अध्यात्मिक वैज्ञानिक तथागत ने अप्प दीपो भवः का संदेश देकर अपने भीतर झांकने व सम्पूर्ण दुःखों से मूक्ति का मार्ग दिखाया। मौके पर जेकेएम के निगम क्षेत्र अध्यक्ष प्रदीप राम, महासचिव चंदू राम समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# भूमि दान करने वाले वंशजों को कोई आपत्ति नहीं

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव पलामू के द्वारा पलामू की धरती पर भव्य परशुराम मंदिर का निर्माण किया जाना है।



जिसका भूमि पूजन बीते 3 मई दिन बुधवार को किया जा चुका है। जिसमें समाज के सभी लोगों का उत्साह देखने को मिला । इस भूमि पूजन कार्यक्रम में हजारो लोगों ने शामिल हो कर इस कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने का काम किया। इसी कड़ी में भूमि दानदाता स्व. पण्डित मथुरा तिवारी के वंशजों को राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव ने अपनों के सम्मान अपनों से अभियान के तहत उनके द्वार पहुँच कर उनके वशंजो को अंगवस्त्र पहना कर सम्मानित किया । स्व. मथुरा तिवारी के भतीजा अधिवक्ता त्रिपुरारी तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के द्वारा जो मेरे वंशज के दान किए गए भूमि पर जो परशुराम मंदिर बना रही है उसमे मेरे किसी भी खानदान की कोई आपत्ति नहीं है। इस सम्मान समारोह में भूमि दान करने वाले स्व. मथुरा के वंशज त्रिपुरारी तिवारी, रुचिर तिवारी, शिवध्यान तिवारी, पपड़ तिवारी के साथ राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के प्रदेश संरक्षक मुकेश तिवारी, प्रदेश पर्यवेक्षक अभिषेक तिवारी प्रमंडलीय उपाध्यक्ष आशुतोष तिवारी ब्राह्मण, अरविंद पांडे, अंकित पांडे, संजीत पांडे सहित दर्जनों परशुराम भक्त उपस्थित थे।

### घोषणा चिनिया में बनेगा पुल, सरकार ने दी स्वीकृति : मंत्री

# हर गांव में होगी आवागमन की सुविधा

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

गढ़वा जिला अंतर्गत चिनिया प्रखंड के खुर्री पंचायत में तीन करोड़, 26 लाख रुपये की लागत से पुल का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत बनने वाले इस पुल की ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। खुर्री एवं नक्सीली गांव के बीच कांके नदी पर इस पुल निर्माण किया जाएगा। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि यथाशीघ्र निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य आरंभ कर दिया जाएगा। जल्द ही ग्रामीणों को वर्षो पुरानी आवागमन की इस समस्या से निजात मिल सकेगी।



ठाकुर ने कहा कि खुर्री एवं नक्सीली के बीच कांके नदी पर पुल निर्माण की मांग इस क्षेत्र के लोग वर्षों से करते आ रहे थे। पर शायद पूर्व के प्रतिनिधियों की प्राथमिकता में कुछ और ही था। अब उनकी मांग पूरी हुई है। इसका मुझे सुकून है। इस पुल के नहीं होने से रणपुरा के ग्रामीण बरसात के दिनों में अपनी पंचायत सचिवालय तक भी नहीं पहुंच पाते थे। चिनिया के साथ-साथ रंका के निकटवर्ती इलाकों के लोगों को भी छत्तीसगढ़ जाने में भी काफी सुविधा होगी। चूंकि कनहर पर भी पुल निर्माण पूर्ण हो चुका है। मंत्री ने कहा कि जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं। गढ़वा वासियों के आशीर्वाद से उनके प्रयास में लगातार सफलता मिल रही है। जनता के सपनों को पूरा कर सकें यही उनका मुख्य उद्देश्य है। मंत्री ने कहा कि गढ़वा के सभी गांवों में बेहतर सड़क एवं आवश्यकतानुसार पूल- पुलिया का निर्माण कार्य काफी तेजी से किया जा रहा है। साथ ही शेष बचे गांव में यह कार्य शीघ्र पूर्ण करने की प्रक्रिया जारी है। मंत्री ने कहा कि आने वाले समय में गढ़वा विधानसभा क्षेत्र का कोई भी गांव या टोला बेहतर सड़क से वंचित नहीं रहेगा।

# आनंदमार्गियों ने मनाया अपने गुरुदेव का जन्मोत्सव

### मेराल में दो दशकों से सेवा मूलक कार्य में अग्रणी भूमिका निभा रहा आनंदमार्ग : मेहता

**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**

आनंदमार्ग आश्रम मेराल में आनंद मार्ग के संस्थापक श्री श्री आनंदमूर्ति जी का 102वां जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया गया। यह आयोजन पंचजन्य, सामूहिक साधना, ध्यान, बच्चों के बीच विभिन्न प्रतियोगिता, नारायण सेवा, पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हुआ। इस मौके पर गुरु के दिए हुए वाणी को विभिन्न भाषाओं में जैसे संस्कृत, अंग्रेजी, बांग्ला, हिंदी, भोजपुरी, मगही, अंगिका, छत्तीसगढ़ी एवं विभिन्न भाषाओं में पढ़ा गया। वैशाखी पूर्णिमा 1921 ई. में प्रभात रंजन सरकार (श्रीश्री आनंदमूर्ति जी) का जन्म बिहार के जमालपुर में एक साधारण परिवार में हुआ था। तब से आनंद मार्गी पूरे विश्व में वैशाखी पूर्णिमा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं।

वहीं हमारे संपूर्ण जीवन में नैतिकता का महत्व विषय पर भाषण प्रतियोगिता में प्रभात प्रसाद कुशवाहा प्रथम स्थान, ज्योति कुमारी द्वितीय स्थान, जबकि सत्यम कुमार को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों को संतावना पुरस्कार दिया गया। इस कार्यक्रम के



उपलक्ष्य पर मुख्यतिथि के रूप में मेरालपूर्वी के मुखिया रामसागर मेहता जबकि विशिष्ठ अतिथि के रूप में मेराल के सांसद प्रतिनिधि रूपु महतो, कृष्णा प्रसाद कुशवाहा, महेंद्र प्रसाद, अवध किशोर चौबे आदि उपस्थित थे।

जन्म उत्सव के उपलक्ष्य पर आनंदमार्गियों ने शोभायात्रा आनंद आश्रम मेराल से निकाली जो हॉस्पिटल चोक, थाना, बस स्टैंड, लखेया मोड़ होते पुनः आश्रम में संपन्न हुई। शोभायात्रा में पर्यावरण बचाने, दहेज और नशामुक्त समाज, बाल विवाह, बेटी बचाओं -बेटी पढाओ जैसे नारे लगाए जा रहे थे। इस कार्यक्रम में डॉ लाल मोहन, डॉ रामानुज प्रसाद, अरिंदम विश्वास, धर्मेंद्र कुमार देव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सत्यप्रकाश कुमार, देवीशरण गुप्ता, इंज रोहित कुमार, अमरनाथ कुमार, रंजीत कुमार, प्रो रामा मेहता, आलोक कुमार ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

ज्ञान की बात

हमें ईश्वर को खोजने की जरूरत है, और वह शोर और बेचैनी में नहीं पाया जा सकता है। ईश्वर मौन के मित्र हैं। देखिए कैसे प्रकृति-पेड़, फूल, घास- मौन में बढ़ती है; सितारों, चंद्रमा और सूर्य को देखें, वे कैसे मौन में चलते हैं ह्व हमें मौन की आवश्यकता है ताकि हम आत्माओं को स्पर्श कर सकें।

- मदर टेरेसा

# हेमंत व विपक्षी एकता

***लोस*** चुनाव को लेकर सत्ता पक्ष और समस्त विपक्ष आमने-सामने है। इसी बाबत झारखंड की राजनीति में भी कयासों के बादल मंडराने लगे हैं। राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की निगाहें 14 विस सीटों पर है। हालांकि जेएमएम एक ही सीट पर कायम है। बीजेपी 12 सीटों पर बढ़त बनाये हुए है। ऐसे में अपनी चतुराई का परिचय देते हुए हेमंत सोरेन विपक्षी एकता के साथ हमसफर बनना चाहते हैं। इसी के तहत जदयू के नेताओं के संपर्क हैं। सूत्रों की मानें तो बहुत जल्द इनकी मुलाकात बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से होने वाली है। पटना में 19 विपक्षी दलों की बैठक होने की संभावना है। ऐसे में झारखंड की राजनीति में इस बात की चर्चा आम है कि कैसे विपक्षी एकता के साथ होकर भाजपा का मुकाबला किया जाये। बहरहाल चर्चाओं के बाजार में देखें तो कभी 1974 में गांधी मैदान से जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में देश में बदलाव आया था। कर्नाटक विधान सभा चुनाव परिणाम के बाद गांधी मैदान की धरती से 2024 का बिगुल फूंकने की तैयारी है। केन्द्र की मोदी सरकार के विरूद्व विपक्षी एकता को धार देने की तैयारी के लिए अभी से सभी मगजमारी जारी है। ऐसे में बाहुबली आनंद मोहन की रिहाई को लेकर बिहार में माथापच्ची जारी है।दूसरी तरफ एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार के इस्तीफे के बाद विपक्षी एकता की पोल खुलनी शुरू हो गयी है। बहरहाल बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जब पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मिलने कोलकाता गये थे , तो ममता ने कहा था - अच्छा होगा विपक्षी एकता आंदोलन की शुरूआत जेपी आंदोलन की तरह बिहार से पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान से हो। लेकिन उन्होंने इसका खुलासा नहीं किया कि विपक्षी एकता का नेता कौन होगा? हालांकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ममता बनर्जी और अरविन्द केजरीवाल से मिल कर खुश हैं। यही कारण है कि उन्होंने पटना में कहा - हम लोग सभी नेताओं के साथ मिलकर बातचीत कर रहे हैं। अभी कुछ और लोगों से बातचीत होनी है। इसके बाद तय हो जायेगा कि कहां पर बैठक होगी। बहुत लोगों की राय है कि बैठक पटना में होनी चाहिए। यह सभी लोगों की राय से तय होगा। नीतीश ने कहा कि यदि सभी लोग चाहेंगे, तो बिहार में जरुर बैठक होगी। अभी एक राज्य में (कर्नाटक) चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। कई दल उस चुनाव में लगे हैं ,चुनाव के बाद यह सब होगा। बिहार में सभी पार्टियों के साथ मीटिंग होगी ,तो यह खुशी की बात होगी। जो भी होगा वह सभी लोगों की राय से ही होगा। कहां जाना है, क्या करना है, क्या मेनिफेस्टो बनाना है, यह सब बाद में तय करेंगे। लेकिन पहले एक संदेश देना है कि हम लोग सब एक साथ हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या विपक्ष एकजुट है? यह एक ऐसा सवाल है जिस पर पूरा देश मगजमारी कर रहा है। सभी विपक्ष के नेता प्रधानमंत्री बनना चाहते हैं। ऐसे में विपक्षी एकता की बात बेमानी लग रही है। यही कारण है कि भाजपा उत्साहित है। उसे पता है कि विपक्षी एकता कभी नहीं हो सकती है। अवसरवादिता की पगडंडियों पर कई रोड़े अटके हुए हैं। दूसरी तरफ प्रधानमंत्री के बारे में कांग्रेस अध्यक्ष का सांप बोला जाना राजनीतिक गलियारों में नारा बन चुका है। हालांकि ऐसी बात नहीं है कि कांग्रेस के ही बोल गड़बड़ हैं। भाजपा भी कभी किसी से कम नहीं है। उसने भी सोनिया गांधी को विष कन्या कहा है। लेकिन बाजार में जाकर अपने सामान को जिस प्रकार भाजपा बेच रही है,उस मामले में कांग्रेस काफी पीछे है। बहरहाल यह सही है कि पीएम के बारे में या सोनिया गांधी के बारे में बोलने से पहले दोनों पार्टियों को बचने की जरूरत है। लेकिन हाल के दिनों में अपशब्दों की पाठशाला में इसे शिष्टाचार माना जाता है।

**लाठी से पीट-पीटकर हेसला गांव में जिस प्रकार बुजुर्ग दंपती की जान ले ली गई, उससे सवाल उठता है कि हमारी संवेदनायें आखिर ऐसे मामले में क्यों मर जाती है। हमले में मृतकों की बहू भी घायल हो गई।**

# भारत के राज्यों का एक लाख करोड़ की अर्थव्यवस्था बनने का प्रयास





- प्रहलाद सबनानी

**भा**रत को यदि 5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना है तो निश्चित ही इसका रास्ता विभिन्न राज्यों के विकास के मार्ग से होकर जाता है। यह हर्ष का विषय है कि भारत के कुछ राज्य अपनी अर्थव्यवस्था को एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की ओर ले जाने के गम्भीर प्रयास करते दिखाई दे रहे हैं। इन राज्यों में शामिल हैं- उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक एवं तमिलनाडु। इन राज्यों की वर्तमान में (वर्ष 2021-22) सकल राज्य घरेलू उत्पाद का स्तर, वर्तमान में वास्तविक वार्षिक विकास दर एवं आगे आने वाले समय में आवश्यक विकास दर की स्थिति पर विचार करने पर ध्यान में आता है कि इनमें से कुछ राज्यों को अपने लिए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अथक प्रयास करने होंगे। उतर प्रदेश ने राज्य की अर्थव्यवस्था को वर्ष 2027 तक एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। वर्ष 2021-22 में उत्तर प्रदेश राज्य का सकल राज्य घरेलू उत्पाद 29,400 करोड़ अमेरिकी डॉलर था एवं विकास दर लगभग 13 प्रतिशत की रही है। परंतु राज्य को एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए अब वर्ष 2027 तक आवश्यक विकास दर 34.5 प्रतिशत प्रतिवर्ष हासिल करनी होगी। इतनी भारी भरकम विकास दर हासिल करने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य को विशेष प्रयास करने होंगे। उत्तर प्रदेश राज्य के सकल राज्य घरेलू उत्पाद में कृषि क्षेत्र का योगदान 23 प्रतिशत, उद्योग क्षेत्र का योगदान 27 प्रतिशत एवं सेवा क्षेत्र का योगदान 50 प्रतिशत है। उत्तर प्रदेश की जनसंख्या 22 करोड़ है, अतः राज्य में आर्थिक विकास के साथ उत्पादों की भारी भरकम मांग उत्पन्न की जा सकती है एवं उत्तर प्रदेश राज्य की अर्थव्यवस्था खपत आधारित अर्थव्यवस्था बन सकती है। इससे उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास की प्रबल सम्भावनाएं मौजूद हैं। हालांकि हाल ही के समय में उत्तर प्रदेश राज्य विकास के पथ पर चल पड़ा है।

राज्य के पश्चिमी एवं पूर्वी इलाकों में सड़क मार्ग की उपलब्धता में अतुलनीय सुधार किया जा रहा है। नए नए सड़क मार्ग के कॉरिडोर एवं एक्स्प्रेस रास्तों का निर्माण किया जा रहा है। आधारभूत सुविधाओं का तेजी से विकास किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों का निर्माण हो रहा है। इन समस्त सुविधाओं के बढ़ने से उत्तर प्रदेश राज्य में भारी भरकम निवेश आकर्षित हो रहा है एवं रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित हो रहे हैं। अब उत्तर प्रदेश राज्य के नागरिक रोजगार प्राप्त करने के उद्देश्य से अन्य राज्यों की ओर कम प्रस्थान कर रहे हैं। दिनांक 10 फरवरी 2023 को उत्तर प्रदेश राज्य ने एक निवेश सम्मेलन 2023 का आयोजन किया था। इस वैश्विक निवेश सम्मेलन में भारतीय कम्पनियों के अलावा कई अंतरराष्ट्रीय स्तर की बहुराष्ट्रीय कम्पनियों ने भी भाग लिया था। उत्तर प्रदेश सरकार ने इस सम्मेलन में 10 लाख करोड़ रुपए के निवेश की राशि के प्रस्ताव प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया था। परंतु, आश्चर्यजनक रूप से इस वैश्विक निवेश सम्मेलन में 33 लाख करोड़ रुपए के 18,643 निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इससे उत्तर प्रदेश में 92.5 लाख रोजगार के नए अवसर निर्मित होंगे। उत्तर प्रदेश राज्य तो कुछ वर्ष पूर्व तक बीमारू राज्य की श्रेणी में शामिल था परंतु अब देश में सबसे तेज गति से आर्थिक विकास करने वाले राज्यों की श्रेणी में शामिल हो गया है। अतः अब उम्मीद की जा रही है कि उत्तर

**राज्य को एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए अब वर्ष 2027 तक आवश्यक विकास दर 34.5 प्रतिशत प्रतिवर्ष हासिल करनी होगी। इतनी भारी भरकम विकास दर हासिल करने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य को विशेष प्रयास करने होंगे।**

**इन दिनों**

प्रदेश राज्य वर्ष 2027 तक एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बन सकता है। इसी प्रकार महाराष्ट्र राज्य ने भी अपने राज्य की अर्थव्यवस्था को वर्ष 2030 तक एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। वर्ष 2021-22 में महाराष्ट्र राज्य का सकल राज्य घरेलू उत्पाद 43,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर था एवं वास्तविक विकास दर लगभग 10 प्रतिशत रही है। अब आने वाले वर्षों में, वर्ष 2030 तक महाराष्ट्र राज्य को अपनी अर्थव्यवस्था को औसतन 12.5 प्रतिशत की दर से प्रतिवर्ष आगे बढ़ाना होगा। यह लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। वैसे भी महाराष्ट्र राज्य औद्योगिक विकास के मामले में भारत के अग्रणी राज्यों में रहा है। मुंबई को देश की आर्थिक राजधानी भी कहा जाता है। महाराष्ट्र राज्य ने भी 120,000 करोड़ रुपए के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त किये हैं। निवेश के इन प्रस्तावों पर तेजी से कार्य चल रहा है। अतः महाराष्ट्र राज्य द्वारा वर्ष 2030 तक एक लाख करोड़ रुपए की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया जाएगा, ऐसी उम्मीद की जा रही है। गुजरात राज्य ने अपने राज्य की अर्थव्यवस्था को वर्ष 2027 तक 50,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर की बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। वर्ष 2021-22 में गुजरात राज्य का सकल राज्य घरेलू उत्पाद 28,800 करोड़ अमेरिकी डॉलर था एवं वास्तविक विकास दर लगभग 13 प्रतिशत की रही है। अब गुजरात राज्य को उक्त लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए वर्ष 2027 तक प्रतिवर्ष औसतन 16.1 प्रतिशत की विकास दर हासिल करनी होगी। यह विकास दर आसानी से हासिल की जा सकती है। गुजरात राज्य ने भी 163,000 करोड़ रुपए के राज्य में निवेश के प्रस्ताव प्राप्त किए हैं एवं इन प्रस्तावों के अंतर्गत राज्य में तेज गति से निवेश हो भी रहा है। गुजरात राज्य भारत के विकसित राज्यों में शामिल है एवं गुजरात में आर्थिक विकास की दर पिछले लम्बे समय से उत्साहजनक बनी हुई है। गुजरात के पास देश में सबसे बड़ी समुद्री सीमा है, जिससे अन्य देशों के साथ उत्पादों का आयात एवं निर्यात आसानी से हो सकता है। पूर्व के वर्षों में हासिल की गई आर्थिक विकास दर को देखते हुए यह उम्मीद की जा रही है कि गुजरात राज्य वर्ष 2027 तक 50,000 करोड़ रुपए की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को हासिल कर लेगा। कर्नाटक राज्य ने अपने राज्य की अर्थव्यवस्था को वर्ष 2027 तक एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। वर्ष 2021-22 में कर्नाटक राज्य का सकल राज्य घरेलू उत्पाद 24,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर था एवं वास्तविक विकास दर लगभग 13 प्रतिशत की रही है। अब कर्नाटक राज्य को वर्ष 2027 तक प्रतिवर्ष औसतन 32 प्रतिशत की विकास दर हासिल करना होगा तभी कर्नाटक राज्य एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था वर्ष 2027 तक बन सकेगा। कर्नाटक की राजधानी बंगलुरु को भारत की सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की राजधानी कहा जाता है एवं कर्नाटक में स्थापित इस क्षेत्र की कम्पनियों ने भारत का नाम पूरे विश्व में रोशन किया है। कर्नाटक को उक्त लक्ष्य प्राप्त करने के लिए अति गम्भीर प्रयास करने होंगे। तमिलनाडु राज्य ने अपने राज्य की अर्थव्यवस्था को वर्ष 2030 तक एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

**बोधि वृक्ष**

## आईए सुनें भगवान बटुक भैरव की कथा

***रूप*** में संसार की रक्षा की है मेरे क्रोध से इसलिए आज से आपको भैरव की उपाधि दी जाती है। आज से आप 'बटुक भैरव' के रूप में पूजे जाएंगे और मेरे पुत्र के रूप में जाने जाएंगे। बटुक भैरव पापियों के काल है उनकी उपस्थिति जहाँ साधको को सुख का आभास करवाती है वही वो बालक पांच वर्ष की आयु में भी पापियों का काल है, सोचिये की जिस बालक ने माँ काली के क्रोध को शांत कर दिया उसके सामने कौन ऐसा है जो अपनी शक्ति दिखाएगा। ये थी बाबा बटुक भैरव की उत्पत्ति की कथा। उपरोक्त वर्णित दो भैरवों के आलावा कोई भी ऐसे भैरव नहीं है जिनकी उत्पत्ति साक्षात भगवान् शिव से हुई हो। रक्षक की भूमिका निभाने के लिए समय समय पर बाबा काल भैरव से ही अन्य सभी भैरवों, उप-भैरवों की उत्पत्ति हुई है जिनका मुख्य उद्देश्य माता के विभिन्न रूपों की रक्षा करना ही था। परन्तु इन सभी भैरवों में से भी एक भैरव ऐसे हुए जो काल भैरव को सबसे प्रिय है। भगवान् काल भैरव ने उन्हें अपने अनुज का स्थान दिया अपना दंडाधिकारी बनाया जिनका नाम है कपाल भैरव। कपाल भैरव उत्पत्ति कथा : यहां कपाल भैरव के जन्म की उत्पत्ति की कथा बताने से पहले मैं आप सबकी बाबा कपाल भैरव की कुछ विशेष बाते बताना चाहता हूं और आध्यात्म में सिद्धि की पराकाष्ठा कपाल भेदन क्रिया को माना जाता है इस कपाल भेदन के मुख्य रूप से दो प्रतीकात्मक या मुख देवता है सर्व प्रथम है माता छिन्नमस्ता जिन्होंने स्वयं अपना शिरच्छेद कर दिया था और दूसरी है भगवान् परशुराम की माता और ऋषि जमदग्नि की धर्मपत्नी माँ रेणुका जिनका सर पिता की आज्ञा से स्वयं भगवान् परशुराम ने काट दिया था, जिस प्रकार सर्प जागृत कुण्डलिनी का प्रतीक होते हैं। उसी प्रकार ये दोनों माताएं कपाल भेदन क्रिया की प्रतीक एवं पराकाष्ठा है। परन्तु शास्त्रों के गूढ़ जानकार इस बात को जानते हैं कि इनके आलावा *(क्रमशः)*

# सोशल मीडिया पर फेक न्यूज की रफ्तार, चुनौती अपार



ऋतुपर्ण दवे

***जितनी*** रफ्तार से हम विज्ञान के साथ रचते-बसते और जीने की नई-नई तरकीबें सीखते जा रहे हैं, ठीक वैसे ही तमाम चुनौतियां मुंह बाएं आ खड़ी हैं। वास्तव में यह दौर इंटरनेट मीडिया का है जिससे हर हाथ को दुनिया तक अपने संदेशों को पहुंचाने की बहुत बड़ी ताकत मिली। अक्सर यही स्वतंत्रता के उपयोग और दुरुपयोग से झूठे संदेश या फेक न्यूज समाज, देश और दुनिया के लिए बड़ी चुनौती बन जाते हैं। इस पर लगाम या कहें झूठे प्रसार को लेकर भारत सहित दुनिया भर में तमाम जतन किए जा रहे हैं, लेकिन सच यही है कि यह बड़ी चुनौती है। तमाम तरह के कानूनों के बावजूद अक्सर लोग उनके मोबाइल में आए या बनाए मैसेज को बिना सोचे, समझे और बुद्धि, विवेक से काम लिए सीधे आगे बढ़ा देते हैं या फॉरवर्ड कर देते हैं। बस इसी खेल के चलते बेहद कामयाब इंटरनेट तकनीक बड़ी चुनौती बन गई है। जब इंटरनेट नहीं था तब लोग अखबारों पर ही खबरों के लिए निर्भर थे और विश्वनीयता इतनी कि कभी भी इतने और अब जैसे रोजाना सवालिया निशान नहीं लगे। रियल टाइम खबरों के इस दौर में सच कम, झूठ ज्यादा है। स्थिति कितनी भयावह और अलग है कि लोग पहले अखबारों को खोजकर कतरनों की फोटो कॉपी करा प्रसारित करते थे। आज ठीक उलट है जहां झूठी खबरें पलक झपकते ही लाखों लोगों द्वारा बिना सत्यता जांचे शेयर या ट्वीट-रिट्वीट हो जाती हैं। इसी आड़ में अक्सर लोग अपनी निजी दुश्मनी तक भंजा लेते हैं और दुनिया झूठ के फरेब को काफी देर बाद समझ पाती है। लेकिन तक नफा-नुकसान का बड़ा खेल अपना गुल खिला चुका होता है।

सोशल कहें या इंटरनेट मीडिया जो भी, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का जरिया मान लेना भी कुतर्क है क्योंकि इसका जितना बड़ा दायरा है उतने ही बंधन। ऐसी स्वतंत्रता व अनाप-शनाप कुछ भी लिख, पढ़ और बोलने की आजादी किसी को नहीं है जो किसी दूसरे के मान-सम्मान या निजता को चोट पहुंचाती हो। इसका ताजा उदाहरण हाल ही में राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता खत्म कर देने के उदाहरण से समझा जा सकता है। अक्सर गैर भरोसेमंद स्त्रोतों और आधी-अधूरी जानकारियों के चलते ही फेक न्यूज या झूठी खबर इतनी तेजी से फैलती यानी वायरल होती हैं कि अक्सर समझदार लोग भी गच्चा खा जाते हैं। कई मौकों पर देखने में आता है कि ऐसी खबरों से शहर से लेकर गांव और घर-घर लोग बेचैन हो जाते हैं। उत्तेजना फैल जाती है और लोग और समूह बेसिर-पैर की बातों के चलते गुस्से में आकर बड़ी-बड़ी घटनाएं तक कर बैठते हैं। ऐसे तमाम और दर्जनों क्या लाखों उदाहरण मिलेंगे जहां दुनिया भर में के कई प्रान्त और देश तक झूठी खबरों की झुलसन में बदहाल और बेहाल होते देखे गए। वाकई में सोशल मीडिया एक ऐसा बिना बारूद का बम गोला बन चुका है जिससे शहर के शहर आग के शोलों से जल उठते हैं। सरकारों और जिम्मेदारों के लिए सूचना का यह सोशल तंत्र नॉन सोशल होकर वो रूप दिखाता है कि एक निर्जीव साधन जिन्दा और समझदार लोगों की आपसी टकराहट में आग में घी और पेट्रोल का काम करता है। करीब सवा दो बरस पहले दुनिया ने खास उदाहरण देखा जिसमें दुनिया का दारोगा कहलाने वाले अमेरिकी संसद परिसर में हुई हिंसा के बाद माइक्रो ब्लॉगिंग वेबसाइट ट्विटर ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पर्सनल अकाउंट को स्थायी रूप से सस्पेंड कर दिया क्योंकि आशंका थी कि आगे भी उनके हैंडल से हिंसा के और भड़काने की जोखिम का खतरा था।

**स्वतंत्रता के उपयोग और दुरुपयोग से झूठे संदेश या फेक न्यूज समाज, देश और दुनिया के लिए बड़ी चुनौती बन जाते हैं। इस पर लगाम या कहें झूठे प्रसार को लेकर भारत सहित दुनिया भर में तमाम जतन किए जा रहे हैं, लेकिन सच यही है।**

**ऋतुपर्ण दवे**

**फोटो की दुनिया**



**फेसबुक वॉल से**




# भक्त की पुकार, भगवान तक पहुंचाने वाले पत्रकार हैं नारद जी



योगेश कुमार गोयल

***ब्रह्माण्ड*** के प्रथम दिव्य पत्रकार नारद मुनि की जयंती इस साल छह मई को है। वो लोकमंगल के पहले संवाददाता है। इसलिए वो देवर्षि हैं। यह कितना कष्टदायी है कि तात्कालीन हास्य के अग्रदूतों ने उनको चुगलबाज और आपस में भिड़ाकर क्लेश कराने वाले पौराणिक चरित्र के रूप में गढ़ दिया। इस पर विचार करने की जरूरत है। वास्तव में उनका प्रमुख उद्देश्य प्रत्येक भक्त की पुकार को भगवान तक पहुंचाना ही था। वे एक लोक से दूसरे लोक में भ्रमण करते हुए संवाद-संकलन का कार्य कर एक सक्रिय एवं सार्थक संवाददाता की भूमिका निभाते रहे हैं। संवाद के माध्यम से नारद जी ने तोड़ने का नहीं बल्कि जोड़ने का कार्य किया है। इसलिए वो पत्रकारिता के प्रथम पितृ पुरुष हैं। उन्हें देवताओं का दिव्य दूत और संचार का अग्रणी साधक माना गया है।

मान्यता है कि देवर्षि नारद का जन्म ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा के दिन हुआ था। इसीलिए प्रतिवर्ष इसी दिन नारद जयंती मनाई जाती है। इस दिन भगवान विष्णु तथा माता लक्ष्मी का पूजन करने के पश्चात देवर्षि नारद की पूजा की जाती है। अपनी वीणा की मधुर तान से भगवान विष्णु का गुणगान करने और अपने श्रीमुख से सदैव नारायण-नारायण का जप करते हुए विचरण करने वाले नारद को महर्षि व्यास, महर्षि वाल्मीकि तथा महाज्ञानी शुकदेव का गुरु माना जाता है।

कुछ शास्त्रों में नारद मुनि को त्रिकालदर्शी और विष्णु का अवतार भी माना गया है। श्रीमद्भागवदपुराण के अनुसार सृष्टि में भगवान विष्णु ने देवर्षि नारद के रूप में तीसरा अवतार ग्रहण किया है। कुछ स्थानों पर उनका वर्णन बृहस्पति के शिष्य के रूप में भी मिलता है। धार्मिक पुराणों के अनुसार अनेक कलाओं तथा विद्याओं में निपुण देवर्षि नारद को संगीत की शिक्षा ब्रह्माजी ने स्वयं दी थी और भगवान विष्णु ने उन्हें माया के विविध रूप समझाए थे। मान्यता है कि देवर्षि नारद ने ही भक्त प्रह्लाद, भक्त अम्बरीष, भक्त ध्रुव इत्यादि भगवान विष्णु के कई परम भक्तों को उपदेश देकर उन्हें भक्ति मार्ग में प्रवृत्त किया था।

उन्होंने ही भृगु कन्या लक्ष्मी का विवाह भगवान विष्णु के साथ कराया। देवराज इन्द्र को समझा-बुझाकर देव नर्तकी उर्वशी का पुरुरवा के साथ परिणय सूत्र कराया। इसके अलावा वे कई अत्याचारी महाराक्षसों द्वारा जनता के उत्पीड़न का वृत्तांत भगवान तक पहुंचाकर उनके विनाश का माध्यम भी बने। महर्षि वाल्मीकि को रामायण की रचना करने के लिए प्रेरित किया। यही कारण है कि समस्त युगों, कालों, विधाओं और वर्गों में सम्मान के पात्र रहे नारद जी को सभी लोकों के समाचारों की जानकारी रखने वाले कवि, मेधावी नीतिज्ञ तथा एक प्रभावशाली वक्ता के रूप में स्मरण किया जाता है। जन-जन के हितकारी देवर्षि नारद किस प्रकार धरती पर विभिन्न प्राणियों को दुखी देखकर स्वयं भी दुखी हो जाया करते थे, इसका उल्लेख भी एक पौराणिक कथा में मिलता है। कथानुसार, एक बार देवर्षि नारद ने बैकुंठधाम जाकर भगवान विष्णु से निवेदन किया कि वे पृथ्वी पर लोगों को दुखी देखकर खुद बहुत दुखी हैं क्योंकि वहां धर्म के रास्ते पर चलने वाले लोगों का नहीं बल्कि गलत कार्य करने वालों का ही भला होता है। भगवान विष्णु ने कहा कि हे नारद! ऐसा नहीं है और जो कुछ भी हो रहा है, सब नियति के जरिये ही हो रहा है। उन्होंने पूछा कि आखिर ऐसा आपने क्या देख लिया, जिसके आधार पर आप यह कह रहे हैं? तब देवर्षि ने कहा कि उन्होंने जंगल में दलदली जमीन में फंसी एक गाय देखी। एक चोर वहां आया और गाय को दलदल में फंसी देखकर भी उसकी कोई मदद करने के बजाय वह उसी पर चढ़कर दलदल लांघकर निकल गया, जिसे आगे जाकर सोने की मोहरों से भरी एक थैली मिली।

**धार्मिक पुराणों के अनुसार अनेक कलाओं तथा विद्याओं में निपुण देवर्षि नारद को संगीत की शिक्षा ब्रह्माजी ने स्वयं दी थी और भगवान विष्णु ने उन्हें माया के विविध रूप समझाए थे।**

**राजनीति**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

# तनाव दूर करने व बेहतर नींद के लिए बहुत प्रभावी हैं ये योगासन



अच्छी नींद शरीर को संतुलित करने के साथ-साथ तनाव को भी दूर करने में मदद करती है। अच्छी नींद के लिए आपको नियमित रूप से कौन से योगासन करने चाहिए।

## नियमित रूप से करें ये योगासन

अच्छी नींद हर किसी के लिए बहुत जरूरी होती है। इससे व्यक्ति को अगले दिन शांत और फ्रेश महसूस होता है। इससे दिमाग तनाव मुक्त होता है। हालांकि अच्छी नींद के बिना व्यक्ति चिड़चिड़ा और थकान महसूस करता है। इससे उसका दिन पूरा बर्बाद हो सकता है। इसके लिए रात को समय पर सोना जरूरी है। 7 से 8 घंटे की अच्छी नींद बहुत ही जरूरी है। लेकिन अगर आपको अच्छी नींद लेने में परेशानी हो रही है तो आप कुछ योगासन भी कर सकते हैं। ये योगासन आपको तनाव मुक्त करने और बेहतर नींद लेने में मदद कर सकते हैं। कई बार अपच, कब्ज या ब्लोटिंग की समस्या के कारण भी नींद पर बुरा प्रभाव पड़ता है।

**वज्रासन :** अपने घुटनों को मोड़ कर बैठें और शरीर को सीधा रखें। हाथों को अपनी जांघों पर रखें । सीधे बैठने की स्थिति में धीरे-धीरे सांस अंदर-बाहर करें। वज्रासन तनाव और चिंता को कम करने के साथ-साथ हमें आराम करने में भी मदद कर सकता है। इसलिए ये हमें रात को अच्छी नींद लेने में मदद करता है।

**योग निद्रा :** ये एक प्राचीन तकनीक है। ये तनाव को कम करने और अच्छी नींद को प्रेरित करने का काम करती है। इसके लिए शवासन में आराम करें। गहरी सांसें लें और धीरे-धीरे सांस छोड़ें। ये तनाव कम करता है। एकाग्रता में सुधार करता है।

**बालासन :** इसे करने के लिए घुटनों के बल बैठ जाएं। अपने शरीर के बाकी हिस्सों को नीचे और आगे की ओर खींचते हुए बट को अपनी एड़ी की तरफ रखें। हाथों को आगे की ओर फैलाएं। अपने माथे को चटाई पर टिकाएं। इस दौरान आप अपने कंधों, नितंबों, रीढ़ और हाथों में खिंचाव महसूस करेंगे।

**मकरासन :** इसके लिए आपको अपने पेट के बल लेटना है। अपने हाथों को अपने सिर के नीचे क्रॉस करें। माथे को हाथों की कलाई पर टिकाएं और एड़ियों को बाहर की तरह करें। अपनी आंखें बंद करें। अपने शरीर को आराम दें।

**भ्रामरी प्राणायाम :** इसे करने के लिए आराम की मुद्रा में बैठ जाएं। अपनी आंखें बंद रखें। अपने दोनों कानों को अंगूठों से बंद करें। चार अंगुलियों के संतुलन को सामान्य श्वास के साथ चेहरे पर रखें। अपना मुंह बंद रखते हुए गुनगुनाती आवाज निकालें। जब आप ऐसा करते हैं, तो आप चेहरे और सिर के क्षेत्र में कंपन का अनुभव करेंगे। इसे करीब 10 मिनट तक करें। ये मानसिक थकान को दूर करने, मन को शांत करने और नींद को प्रेरित करने में मदद करेगा।

## रोजाना एक्सरसाइज करने के हैं कई फायदे

डॉ. बताते हैं कि एक्सरसाइज करने से शरीर में एंडोर्फिन हॉर्मोन बनता है। इससे हमेशा फ्रेश महसूस होता है। इससे आपको नींद भी अच्छी आती है। मानसिक तनाव कम होने से अन्य बीमारियों के होने की आशंका भी कम रहती है। किसी भी बीमारी से बचने के लिए डॉक्टर लोगों को एक्सरसाइज करने की सलाह देते हैं, अधिकतर लोग शरीर को फिट रखने के लिए एक्सरसाइज करते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इससे आपकी मेंटल हेल्थ भी ठीक रहती है। डॉक्टरों का कहना है कि नियमित रूप से व्यायाम करने से हमारे शरीर से फील गुड हार्मोन को बढ़ावा देती है, जिससे मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है। ऐसे में यह जरूरी है कि लोग अपनी जीवनशैली में व्यायाम को जरूर शामिल करें। विशेषज्ञ कहते हैं कि लोगों को फिट रहने और बीमारियों से बचने के लिए सप्ताह में कम से कम 150 मिनट एक्सरसाइज जरूर करनी चाहिए।



वरिष्ठ मनोरोग विशेषज्ञ डॉ। राज कुमार बताते हैं कि पिछले कुछ सालों से मानसिक परेशानियों के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। ऐसे में एक्सरसाइज को रोल काफी बढ़ जाता है। डॉ. के मुताबिक, एक्सरराइज के दौरान हमारा शरीर ऐसे रसायनों को रिलीज करता है जो हमे अच्छा फील कराते हैं। इससे मानसिक तनाव और अवसाद के खतरों को भी कम करने में मदद मिलती है। अपने रूटीन में एक्सराइसज को शामिल करके मेंटल हेल्थ को ठीक रखा जा सकता है। रोजना कुछ देर की वॉकिंग,जॉगिंग या एरोबिक्स से भी आप अपनी मेंटल हेल्थ को ठीक रख सकते हैं। अगर आप ये एक्सरसाइज नहीं कर सकते तो रोजाना योग से भी मेंटल हेल्थ को ठीक रख सकते हैं। ये आपके लिए एक एंटीडिप्रेशन दवा की तरह होता है।

**एक्सरसाइज से शरीर में बनता है एंडोर्फिन हॉर्मोन :** डॉ. बताते हैं कि एक्सरसाइज करने से शरीर में एंडोर्फिन हॉर्मोन बनता है। इससे हमेशा फ्रेश महसूस होता है। इससे आपको नींद भी अच्छी आती है और नींद से जुड़ी कोई परेशानी होने की आशंका भी कम रहती है। एक्सरसाइज करने से हार्ट, लिवर और किडनी में स्वस्थ रहते हैं। इससे आपका कॉलेस्ट्रोल में नियंत्रण में रहता है।

**ऐसे बनाए एक्सरसाइज का डेली प्लान :** डॉक्टरों के मुताबिक ,रोजाना सुबह या शाम को 15 मिनट से लेकर आधे घंटा का समय निकाले। हालांकि कोशिश करें कि सुबह ही इसके लिए समय निकालें। इस दौरान धीरे-धीरे किसी भी एक्सरसाइट से शुरूआत करें। अगर वजन ज्यादा है तो एक्सराइज के साथ खानपान पर भी ध्यान दें। एकदम से ज्यादा एक्सराइज कभी न करें। सप्ताह में एक दिन इसको स्कीप भी करें।

## मैग्नीशियम की कमी से बढ़ सकती हैं ये समस्याएं

जिस तरह से स्वस्थ शरीर के लिए पोषक तत्व आवश्यक होता है। ठीक उसी तरह से शरीर के लिए मैग्नीशियम भी बेहद जरूरी होता है। शरीर में मैग्नीशियम की कमी होने पर पाचन संबंधी दिक्कत, कमजोरी और भूख आदि नहीं लगती है। ऐसे में आप अपनी डाइट में इस फूड्स को शामिल कर मैग्नीशियम की कमी को पूरा कर सकते हैं। शरीर को हल्दी बने रहने के लिए कई विटामिन्स और मिनरल्स की आवश्यकता होती है। मैग्नीशियम, सोडियम, कैल्शियम के अलावा भी कई ऐसे तत्व होते हैं। जिनका हमारी बॉडी में सही मात्रा में होना बेहद जरूरी होता है। वहीं अगर शरीर में मैग्नीशियम की कमी हो जाती है तो इसके कई लक्षण नजर आने लगते हैं। मैग्नीशियम की कमी होने पर पाचन संबधी दिक्कतें, नींद नहीं आना, कमजोरी, भूख न लगना, मूड स्विंग्स, मांसपेशियों में दर्द, दिल की धड़कन का अनियमित होना आदि। अगर आपका भी शरीर इस ओर संकेत दे रहा है तो यह मैग्नीशियम की कमी को दिखाता है। सेहतमंद रहने के लिए शरीर में मैग्नीशियम के लेवल का सही होना आवश्यक होता है।

**ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करना**
डिप्रेशन को कम करना
माइग्रेन में आराम पहुंचाना
ब्लड शुगर को कंट्रोल करना
दिल की धड़कन को नियमित करना
हड्डियों को मजबूत रखना

**चार प्रकार के मैग्नीशियम जरूरी :** हमारी बॉडी के लिए 4 तरह के मैग्नीशियम बेहद जरूरी होते हैं। इन चारों मैग्नीशियम के अलग-अलग काम होते हैं। साथ ही चारों का स्त्रोत भी अलग-अलग होता है। ऐसे में अगर आपके भी शरीर में मैग्नीशियम की कमी है तो आपको अपनी डाइट में मैग्नीशियम से भरपूर चीजें जरूर शामिल करनी चाहिए। यहां हम आपको मैग्नीशियम के चार प्रकारों के बारे में बताने जा रहे हैं। साथ ही आप इन्हें कैसे अपनी डाइट में शामिल करें। इस बात की जानकारी डाइटीशियन मनप्रीत ने शेयर की है।

**मैग्नीशियम साइट्रेट :** मैग्नीशियम साइट्रेट एक नैचुरल लैक्सेटिव होता है। यब कब्ज आदि को दूर करने में सहायक होता है। मैग्नीशियम साइट्रेट की कमी से शरीर में कब्ज की समस्या होने लगती है और पेट सही से साफ नहीं हो पाता है। इसके लिए आपको अपनी डाइट में बीन्स, हरे पत्ते वाली सब्जियां, केला, अंजीर और बादाम आदि को शामिल करना चाहिए।

**मैग्नीशियम ग्लाइसीनेट :** मैग्नीशियम ग्लाइसीनेट हमारे दिमाग को आराम देने का काम करता है। यह तनाव को कम करके अच्छी नींद लाने में सहायक होता है। पालक और कद्दू के बीज मैग्नीशियम ग्लाइसीनेट अच्छे स्त्रोत हैं।

**मैग्नीशियम मैलेट :** शरीर में ताकत बनाए रखने के लिए मैग्नीशियम मैलेट बहुत जरूरी है। यह बॉडी में एनर्जी लेवल को बढ़ाता है साथ ही यह मांसपेशियों के दर्द और कमजोरी को भी दूर करता है। सेब, अंगूर, खुबानी में यह भरपूर मात्रा में पाया जाता है।

**मैग्नीशियम थेरोनेट :** मैग्नीशियम थेरोनेट दिमाग में जल्दी अब्जॉर्ब हो जाता है। यह दिमाग को शांत रखने में भी सहायक होता है। मैग्नीशियम थेरोनेट की कमी होने पर आपको अपनी डाइट में ओट्स, किडनी बीन्स और एवोकाडो को शामिल करना चाहिए।

## सेहत के लिए बेहद फायदेमंद है अंजीर

वजन कम करने के लिए अंजीर का सेवन करना काफी अच्छा माना जाता है। ऐसे में इसे अपनी डाइट में शामिल करना एक अच्छा विकल्प हो सकता है। इसे एक बेहतरीन ड्राई फ्रूट माना जाता है, इससे कई तरह की हेल्दी ड्रिंक्स भी बनाई जाती हैं। बदलते जीवनशैली में हम तनाव और वजन बढ़ने की समस्या से ज्यादा परेशान हैं। ऐसे में अपने खानपान का सही तरह से ध्यान न देना और इसे लेकर लापरवाही करना बढ़ते वजन के प्रमूख कारणों में से एक बन चुका है। चिकित्सकों के अनुसार कई बार लोग तनाव में ज्यादा खाना खाने लगते हैं तो कुछ ऐसे भी लोग है जो दिन में काफी कम खाना खाते हैं। इससे उनके शरीर को पर्याप्त प्रोटीन नहीं मिल पाता है और वो देखने में तंदुरुस्त लगते हैं, लेकिन अंदर से उनका शरीर धीरे-धीरे खोला होने लगता है। इससे कमजोरी और चक्कर आने जैसी समस्या भी शुरू होने लगती है। वहीं, अगर आपका भी वजन बढ़ गया है और आप सोच रहे हैं कि ज्यादा एक्सरसाइज या कम खाना खाकर इसे कम कर लेंगे तो ये आपकी गलतफहमी है। इससे आपको सिर्फ कमजोरी ही महसूस हो सकती है।

**वजन घटाने में है कारगर :** अंजीर में काफी मात्रा में मिनरल्स, फाइबर और कई विटामिन पाए जाते हैं। साथ ही इसमें ओमेगा-3 और 6 जैसे अच्छे फैटी एसिड मौजूद होते हैं। वजन कम करने, वजन बढ़ाने, कब्ज की समस्या, सेहतमंद दिल और कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी से बचने के लिए भी इसका सेवन किया जा सकता है। स्वाद में मीठे अंजीर का सेवन करने से पेट भरा हुआ रहता है और बार-बार कुछ खाने का मन भी नहीं करता है। ऐसे में इससे वजन कम करना बेहद आसान हो जाता है।

**अपनी डाइट में शामिल करें अंजीर :** अंजीर थोड़ा कम मीठा और संतोषजनक ड्राइट फ्रूट माना जाता है। ऐसे में ये वजन कम करने के लिए बेहद अच्छा माना जाता है। इसे आप अपने ब्रेकफास्ट या लंच में शामिल करके हाई फाइबर युक्त आहार का सेवन कर सकते हैं। ब्रेकफास्ट में एक कटोरी चोकर या आप जो भी खा रहे हैं उसमें अंजीर के टुकड़ें को काटकर सेवन कर सकते हैं। आप चाहें तो लंच में कच्ची अंजीर के छोटे-छोटे टुकड़े कर सलाद में मिलाकर सेवन कर सकते हैं।

**अंजीर से ऐसे बनाएं हेल्दी ड्रिंक्स :** अंजीर मिल्कशेक- वजन कम करने के लिए अंजीर मिल्कशेक काफी मददगार साबित हो सकता है। इस बनाने के लिए आप एक गिलास दूध में दो अंजीर और कुछ अन्य ड्राइ फ्रूट्स डालें। अब इसे मिक्सी में शेक बना लें। इसका सेवन करने से आप अपना पेट भरा हुआ महसूस करेंगे, साथ ही वजन घटने में भी आपको मदद मिल सकेगी।

## स्वस्थ रहने के लिए करें पीले फल व सब्जियों का सेवन



सब्जियां और ताजे फल पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। ये स्वास्थ्य संबंधित कई समस्याओं को दूर करने का काम करते हैं। इसमें कई तरह के पीले फल और सब्जियां भी शामिल हैं जो आपके स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद हैं।

मौसमी फल और सब्जियां सेहत के लिए बहुत फायदेमंद हैं। वहीं कुछ पीले रंग के ऐसे फल और सब्जियां हैं जो आपको कई स्वास्थ्य समस्यओं से दूर रखने का काम करते हैं। ये फूड्स पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। पीले रंग में कद्दू, नींबू, पपीता, संतरा, खरबूजा, शिमला मिर्च, मक्का, अनानास और केले जैसे फल और सब्जियां शामिल हैं। पीले रंग के फल और सब्जियां इम्युनिटी बढ़ाने में मदद करते हैं। हृदय और डायबिटीज के रोगियों को इन्हें अपने आहार में जरूर शामिल करना चाहिए।

**पीली शिमला मिर्च :** पीली शिमला मिर्च एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन और मिनरल से भरपूर होती है। पीले शिमला में फोलेट की अच्छी मात्रा होती है जो होमोसिस्टीन के स्तर को कंट्रोल करता है। अगर आप हृदय संबंधित समस्याओं से जूझ रहे हैं तो पीली शिमला मिर्च आपके स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद है। हृदय रोग से पीड़ित लोगों को इसका सेवन जरूर करना चाहिए।

**अनानास :** अनानास में पोटैशियम और कई अन्य आवश्यक एंजाइम पाए जाते हैं। ये ब्लोटिंग की समस्या को कम करता है। अनानास शरीर को डिटॉक्सीफाई करता है। ये इम्युनिटी को बढ़ाता है। ये आंखों की रोशनी में भी सुधार करता है। ये मोतियाबिंद के खतरे को कम करता है।


**केले :** केले का सेवन आप किसी भी मौसम में कर सकते हैं। ये कई पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसमें विटामिन ए, बी, सी, ई, जिंक, पोटैशियम और मैग्नीशियम जैसे पोषक तत्व होते हैं। इसमें अमीनो एसिड होता है जो एलर्जी से बचाता है। केले में विटामिन बी6 पाया जाता है। ये एक एंटीऑक्सीडेंट के रूप में काम करता है। ये शरीर को फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से बचाने का काम करता है।

**नींबू :** नींबू सेहत के लिए बहुत अच्छा होता है। इसमें विटामिन सी की मात्रा भरपूर होती है। इसमें एंटी-बैक्टीरियल गुण और साइट्रिक एसिड होता है। ये त्वचा के लिए भी बहुत अच्छा होता है। ये त्वचा के दाग-धब्बे दूर करने का काम करता है। डायबिटीज के मरीज को नींबू का सेवन जरूर करना चाहिए।

**मक्का :** मक्का सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसमें विटामिन बी भरपूर मात्रा में होता है। ये मस्तिष्क को स्वस्थ रखता है। खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद करता है। मक्का में फोलिक एसिड और विटामिन बी5 भी पाया जाता है। मक्का आंखों के स्वास्थ्य के लिए भी अच्छा होता है।

## दैनिक पंचांग

**06 मई 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 05.59 बजे से |
| चंद्र | तुला में | मिथुन | 07.57 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | कर्क | 10.11 बजे से |
| बुध | मेष में | सिंह | 12.27 बजे से |
| गुरु | मेष में | कन्या | 14.39 बजे से |
| शुक्र | मिथुन में | तुला | 16.50 बजे से |
| शनि | कुंभ में | वृश्चिक | 19.04 ब.से |
| राहु | मेष में | धनु | 21.20 बजे से |
| केतु | तुला में | मकर | 23.25 बजे से |
| राहुकाल 9.00 से 10.30 बजे तक | | कुंभ | 01.12 बजे से |
| | | मीन | 02.45 बजे से |
| | | मेष | 04.15 बजे से |

**शनिवार** 2023 वर्ष का 126 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** ग्रीष्म। **वक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** ज्येष्ठ (दक्षिण भारत में वैशाख) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** प्रतिपदा 21.53 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** विशाखा 21.13 बजे को समाप्त। **योग** व्यतीपात 07.30 बजे तदनन्तर वरीयान 05.21 बजे प्रात: को समाप्त। **करण** बालव 10.32 बजे तदनन्तर कौलव 21.53 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 15.8 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 16° 24' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871605 **जूलियन दिन** 2460070.5 **कलियुग संवत्** 5123 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 **हिजरी सन्** 1444 **महीना** सव्वाल **तारीख** 15 **विशेष** नारद जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 | से | 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 | से | 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 | से | 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 | से | 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 | से | 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 | से | 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 | से | 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 | से | 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 | से | 01.14 बजे तक | चर | 11.47 | से | 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 | से | 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 | से | 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 | से | 04.10 बजे तक | काल | 02.51 | से | 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 | से | 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 | से | 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7753

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | | | ■ | |
| 9 | 10 | ■ | ■ | | ■ | ■ | 11 | |
| ■ | | ■ | 12 | | 13 | ■ | | ■ |
| 14 | | | | ■ | 15 | | | |
| ■ | | ■ | 16 | 17 | | ■ | | ■ |
| 18 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | 19 | 20 |
| | ■ | 21 | 22 | | 23 | 24 | ■ | |
| 25 | | | | ■ | 26 | | | |

**बाएँ से दाएँ**

1. धनुर्धर-2,2
4. तरुणी,नाजनीन-4
7. संतुष्ट होना-5
9. टेलीग्राम-2
11. महोदय (अंग्रेजी-2)
12. कटि,कमरिया-3
14. फटकार,भर्त्सना-4
15. वतन,स्वदेश-4
16. पार होना,पार करना-3
18. विद्रोही-2
19. गरीब,निर्धन-2
21. लोचदार,लचकदार-5
25. पारंपरिक,पुरातन-4
26. कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4

**ऊपर से नीचे**

1. शीघ्रता,जल्दी-3
2. मूल्य,कीमत-2
3. जनता,आम आदमी-2
4. किनारा,कोरा-2
5. इंकार,मनाही-2
6. पानी गर्म करने का यंत्र-3
8. भ्रम,वहम-3
10. साधू,संन्यासी-3,2
11. मुलायम सिंह की राजनीतिक पार्टी-5
12. कपड़े की दीवार-3
13. जिव्हा,जीभ-3
17. रसदार,रसभरा-3
18. कारण,वजह-3
20. नेत्र,लोचन-3
21. बुरी आदत-2
22. एक पड़ोसी देश-2
23. पराया,पंख-3
24. रग,नाड़ी-2

**शब्द पहेली -7752 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | शा | र | दा | ■ | सा | हि | ल | ■ |
| दा | म | ■ | न | ■ | ल | ■ | त | ब |
| खि | ■ | प्रा | ब | धा | न | ■ | ■ | रा |
| ल | व | ण | ■ | न | ■ | त | ह | त |
| ■ | ■ | ना | म | ■ | रा | ह | ■ | ■ |
| ती | र | थ | ■ | स | ■ | ल | ग | न |
| स | ■ | ■ | मु | च | ल | का | ■ | क |
| रा | ज | ■ | नी | ■ | ह | ■ | बे | टा |
| ■ | न | र | म | ■ | जा | हि | ल | ■ |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** वाणी में मधुरता रहेगी। किसी रुके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबार से आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। मानसिक तनाव रहेगा।

**वृष राशि :** परिवार की सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र की स्थिति में सुधार होगा। आय की स्थिति सुधरेगी। आय के नए स्त्रोत भी विकसित हो सकते हैं।

**मिथुन राशि :** शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ सकती है।

**कर्क राशि :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबार के प्रति सचेत रहें। कुछ कठिनाइयां आ सकती हैं। परिवार का साथ रहेगा। धन प्राप्ति होगी।

**सिंह राशि :** अति उत्साही होने से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मित्रों का सहयोग मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है।

**कन्या राशि :** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार से आय में वृद्धि होगी। खर्च भी बढ़ सकते हैं। क्रोध की तीव्रता में कमी आएगी।

**तुला राशि :** किसी मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के साधन बन सकते हैं। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। आत्मविश्वास में कमी आएगी। मन अशान्त रहेगा।

**वृश्चिक राशि :** नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**धनु राशि :** उच्च शिक्षा के लिए किसी दूसरे स्थान पर जाना हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। सेहत का ध्यान रखें। नौकरी में अफसरों के सहयोग से तरक्की के योग बन रहे हैं।

**मकर राशि :** संयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। परिवार का साथ मिलेगा। किसी सम्पत्ति से धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। शैक्षिक कार्यों में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**कुंभ राशि :** मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। नौकरी में विशेष कार्य के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। आय में वृद्धि होगी। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। पिता से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**मीन राशि :** स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मलिेगी। भाई-बहनों का साथ मिल सकता है। आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु खर्च भी बढ़ सकते हैं।

# यूपी के प्रत्येक जिले में होगा एक खेलो इंडिया सेंटर : मंत्री



**एजेंसी। लखनऊ**

केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि हाल ही में हमने खेलो इंडिया के 5 वर्ष पूर्ण किए हैं। जिस अभियान को पीएम मोदी ने शुरू किया था वो बहुत तेजी से आगे बढ़ा है। इसके माध्यम से खिलाड़ियों को तलाशने और उन्हें तराशने का काम किया जाता है। निश्चित तौर पर 15 अगस्त 2023 से पहले उत्तर प्रदेश के एक-एक जिले में एक खेलो इंडिया सेंटर की स्थापना होगी। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर लखनऊ में इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में शुक्रवार को आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लोगो, एंथम, जर्सी, मैस्कॉट और मशाल का अनावरण किया गया। कहा कि जिस तरह सीएम योगी ने यहां खेलों को बढ़ावा दिया है, उम्मीद है कि आने वाले समय में दुनिया में कहीं भी कोई खिलाड़ी मेडल जीतेगा, पोडियम पर राष्ट्रगान बजेगा तो उसमें उत्तर प्रदेश का महत्वपूर्ण योगदान होगा। आने वाले समय में उत्तर प्रदेश सबसे अधिक मेडल लाने वाला प्रदेश होगा। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी गेम्स में सबसे ज्यादा खेल और खिलाड़ी प्रतिभाग करने जा रहे हैं। यह दिखाता है कि उत्तर प्रदेश इस खेल का आयोजन करने में सक्षम है और देश भर के खिलाड़ी यहां आने को तैयार हैं। कभी यह प्रदेश दंगों के लिए जाना जाता था, लेकिन अब यह प्रदेश दंगल के लिए जाना जाएगा। पहले यह प्रदेश गोलियों के लिए जाना जाता था, अब शूटिंग खेल के लिए जाना जाएगा। भारत सरकार पूरे देश में एक हजार खेलो इंडिया सेंटर बनाने जा रही है।

निश्चित तौर पर 15 अगस्त 2023 से पहले उत्तर प्रदेश के एक-एक जिले में एक खेलो इंडिया सेंटर की स्थापना होगी। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के मार्गदर्शन में हम एक बड़े खेल आयोजन की मेजबानी करने जा रहे हैं। यह उत्तर प्रदेश के लिए बड़ा अवसर है और उम्मीद है कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को और बड़े खेल आयोजनों की मेजबानी का अवसर मिलेगा।

सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स-2022 का आयोजन प्रदेश के चार जिलों लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर एवं गौतमबुद्धनगर में और दिल्ली में 25 मई से 3 जून तक किया जाना है। इस आयोजन में 21 खेलों में देश के 200 विश्वविद्यालयों के 4,705 खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे।

# बाबर आजम ने वनडे में बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड, कोहली-अमला रह गए पीछे



**एजेंसी। कराची**

न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 वनडे मैचों की सीरीज के चौथे मुकाबले में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने नया वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम कर दिया है। दरअसल, बाबर अंतरारष्ट्रीय वनडे क्रिकेट में सबसे कम पारियों में 5 हजार रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने साउथ अफ्रीका के दिग्गज हाशिम अमला और भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली को पीछे छोड़ते हुए यह करिश्मा किया है।

मैच से पहले बाबर को 5 हजारी बनने के लिए 19 रन चाहिए थे, जैसे ही उन्होंने यह आंकड़ा छूआ तो वह वनडे क्रिकेट में सबसे तेज 5 हजार रन बनाने वाले दुनिया के नंबर-1 बल्लेबाज बन गए। अमला ने 97 पारियां खेलते हुए यह आंकड़ा छूआ है। वहीं उनसे पहले सबसे तेज 5 हजार रन अमला के नाम थे, जिन्होंने 101 पारियों का सामना करते हुए इस उपलब्धि को हासिल किया था। वहीं कोहली ने 114 पारियों में 5 हजार रन पूरे किए थे। वहीं इस मैच से पहले बाबर के अब तक के प्रदर्शन की बात करें तो 98 मैचों में उनके नाम 4981 रन दर्ज थे। उनके नाम 17 शतक, व 26 अर्धशतक शामिल हैं। बाबर पाकिस्तान के लिए सबसे ज्यादा वनडे शतक लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज हैं। उनसे आगे सईद अनवर हैं, जिन्होंने पाकिस्तान के लिए 244 पारियों में सबसे ज्यादा 20 शतक जमाए हैं। लेकिन जिस लय में बाबर हैं, उसे देख साफ है कि वह जल्द ही अनवर को पछाड़ पाकिस्तान के लिए सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे।

**सबसे कम पारियों में 5000 वनडे रन**

97 - बाबर आजम
101 - हाशिम अमला
114 - विव रिचड्र्स
114 - विराट कोहली
115 - डेविड वॉर्नर

# राजस्थान ने गुजरात को 119 रनों का दिया टारगेट



**एजेंसी। नई दिल्ली**

राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग-16 के 48वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस को जीत के लिए 119 रन का टारगेट दिया है। जवाब में गुजरात ने 11 ओवर में एक विकेट 96 रन बना लिए हैं। ऋद्धिमान साहा और कप्तान हार्दिक पंड्या क्रीज पर हैं। शुभमन गिल 36 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें चहल ने विकेटकीपर संजू सैमसन के हाथों कैच कराया। गिल ने साहा के साथ 59 बॉल पर 71 रन की साझेदारी की। पहला: 10वें ओवर की चौथी बॉल पर चहल ने गिल को विकेटकीपर संजू सैमसन के हाथों स्टंप कराया। गुजरात को शुभमन गिल और ऋद्धिमान साहा ने संभली हुई शुरूआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 59 गेंद पर 71 रन जोड़े। गिल 35 गेंद में 36 रन बनाकर युजवेंद्र चहल का शिकार हुए और ये पार्टनरशिप टूटी। 119 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी गुजरात को पावरप्ले में शुभमन गिल और ऋद्धिमान साहा ने अच्छी शुरूआत दिलाई। दोनों ने पावरप्ले के 6 ओवरों में बगैर नुकसान के टीम का स्कोर 49 तक पहुंचा दिया। सवाई मान सिंह स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान की टीम 17.5 ओवर में 118 रन पर ऑलआउट हो गई। यह मौजूदा सीजन का पहली पारी में सबसे छोटा स्कोर है। इससे पहले, 10वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने 7 अप्रैल 2023 को लखनऊ में 121 रन का स्कोर बनाया था। दूसरी पारी की बात करें तो लखनऊ बेंगलुरु के खिलाफ 108 रन पर ऑलआउट हुई थी। पहला: दूसरे ओवर की चौथी बॉल पर हार्दिक पंड्या ने बटलर को मोहित शर्मा के हाथों कैच कराया। दूसरा: छठे ओवर की पहली बॉल पर यशस्वी जायसवाल रनआउट हो गए। तीसरा: 7वें ओवर की 5वीं बॉल पर जोशुआ लिटिल ने संजू सैमसन को पंड्या के हाथों कैच कराया। चौथा: 8वें ओवर की आखिरी बॉल पर राशिद खान ने अश्विन को बोल्ड कर दिया। पांचवां : 10वें ओवर की दूसरी बॉल पर राशिद खान ने रियान पराग को छ्इह कर दिया। छठा: 12वें ओवर की तीसरी बॉल पर नूर अहमद ने पड्?डीकल को बोल्ड कर दिया। सातवां: 14वें ओवर की पहली बॉल पर नूर अहमद ने ध्रुव जुरैल को एलबीडब्ल्यू कर दिया।

# 15 संभावित वर्ल्ड कप स्थानों की सूची में त्रिवेंद्रम का ग्रीनफील्ड स्टेडियम



**तिरवनंतपुरम।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड स्टेडियम को उन 15 जगहों में शामिल किया है जहां एकदिवसीय क्रिकेट वर्ल्ड कप मैच का आयोजन हो सकता है। इसको लेकर केरल क्रिकेट एसोसिएशन (केसीए) और यहां के क्रिकेट प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह है। केसीए सचिव विनोद कुमार ने कहा कि अंतिम फैसला आईसीसी लेगा। कुमार ने कहा, आईसीसी एक स्थान से दूसरे स्थान की यात्रा के सभी मुद्दों को ध्यान में रखते हुए स्थानों का फैसला करता है। इसलिए फिलहाल हम खुश हैं कि हमारे नाम पर विचार किया जा रहा है, लेकिन इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि हमारा चयन किया जाएगा, क्योंकि यह नियम हमारे हाथ में नहीं है। देश में अंतर्राष्ट्रीय मैचों के आयोजन के लिए उपयुक्त लगभग 40 स्थानों में ग्रीनफील्ड स्टेडियम 15 की सूची में आ गया है। अत्याधुनिक क्रिकेट स्टेडियम 2015 में खुला और सभी सुविधाओं के साथ 50,000 की क्षमता वाला है।

# विश्व मुक्केबाजी के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हुसामुद्दीन

## कड़ी टक्कर के बाद आशीष हारे



**एजेंसी। ताशकंद**

एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीत चुके मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा) ने अपना शानदार फॉर्म जारी रखते हुए शुक्रवार को उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद में आईबीए पुरुष विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2023 के प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। अंतिम-16 दौर के बाउट में हुसामुद्दीन का सामना चीन के ल्यू पिंग से था। भारत के इस साउथपॉ खिलाड़ी ने पहले राउंड में पंचों के काम्बीनेशन के साथ गति हासिल की और फिर बेहतर रणनीति से उसे बनाए रखते हुए जीत हासिल की। पहला राउंड एकतरफा अंदाज में जीतने के बाद हुसामुद्दीन ने अगले राउंड में बढ़त बनाई और ल्यू के मुक्कों को चकमा देते हुए उन पर मुक्कों का जबरदस्त प्रहार किया। चीनी मुक्केबाज हुसामुद्दीन की गति और तीव्रता का मुकाबला नहीं कर सके और अंततः बाउट एकतरफा अंदाज में 0-5 से हार गए। रविवार को प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में हुसामुद्दीन का सामना रूस के सविन एडवर्ड से होगा।

एशियाई खेलों में रजत पदक जीत चुके आशीष अंतिम-16 दौर के बाउट में दो बार के ओलंपिक चैंपियन क्यूबा के अर्लेन लोपेज के खिलाफ रिंग में खड़े थे। आशीष पहले राउंड में आक्रामक हो गए लेकिन अर्लेन ने अच्छी तरह से अपना बचाव किया और आशीष पर कुछ भारी जवाबी हमले करते हुए पहला राउंड जीत लिया। भारतीय मुक्केबाज ने दूसरे राउंड में जोरदार वापसी की और लोपेज के खिलाफ मुक्कों की जोरदार बारिश के साथ-साथ बेहतरीन डिफेंस के साथ यह राउंड जीत लिया। अंतिम राउंड में दोनों मुक्केबाजों के लिए सब कुछ दांव पर था। दोनों मुक्केबाजों ने एक दूसरे को कड़ी टक्कर दी और एक दूसरे के खिलाफ जोरदार मुक्के मारे। दोनों मुक्केबाज बहुत दिल और साहस के साथ खेल रहे थे लेकिन क्यूबा के मुक्केबाज ने बाउट रिव्यू के बाद मुकाबला 5-2 से जीत लिया।

## एमओसी ने अविनाश साबले, तेजस्विन शंकर के प्रशिक्षण

# विदेश में प्रतिस्पर्धा करने के प्रस्तावों को दी मंजूरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

युवा मामले और खेल मंत्रालय (एमवाईएएस) के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने राष्ट्रमंडल खेलों (सीडब्ल्यूजी) के पदक विजेता अविनाश साबले और तेजस्विन शंकर के विदेशों में प्रशिक्षण और प्रतिस्पर्धा करने के प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। साबले, जो वर्तमान में टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) फंडिंग के तहत कोलोराडो स्प्रिंग्स में प्रशिक्षण ले रहे हैं, रबात डायमंड लीग से पहले 8 दिनों के प्रशिक्षण शिविर के लिए रबात, मोरक्को जाएंगे, जबकि तेजस्विन फ्रीपोर्ट, बहामास और फिर बाद में -टक्सन के लिए रवाना होंगे और एरिजोना बहामास में यूएसएटीएफ थ्रो फेस्टिवल और एरिजोना में एनएसीएसी न्यू लाइफ इनविटेशनल में प्रतिस्पर्धा करेंगे। एमओसी ने जंपर्स जेसविन एल्ड्रिन, प्रवीण चित्रावेल और टी. सेल्वा प्रभु के क्रमशः ग्रीस, इटली और फ्रांस में प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है।

जेसविन एथेंस, ग्रीस में प्रशिक्षण लेंगे, और फिर अंतरराष्ट्रीय जम्पिंग मीटिंग फि लाहट्लिटिकोस कल्लिथिया और वेनिजेलिया - चानिया इंटरनेशनल मीटिंग में प्रतिस्पर्धा करेंगे। प्रवीण पहले एथेंस, ग्रीस में प्रशिक्षण लेंगे, फिर अंतरराष्ट्रीय जंपिंग मीटिंग फि लाहट्लिटिकोस कल्लिथिया में प्रतिस्पर्धा करेंगे और फिर इटली गोल्डन गाला डायमंड लीग की तैयारी के लिए फ्लोरेंस चले जाएंगे।

# दूसरी बार मां बनने वाली है सेरेना

**लॉस एंजिल्स ।** अमेरिकी महिला टेनिस स्टार सेरेना विलियम्स दूसरी बार मां बनने वाली हैं। 41 साल की सेरेना ने इंस्टाग्राम पर ये जानकारी दी है। उन्होंने लिखा, जब अन्ना विंटोर ने हम तीनों को मेट गाला में बुलाया तो बहुत उत्साहित थी। विलियम्स की इस घोषणा के बाद से से ही उन्हें सोशल मीडिया पर बधाई मिलनी शुरू हो गयी। उन्हें पूर्व टेनिस स्टार कैरोलीन वोज्नियाकी, गायिका सियारा, अभिनेत्री तबिता ब्राउन और स्टॉर्म रीड और पूर्व ओलंपियन लिंडसे वॉन ने बधाई संदेश भेजेहैं। विलियम्स और उनके पति एलेक्सिस ओहानियन का पहले ही पांच साल का एक बच्चा है। यह जोड़ी 2015 से साथ है। सेरेना ने सितंबर 2022 में अमेरिकी ओपन से बाहर होने के बाद खेल को अलविदा कह दिया था।



# सबलेंका के खिलाफ फाइनल में भिड़ेंगी स्वोटेक



**एजेंसी। मैड्रिड**

वर्ल्ड नंबर 1 इगा स्वोटेक ने वेरोनिका कुदरमेतोवा पर जीत के साथ मैड्रिड ओपन के फाइनल में पहली बार प्रवेश कर लिया है। पोलिश टेनिस खिलाड़ी ने दोनों सेटों में शुरूआती बढ़त हासिल की और गुरुवार को देर रात सेमीफाइनल में कजान में जन्मी नंबर 12 सीड को 6-1, 6-1 से हराया। शीर्ष वरीय स्वोटेक ने सीजन के पहले डब्ल्यूटीए 1000 क्ले-कोर्ट इवेंट में जीत हासिल करने के लिए 1 घंटा 19 मिनट का समय लिया। कुदरमेतोवा के खिलाफ उनका रिकॉर्ड 4-0 हो गया। इस बड़ी जीत के साथ, दूसरे सीधे डब्ल्यूटीए टूर इवेंट के लिए स्वोटेक फाइनल में वर्ल्ड नंबर 2 आर्यना सबालेंका से भिड़ेंगी। सबालेंका ने पहला सेमीफाइनल नंबर 9 सीड मारिया सक्कारी के खिलाफ जीता।

ग्यारह दिन पहले, स्वोटेक ने स्टटगार्ट में टेनिस ग्रां प्री के फाइनल में सबालेंका को पछाड़ा था। स्वोटेक का शनिवार को मैड्रिड फाइनल में जाने वाली सबालेंका के खिलाफ 5-2 से जीत-हार का रिकॉर्ड रहा है। स्वोटेक ने अपनी पिछली तीनों क्ले-कोर्ट मैचों में जीत हासिल की है।

अपना सातवां करियर डब्ल्यूटीए 1000 फाइनल में पहुंचने वाली स्वोटेक ने कैरोलिन वोज्नियाकी को 22 साल की उम्र से पहले हासिल किए गए सबसे अधिक डब्ल्यूटीए 1000 फाइनल में पहुंचने के रिकॉर्ड की बराबरी की।

## हौसला | गांगुली ने प्रदर्शन कर रहे पहलवानों के प्रति अपनी चिंता व्यक्त की, कहा

# पहलवानों को अपनी लड़ाई खुद लड़ने दो



**एजेंसी। नई दिल्ली**

विभिन्न खिलाड़ियों ने प्रदर्शन कर रहे पहलवानों के प्रति अपनी चिंता व्यक्त की है लेकिन पूर्व भारतीय कप्तान और पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा कि इस मामले पर पूरी जानकारी के बिना वह इस मुद्दे पर बात नहीं करेंगे। गांगुली ने उम्मीद जताई कि यह मामला सुलझ जाएगा क्योंकि पहलवानों ने ढेरों पदक जीते हैं और देश को गौरव प्रदान किया है।

ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पुनिया और साक्षी मलिक और एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेता विनेश फोगट के नेतृत्व में पहलवानों ने पिछले कई दिनों से जंतर मंतर पर धरना दिया हुआ है। वे महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न को लेकर भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

गांगुली ने शुक्रवार को एक कार्यक्रम में कहा, उन्हें अपनी लड़ाई खुद लड़ने दो। मैं नहीं जानता कि क्या हुआ है। मैंने इस बारे में सिर्फ अखबारों में पढ़ा है। मैं एक बात जानता हूं कि जब तक आपको पूरी जानकारी न हो तब तक आप उस मुद्दे पर बात नहीं कर सकते।

पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा, मैं उम्मीद करता हूं कि मामला सुलझ जाएगा। इन पहलवानों ने ढेरों पदक जीते हैं और देश को गौरव प्रदान किया है।

इस बीच केंद्रीय खेल एवं युवा मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर ने बृजभूषण के खिलाफ धरना दे रहे पहलवानों से कहा है कि सरकार ने खिलाड़ियों की सारी बातें मान ली हैं। अब उनसे अनुरोध है कि वो लोग निष्पक्ष जांच होने दें, तभी दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा।

ठाकुर ने लखनऊ में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मोदी सरकार खेल कूद को बढ़ावा दे रही है। इसलिए हमारी सरकार ने इसका बजट बढ़ाया है। जो खिलाड़ी दिल्ली में धरना दे रहे उनकी जो भी जायज मांग थीं सरकार ने मान ली हैं। दिल्ली पुलिस निष्पक्ष जांच कर रही है। दोषी के खिलाफ कार्रवाई करेगी। इसलिए पहलवानों को धरना खत्म करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि जहां तक खिलाड़ियों की मांगों का सवाल है तो मैं यही कहूंगा कि उनकी मांग निष्पक्ष चुनाव की बात थी, उसकी तैयारी की जा रही है। एक कमेटी गठित करने की मांग थी। वह कमेटी भी गठित कर दी गई है। निष्पक्ष जांच कराने की मांग थी, दिल्ली पुलिस वह भी कर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने भी अपना निर्णय दे दिया है। मेरा आग्रह है कि जो भी खिलाड़ी वहां प्रदर्शन कर रहे हैं, वह निष्पक्ष जांच होने दें।

प्रदर्शनकारी पहलवानों ने हालांकि कहा है कि जब तक बृज भूषण को सलाखों के पीछे नहीं भेजा जाता तब तक वे अपना धरना जारी रखेंगे।

पहलवानों ने सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका दाखिल कर बृजभूषण पर यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज कराने का आदेश देने की मांग की थी।

दिल्ली पुलिस ने महिला पहलवानों की शिकायत पर बृजभूषण सिंह के खिलाफ दो मामले दर्ज किए थे। इसके साथ कोर्ट ने कहा कि इस याचिका का उद्देश्य बृजभूषण शरण के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराना था। एफआईआर अब दर्ज हो गई है, ऐसे में हम याचिका बंद कर रहे हैं।




# इस साल देश में लॉन्च होंगी 81 नई कारें



**एजेंसी। नई दिल्ली**

अप्रैल से शुरू फाइनेंशियल ईयर के लिए कार कंपनियों ने आक्रामक तैयारी की है। अगले 11 महीनों में 81 नए मॉडल लॉन्च किए जाएंगे, जिसमें इलेक्ट्रिक व्हीकल भी शामिल हैं। ये फाइनेंशियल ईयर-23 में लॉन्च हुए 54 नए मॉडल से 50% ज्यादा है। ऑटो इंटेलिजेंस फर्म जैटो डायनेमिक्स की रिपोर्ट के मुताबिक, नए मॉडल की करीब 66% कारें एक दम नए प्लेटफॉर्म पर बनाई जाएंगी। दरअसल, वाहन डीलरों के संगठन फाडा के मुताबिक, 31 मार्च को फाइनेंशियल ईयर वर्ष के दौरान कुल 36.20 लाख कारें बिकी थीं। ये आंकड़ा एफवाइ 2021-22 के मुकाबले 23% ज्यादा है। इस साल सेमिकंडक्टर चिप की दिक्कतें भी करीब-करीब दूर हो गई हैं। इसीलिए कार कंपनियां उत्साहित नजर आ रही हैं। एक कार डिजाइनर ने बताया कि कंपनियां ग्राहकों की बदलती पसंद के हिसाब से मॉडल तैयार कर रही हैं। खास तौर पर ये देखते हुए कि रुख की बिक्री बढ़ रही है और कई सब-सेगमेंट (जैसे कॉम्पैक्ट रुख) उभर रहे हैं। नई टेक्नोलॉजी शामिल करने पर जोर : इलेक्ट्रिक व्हीकल (एव) पर सरकार का जोर है। ग्राहक भी इन्हें पसंद कर रहे हैं। इसके साथ ही हाइब्रिड टेक्नोलॉजी वाली कारों की डिमांड भी है क्योंकि इनमें रेंज की चिंता नहीं होती। इसीलिए कीमतें ज्यादा होने के बावजूद ऐसी कारें बिक रही हैं। बीएस 6-टू नॉर्म्स लागू होना : अप्रैल से देश में वाहन प्रदूषण के नए बीएस 6-टू नॉर्म्स लागू हो गए हैं। कंपनियां अब बीएस 6 के पहले फेज वाले नॉर्म्स के हिसाब से गाड़ियां नहीं बना सकतीं। ऐसे में इंजन में बदलाव के साथ पूरा मॉडल बदलने की रणनीति। मारुति सुजुकी इंडिया के सीनियर इडी शशांक श्रीवास्तव के मुताबिक, एव जैसी नई फ्यूल टेक्नोलॉजी कार कंपनियों को ज्यादा मॉडल पेश करने के लिए प्रेरित कर रहा है। जैटो डायनेमिक्स इंडिया के प्रेसिडेंट रवि भाटिया ने भी कहा, इस साल के नए मॉडल टेक्नोलॉजी, बदलते नियम-कायदे और इलेक्ट्रिफिकेशन के नतीजा होंगे। नए मॉडल की एव ज्यादा रेंज वाली होंगी। अभी इनकी रेंज 250 किलोमीटर से शुरू होती है। कंपनियां इसे कम से कम 350 किलोमीटर तक ले जाएंगी। पेट्रोल कारों की स्मार्टनेस भी बढ़ेगी।

# वी ऐप के जरिए रीचार्ज पर मिलेगा 5 जीबी एक्स्ट्रा डेटा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

दूरसंचार सेवा प्रदाता वी अपने उपभोक्ताओं के लिए आकर्षक महा रीचार्ज ऑफर लाया है। जिसके तहत उपभोक्ता वी ऐप के जरिए रीचार्ज करने पर बिना किसी अतिरिक्त लागत के अतिरिक्त डेटा के फायदे पा सकते हैं। वहीं, रु 299 या अधिक का रीचार्ज करने पर बिना किसी अतिरिक्त लागत के 5 जीबी अतिरिक्त डेटा मिलेगा (3 दिनों के लिए वैलिड)। इसी तरह रु 199 और रु 299 के बीच रीचार्ज करने पर बिना किसी अतिरिक्त लागत के 2 जीबी अतिरिक्त डेटा मिलेगा (3 दिनों के लिए वैलिड)। वर्तमान में यह लिमिटेड पीरियड ऑफर सिर्फ वी ऐप पर रु 199 एवं अधिक के सभी वी प्रीपेड रीचार्ज के लिए उपलब्ध है। वी के यूजर इस अतिरिक्त डेटा का इस्तेमाल वी मुवीज एण्ड टीवी पर मुवीज देखने, वीडियोज लाईव स्ट्रीम करने या मौजूदा टी20 टूर्नामेंट के क्रिकेट मैच देखने के लिए कर सकते हैं। इसके अलावा, वी वर्तमान में वी20फैनफेस्ट चैलेंज भी चला रहा है जिसके तहत उपभोक्ताओं को मैच के हर दन एक स्मार्टफोन जीतने का मौका मिलता है। प्रतियोगिता के एक मेगा विजेता को टी20 चैम्पियनशिप के फाइनल मैच की दो टिकटें जीतने का अवसर मिलेगा।

## पेट्रोलियम मंत्रालय ने किया खारिज


# भारत में रूसी कच्चे तेल के आयात निर्यात पर सीआरईए की रिपोर्ट फर्जी




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने बुधवार को सीआरईए (सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर) की भारत को रूस से सस्ती कीमत पर कच्चे तेल की खरीदी संबंधित रिपोर्ट को खारिज कर दिया है। इस रिपोर्ट के माध्यम से आरोप लगाया गया है कि भारत उन पाँच देशों में शामिल है, जिन्होंने रूस से कच्चे तेल का आयात किया और उसे रिफाइन करके यूरोपियन यूनियन और कुछ जी-7 देशों को निर्यात कर दिया। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए ट्विटर के माध्यम से कहा, सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर की रिपोर्ट, विश्व में चौथे सबसे बड़े तेल शोधक देश भारत की छवि को धूमिल करने का एक भ्रामक प्रयास है। यह वैश्विक स्तर पर आपूर्ति माँग की गतिशीलता और एक प्रमुख रिफाइंड प्रोडक्ट के निर्यातक के तौर पर भारत के लंबे इतिहास की समझ की कमी को दर्शाता है। दरअसल, हेलसिंकी स्थित सीआरईए ने 1 मई को एक रिपोर्ट में कहा कि भारत, चीन सहित शीर्ष उन पाँच देशों में शामिल है, जो सस्ते रूसी कच्चे तेल की खरीदी कर रहा है और इसे रिफाइंड पेट्रोलियम उत्पादों में परिवर्तित कर यूरोप और जी 7 देशों में निर्यात कर रहा है। इसका जवाब देते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा कि एक संप्रभु देश के रूप में, भारत अंतर्राष्ट्रीय कानून की शर्तों के तहत वस्तुओं का आयात या निर्यात करने के लिए स्वतंत्र है, और उसके वैध कारोबार को लॉन्ड्रोमैट (धुलाई की मशीन) कहने का तात्पर्य एक अवैध गतिविधि से है, जिस पर भारत कड़ी आपत्ति जताता है। मंत्रालय ने कहा, रूस या अन्य स्थानों से 60 डॉलर प्रति बैरल से कम कच्चे तेल का आयात किसी भी अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंध के तहत नहीं आता है। दुनिया भर में रिफाइनर से डीजल खरीदने पर 'गठबंधन देश' द्वारा कोई आत्म-प्रतिबंध भी नहीं लगाया है। 'व्हाइटवाश्ड आयल' जैसे शब्द का उपयोग करना कपट पूर्ण शरारत को दर्शाता है। मंत्रालय ने आगे कहा, भारत आयात के माध्यम से रूस सहित कई देशों से अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति करता है, जो जगजाहिर है और न ही इसे लेकर भारत को कोई खेद है, जैसा कि विगत वर्ष के कई मंत्रिस्तरीय बयान स्पष्ट करते हैं।

# ई-कॉमर्स कंपनी मीशो ने 251 कर्मचारियों को निकाला



**एजेंसी। नई दिल्ली**

सॉफ्टबैंक-बैक्ड ई-कॉमर्स यूनिकॉर्न मीशो ने एक बार फिर से 251 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है, जो कि उसके कुल वर्क फोर्स का 15% है। कंपनी की वित्तीय सेहत सुधारने और खर्चों में कटौती को ध्यान में रखते हुए ये फैसला लिया गया है। शुक्रवार (5 मई) को एक ई-मेल में मीशो के को-फाउंडर और उएड विदित आत्रे ने आर्थिक मंदी का हवाला देते हुए कंपनी के कर्मचारियों को इस निर्णय के बारे में जानकारी दी है। मीशो के एक प्रवक्ता ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि, 'हम सस्टेंड प्रॉफिटेबिलिटी के गोल को हासिल करने के लिए कम वर्कफोर्स के साथ मिलकर काम करना चाहते हैं।' 2015 में शुरू हुई बेंगलुरु बेस्ड कंपनी ने इससे पहले पिछले साल अपने किराने (ग्रॉसरी) के कारोबार में शामिल 251 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला था। आत्रे ने ई-मेल में कहा कि, 'हमने हायरिंग में गलतियां की थीं और ज्यादा लोगों को हायर कर लिया। जबकि हम अपने ऑर्गेनाइजेशन स्ट्रक्चर को कम लोगों के साथ भी इफेक्टिवली चला सकते थे।' कंपनी ने 2020 से 2022 तक 10 गुना ग्रोथ की है। कंपनी का कैश रिजर्व 'कठिन परिस्थितियों' के लिए पर्याप्त है, लेकिन लागत के लिए कंपनी को विवेकपूर्ण होने की जरूरत है।' कंपनी निकाले गए वर्कर्स को जल्द एक ई-मेल भेजेगी, जिसमें उन्हें कंपनी के साथ अपने इम्प्लॉयमेंट स्टेटस के बारे में बताया जाएगा। ई-मेल के मुताबिक, स्टाफ मेंबर और उनके मैनेजर्स के बीच बातचीत के लिए मीटिंग लिंक शेयर किए जाएंगे।

# एब्सोल्यूट के इनेरा ने शुरू की जैव-कुशल कृषि इनपुट्स की रेंज

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बायोसाइंस कंपनी, एब्सोल्यूट ने अपना जैविक कृषि इनपुट व्यवसाय- इनेरा क्रॉप साइंसेज लॉन्च किया है। इनेरा एब्सोल्यूट की अनुसंधान एवं विकास शाखा जेनेसिस द्वारा समर्थित है। कंपनी ने भारत में निर्मित बायोफर्टिलाइजर्स, बायोस्टिमुलेंट्स, बायोकंट्रोल और सीड कोटिंग उत्पादों की एक फसल-अज्ञेय रेंज लॉन्च की है। मुख्य रूप से, इनेरा के जैविक इनपुट उत्पादकों को मिट्टी की गुणवत्ता, पौधे प्रतिरोध, रोग प्रतिरोध, कीट संरक्षण और सुधार में सुधार के अनुकूल उपाय प्रदान करते हैं। आईएनआरए का लक्ष्य दुनिया की 20% आबादी की जरूरतों को पूरा करना है और विभिन्न कृषि-जलवायु परिस्थितियों के तहत उत्पादन और समग्र फसल स्वास्थ्य को बढ़ाने के लिए भारत से शुरू करके दुनिया के किसी भी देश को सबसे कृषि योग्य भूमि है। इस लॉन्च के साथ एब्सोल्यूट्स इनेरा खुद को जैविक बाजार में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित करने का इरादा रखता है।

## पेज एक के शेष

### भाजपा को ज्यादा ...

राज्यों में गौ रक्षा के नाम पर मुस्लिमों पर हमले में दल के सदस्यों पर शामिल होने के आरोप लगे हैं। फरवरी में हरियाणा में दो मुस्लिम युवकों की हत्या के आरोप में पुलिस को जिस मोंटू मानेसर की तलाश है वह बजरंग दल का ही स्थानीय नेता है। कर्नाटक के रामनगर जिले में अप्रैल में एक गौ व्यवसायी की हत्या के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया था, उनमें से मुख्य आरोपी बजरंग दल का सदस्य था। गौ रक्षा के नाम पर हिंसा के अलावा बजरंग दल के सदस्य धर्मांतरण से जुड़े हिंसक मामलों में भी शामिल पाए गए हैं। इस सिलसिले में कई राज्यों में चर्चों और पादरियों पर हमले के मामलों में दल के सदस्य शामिल पाए गए हैं।

1999 में ओडिशा के मनोहरपुर में ऑस्ट्रेलियाई ईसाई मिशनरी ग्राहम स्टेंस और उनके दो छोटे बच्चों को एक भीड़ ने एक जीप में जिंदा जला कर मार दिया था। इस मामले में बजरंग दल का सदस्य दारा सिंह मुख्य दोषी पाया गया था, और उसे मौत की सजा सुनाई गई थी। बाद में उसकी सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया गया था। 2002 में गुजरात में हुए दंगों के एक नरोदा पाटिया मामले में दोषी पाया गया जो बाबू बजरंगी आजीवन कारावास की सजा काट रहा है वो भी कभी बजरंग दल का ही सदस्य हुआ करता था। बाबरी मस्जिद के विध्वंस के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव की सरकार ने कुछ संगठनों पर बैन लगा दिया था, जिनमें बजरंग दल भी शामिल था। लेकिन कुछ माह बाद बैन को वापस ले लिया गया था। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक 2008 में भी कांग्रेस ने दल पर बैन लगाए जाने की मांग की थी। लोक जनशक्ति पार्टी के दिवंगत नेता राम विलास पासवान ने भी 2008 में इस मांग का समर्थन किया था। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री व बसपा की मुखिया मायावती ने भी 2013 में बजरंग दल को बैन करने की मांग की थी। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा भी दल पर बैन लगाने की मांग कर चुके हैं। 2008 में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग ने भी सरकार को बजरंग दल पर बैन लगाने के लिए कहा था। और अब तो कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने भी कह दिया है कि जीती तो बजरंग दल पर बैन लगाएगी। जिसको पीएम ने भी चुनावी मुद्दा बना दिया है। देखिए यह मुद्दा किसको ज्यादा लाभ पहुंचाता है, भाजपा को या कांग्रेस को, तेरह मई को पता चल जाएगा।

### हाथियों के हमले ...

भट्ठा मजदूरी करते थे। मृतक के पिता महेंद्र भुइंया का कहना है कि बेटे-बहू और पोती की मौत से उसके परिवार की रीढ़ टूट गई है। बेटे-बहू की कमाई से ही घर का गुजारा चलता था। इधर पुलिस और वन विभाग की टीम सुबह मौके पर पहुंची। तीनों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं। माल्हन पंचायत के ग्रामीणों का कहना है कि हाथियों का झुंड अक्सर गांव पर हमला कर देता है जिस कारण से जानमाल की क्षति होती है। वन विभाग हाथियों को नियंत्रित करने में विफल रहता है। हाथियों के उत्पात की दूसरी घटना गिरिडीह के बिरनी प्रखंड अंतर्गत वृंदा गांव की है। यहां शुक्रवार सुबह हाथियों ने लखन रविदास नामक एक व्यक्ति को कुचलकर मार डाला। हाथियों ने गांव में आंगनबाड़ी केंद्र भवन समेत कई घरों के दरवाजे तोड़ दिए। किसानों की एक एकड़ में लगी जेठुआ फसल नष्ट कर दी। इसके बाद हाथियों का झुंड बिरनी के कपिलो व चानो गांव पहुंचा। यहां भी आंगनबाड़ी केंद्र समेत कई लोगों के घरों का दरवाजा तोड़ दिए। खेतों में लगी खीरा, भिंडी की फसलें भी रौंद डाली। वन विभाग की टीम हाथियों को सुरक्षित स्थान तक ले जाने में जुटी है।

### मानव तस्कर की ...

रोजगार की भी व्यवस्था करेगी। बेंगलुरु से हवाई जहाज के माध्यम से इन्हें रांची लाया गया है। साहिबगंज और पाकुड़ जिले की रहने वाली इन सभी बच्चियों को फिलहाल प्रेमाश्रय बालिका गृह में रखा गया है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी यहां से बच्चियों को कल इनके साहिबगंज और पाकुड़ जिले में स्थित उनके घर ले जाकर परिजनों को सौंपेंगी। पाकुड़ जिला के हिरणपुर थाना क्षेत्र से 25 व्यक्ति इस साल 7 जनवरी को बेंगलुरु गए थे। इनमें एक बालक समेत 11 नाबालिग बच्चियां भी थीं। इन बच्चियों में सात पाकुड़ और चार साहिबगंज जिले की रहने वाली हैं। बेंगलुरु पुलिस ने इनके नाबालिग होने की वजह से डब्ल्यूसी, बेंगलुरु को सौंप दिया था। सीडब्ल्यूसी की जांच में पता चला कि ये सभी ह्यूमन ट्रैफिकिंग का शिकार हैं। सीडब्ल्यूसी, बेंगलुरु ने इन सभी बच्चियों को वापस उनके घर भेजने के लिए डीसीपीओ और बेंगलुरु पुलिस से संपर्क किया। इसके उपरांत उन्होंने रांची के जिला बाल संरक्षण अधिकारी से संपर्क साध पूरी जानकारी दी। इसके बाद राज्य बाल अधिकार और संरक्षण आयोग के द्वारा इन सभी बच्चियों को वापस लाने की सारी प्रक्रिया पूरी हुई और आज इन बच्चियों को सुरक्षित अपने राज्य वापस लाया गया। कल बच्चियां अपने घर पहुंच पायेंगी।

## विदेश

# सर्बिया में फायरिंग, 8 की मौत



**एजेंसी। बेलग्रेड**

यूरोपीय देश सर्बिया के म्लाडेनोवैक शहर में गुरुवार देर रात एक कार सवार हमलावर ने सड़क पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इस दौरान 8 लोगों की मौत हो गई। 13 लोग घायल हुए हैं। एक पुलिस अधिकारी ने कहा- फायरिंग करने के बाद हमलावर फरार हो गया था। कई घंटों तलाशी अभियान चलाने के बाद वो पकड़ा गया है। हमलावर की उम्र 21 साल है। हमें जो जानकारी मिली है उसके मुताबिक, वो एक कार में सवार था। उसके पास ऑटोमेटिक गन थी। ये पिछले 2 दिनों में होने वाली दूसरी घटना है। इसके पहले 3 मई को राजधानी बेलग्रेड के एक स्कूल में एक स्टूडेंट ने फायरिंग कर दी थी। इससे एक ही क्लास के 9 स्टूडेंट्स की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि कुछ गंभीर रूप से घायल हो गए थे। फायरिंग 14 साल के लड़के ने की थी। वो 7वीं क्लास में का छात्र है। उसे गिरफ्तार कर लिया गया था। पुलिस ने कहा था- आरोपी इसी स्कूल की सातवीं कक्षा का छात्र है। फायरिंग के बाद उसने मौके से भागने की कोशिश की। बाद में उसे स्कूल के बाहर से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के लिए पुलिस और स्कूल के सिक्योरिटी स्टाफ ने काफी मशक्कत की। एक पुलिस अफसर ने कहा- मैंने देखा कि एक सिक्योरिटी गार्ड टेबल के नीचे छिपा था। उसे भी गोली लगी थी। दो लड़कियां क्लास रूम के बाहर घायल मिलीं। स्कूल मैनेजमेंट ने कहा- हम नहीं जानते कि घटना किस वजह से हुई। आरोपी का स्कूल में ट्रैक रिकॉर्ड बहुत अच्छा है। वो कुछ दिन पहले ही इस स्कूल में आया था। उसने इस घटना को अंजाम क्यों दिया, इसकी जांच की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हमले में छात्रों के साथ कुछ टीचर्स भी घायल हुए थे। उन्होंने भागने की कोशिश जरूर की, लेकिन नाकाम रहे। एक सिक्योरिटी गार्ड भी मारा गया था। एक स्टूडेंट के पिता ने कहा था- मैं खुशकिस्मत हूं कि मेरी बेटी इस हमले में बच गई। वो फायरिंग के वक्त क्लास में ही मौजूद थी। उसने मुझे बताया कि जैसे ही आरोपी स्टूडेंट ने सबसे पहले टीचर पर फायरिंग की तो वो वहां से भागने में कामयाब हो गई। उसने बाद में खिड़की से हत्याकांड देखा। सर्बिया में इस तरह की घटनाएं नहीं होतीं। इसलिए यहां के लोग बेहद परेशान हैं।

## नेपाल में हेलिकॉप्टर हादसे में एक की मौत

**काठमांडू।** नेपाल के संखुवासभा जिले में शुक्रवार को एक हेलिकॉप्टर दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। यह घटना तब हुई जब हेलीकॉप्टर सिप्रागं में एक पेड़ से टकरा गया। संखुवासभा जिले में तैनात नेपाल पुलिस के उपाधीक्षक बीरेंद्र गोदर ने कहा कि दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल भविंद्र गुरुंग ने दम तोड़ दिया। कोशी प्रांत के नेपाल पुलिस के डीआईजी राजेशनाथ बस्तोला ने मीडिया को बताया कि काठमांडू ले जाए जा रहे गुरुंग ने रास्ते में अंतिम सांस ली। गुरुंग हेलिकॉप्टर में असिस्टेंट के तौर पर काम करते थे। इस घटना में कैप्टन सुरेंद्र पौडेल, सह-पायलट चिरिंग भोटे, सहायक मनोज थापा और नेपाल विद्युत प्राधिकरण के कर्मचारी बिक्रम शंकर घायल हो गए। गोदर ने कहा कि नेपाल सेना के हेलिकॉप्टर ने घायल लोगों को बचाया और उन्हें इलाज के लिए काठमांडू ले जाया गया।

# पाक स्कूल के स्टाफ रूम में 7 टीचर्स की मौत

**एजेंसी। पेशावर**

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कुर्रम जिले में गुरुवार को फायरिंग में 7 टीचर्स की मौत हो गई। अब तक यह साफ नहीं हो सका है कि फायरिंग की इस घटना को आतंकियों ने अंजाम दिया या फिर यह आपसी दुश्मनी का कोई मामला है। इसी इलाके में फायरिंग की एक और घटना भी हुई है। इसमें भी 2 टीचर्स मारे गए हैं। दोनों वारदात 6 किलोमीटर के दायरे में हुईं। इसके अलावा, खैबर में ही एक आतंकी हमला भी हुआ। इसमें तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान ने पाकिस्तानी फौज के 6 सैनिकों को मार गिराया। दोनों हमलों की न तो किसी ने जिम्मेदारी ली है और न ही हमलावरों का कोई सुराग हाथ लगा है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक टीचर्स पर हमले की वारदात कुर्रम जिले के टेरी मंगल हाईस्कूल में हुई। यहां के स्टाफ रूम में टीचर्स एग्जाम पेपर्स का सेट तैयार कर रहे थे। अगले हफ्ते से यहां परीक्षा शुरू होने वाली है, इसे रद्द कर दिया गया है। इसी दौरान कार में सवार कुछ हमलावर यहां पहुंचे। स्कूल के बाहर बैरिकेड्स थे और पुलिस भी मौजूद थी। हमलावर बैरिकेड्स तोड़ते हुए स्कूल में दाखिल हुए और सीधे स्टाफ रूम पहुंचे। यहां पहुंचते ही फायरिंग शुरू कर दी। सभी 7 टीचर्स मारे गए। इसके बाद हमलावर उसी कार से फरार हो गए। कुछ देर बाद पुलिस पहुंची और इलाके को सील कर दिया। अब तक हमलावरों का कोई सुराग नहीं मिला है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि यह मामला शिया सुन्नी विवाद से जुड़ा है। ये भी बताया जा रहा है कि मारे गए सभी टीचर्स शिया समुदाय से थे। हालांकि, इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। राष्ट्रपति आरिफ अल्वी और प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने हमले की निंदा की है।

**होगी कार्रवाई**

## दीवारों पर लिखे गए भारत के पीएम को लेकर आपत्तिजनक नारे

# ऑस्ट्रेलिया में मंदिरों को खालिस्तानी बना रहे निशाना

**एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया**

खालिस्तानी समर्थकों ने ऑस्ट्रेलिया के पश्चिमी सिडनी के रोजहिल उपनगर में एक और हिंदू मंदिर पर हमला किया। समर्थकों ने बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर में तोड़फोड़ की और मंदिर की दीवारों पर मोदी आतंकवादी घोषित करो (बीबीसी) लिख दिया। इसी बीच उक्त मंदिर के गेट पर एक खालिस्तान का झंडा भी लटका देखा गया। यह खालिस्तानियों द्वारा कैरम डाउन्स में ऐतिहासिक श्री शिव विष्णु मंदिर में तोड़फोड़ करने और ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में मंदिर के पास की दीवारों पर हिंदू और भारत विरोधी नारे लिखे जाने के लगभग दो महीने बाद सामने आया है। ऑस्ट्रेलिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर पर शुक्रवार सुबह तड़के हमला किया गया था और मंदिर के दैनिक आगंतुकों में से एक के प्रार्थना करने के लिए मंदिर पहुंचने के बाद हमले का पता चला। इसके बाद मंदिर प्रबंधन को सूचित किया गया जिन्होंने पुलिस को घटना की जानकारी दी। एनएसडब्ल्यू पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और मामले की जांच कर रहे हैं। जांच के लिए मंदिर प्रबंधन द्वारा उन्हें सीसीटीवी फुटेज भी मुहैया कराया गया है। इससे पहले 17 जनवरी को समर्थक ने कैरम डाउन्स स्थित ऐतिहासिक श्री शिव विष्णु मंदिर पर हमला किया था और मंदिर के बगल की दीवारों पर 'टारगेट मोदी', 'मोदी हिटलर' और 'हिंदुस्तान मुर्दाबाद' लिख दिया था। ऑस्ट्रेलिया ने पिछले 4-5 महीनों में देश में रहने वाले खालिस्तानी तत्वों द्वारा शुरू किए गए मंदिरों पर चार अलग-अलग हिंदू-विरोधी हमले देखे हैं।



# KASHYAP'S DENTAL CLINIC

**Dr. Vaibhav Kashyap**

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट







**Facilities**

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

**CHAMBER**

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


# ‘पहलवानों की मांगें मान ली, अब होने दें जांच’

**एजेंसी। लखनऊ**

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा खेल एवं युवा मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर ने दिल्ली के जंतर मंतर में बृजभूषण सिंह के खिलाफ धरना दे रहे पहलवानों से कहा है कि सरकार ने खिलाड़ियों की सारी बातें मान ली हैं। अब उनसे अनुरोध है कि वो लोग निष्पक्ष जांच होने दें, तभी दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर खेलो इंडिया गेम का शुभारंभ करने लखनऊ पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मोदी सरकार खेल कूद को बढ़ावा



दे रही है। इसलिए हमारी सरकार ने इसका बजट बढ़ाया है। जो खिलाड़ी दिल्ली में धरना दे रहे उनकी जो भी जायज मांग थीं सरकार ने मान ली हैं। दिल्ली पुलिस निष्पक्ष जांच कर रही है। दोषी के खिलाफ कार्रवाई करेगी। इसलिए पहलवानों को धरना खत्म करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि जहां तक खिलाड़ियों की मांगों का सवाल है तो मैं यही कहूंगा कि उनकी मांग निष्पक्ष चुनाव की बात थी, उसकी तैयारी की जा रही है। एक कमेटी गठित करने की मांग थी। वह कमेटी भी गठित कर दी गई है। निष्पक्ष जांच कराने की मांग थी, दिल्ली पुलिस वह भी कर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने भी अपना निर्णय दे दिया है। मेरा आग्रह है कि जो भी खिलाड़ी वहां प्रदर्शन कर रहे हैं, वह निष्पक्ष जांच होने दें। दूध का दूध पानी का पानी अलग हो जाएगा। जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ दिल्ली पुलिस निष्पक्ष कार्रवाई करेगी।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार ने सदा खेल और खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी है। सभी क्षेत्रों में खेलों में भारत लगातार बेहतरीन प्रदर्शन कर रहा है। हमने बैडमिंटन से लेकर अन्य खेलों तक अच्छा प्रदर्शन किया है। खेलों में बजट का बढ़ाया गया है। 964 करोड़ से बढ़ाकर 3393 करोड़ कर दिया गया है। 11 खिलाड़ी के ऊपर ढाई से तीन करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं।

## हरिद्वार में भक्तों की भीड़



शुक्रवार को हरिद्वार में हर की पौड़ी पर बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर गंगा नदी में पवित्र डुबकी लगाते श्रद्धालु। (फोटोः आईएएनएस)

## फ्रांस की बैस्टिल डे परेड में विशिष्ट अतिथि होंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 14 जुलाई को फ्रांस की राजधानी पेरिस में इस वर्ष के बैस्टिल डे परेड में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लेंगे। इस संदर्भ में प्रधानमंत्री ने भारत-फ्रांस सामरिक साझेदारी की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के निमंत्रण को स्वीकार किया है। इस महत्वपूर्ण अवसर को चिह्नित करने के लिए एक भारतीय सशस्त्र बल फ्रांसीसी समकक्षों के साथ परेड में भाग लेगा। विदेश मंत्रालय के अनुसार प्रधानमंत्री की यात्रा से दोनों देशों के रणनीतिक, सांस्कृतिक, वैज्ञानिक, शैक्षणिक, आर्थिक सहयोग के लिए नए और महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित होंगे। इससे भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी में अगले चरण की शुरूआत होगी।

### मणिपुर में सेना का फ्लैग मार्च जारी

## असम से अतिरिक्त जवानों को किया गया एयरलिफ्ट

**एजेंसी। इंफाल**

सेना और असम राइफल्स ने मणिपुर के कई अशांत जिलों में शुक्रवार को तीसरे दिन भी फ्लैग मार्च किया, हालांकि विभिन्न इलाकों से छिटपुट घटनाएं सामने आई हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक रक्षा प्रवक्ता ने शुक्रवार को कहा कि कई इलाकों में खासकर सबसे अशांत चुराचांदपुर जिले में फ्लैग मार्च किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि सभी हितधारकों द्वारा समन्वित कार्रवाई के माध्यम से कई क्षेत्रों में स्थिति को नियंत्रण में लाया गया। डिफेंस पीआरओ ने कहा, भारतीय वायु सेना ने सी17 ग्लोबमास्टर



और एएन32 वायुयानों को नियोजित करते हुए असम में दो हवाई क्षेत्रों से अतिरिक्त सेना और अर्धसैनिक बलों को ले जाने के लिए निरंतर उड़ानें भरीं। प्र्वतन गुरुवार की रात को शुरू हुआ और शुक्रवार की सुबह से अतिरिक्त स्तंभों का वर्चस्व शुरू हो गया। प्रभावित क्षेत्रों से सभी समुदायों के नागरिकों का दबदबा और निकासी रात भर जारी रही।

## यूपी में ट्रक ने तिपहिया वाहन को टक्कर मारी, पांच लोगों की मौत

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में शुक्रवार को एक ट्रक के तिपहिया वाहन से टकरा जाने से पांच लोगों की मौत हो गई और दस अन्य घायल हो गए। पीड़ित 'तिलक' समारोह से लौट रहे थे, इस दौरान कैसरगंज पुलिस घेरे में दुर्घटना का शिकार हो गए। पुलिस ने कहा कि पीड़ितों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। एसएचओ कैसरगंज दद्दन सिंह ने बताया कि घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने कहा कि मृतकों की पहचान का पता लगाने और उनके परिवार के सदस्यों से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है।

## मुरैना में जमीनी विवाद में गोलीबारी 6 की मौत, मृतकों में तीन महिलाएं

**एजेंसी। मुरैना**

मध्य प्रदेश के मुरैना में शुक्रवार सुबह जमीनी विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। इस दौरान हुई फायरिंग में एक ही परिवार के छह लोगों की मौत हो गई। ताबड़तोड़ गोलीबारी में छह से अधिक लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। मरने वालों में तीन महिलाएं भी शामिल हैं। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने सभी मृतकों के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों में काफी लंबे समय से विवाद चल रहा है। इसे लेकर साल 2011 में



भी एक व्यक्ति की हत्या हो चुकी है। पुलिस के अनुसार, मुरैना के लेपा भिसोड़ा गांव में शुक्रवार सुबह एक परिवार के 6 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बताया गया है कि गांव के दो परिवारों में पिछले 10 साल से रंजिश चल रही है। इसके चलते शुक्रवार को एक परिवार ने दूसरे परिवार वालों पर फायरिंग कर दी। गोलीबारी में एक ही परिवार के तीन पुरुष और तीन महिलाएं मारी गई हैं।

### हत्याकांड का वीडियो आया सामने

**इस** पूरे हत्याकांड का एक वीडियो भी सामने आया है। इसमें हमलावर लोगों को लाठियों से पीट रहे हैं। कुछ लोग बंदूक और लाठियां लेकर सड़क पर खड़े हैं। इसी बीच एक युवक आता है और एक के बाद एक पांच लोगों को गोली मार देता है। वारदात के बाद आरोपित मौके से भाग गए।

## हेलीकॉप्टर दुर्घटना में तेलंगाना के टेक्नीशियन की मौत

**हैदराबाद।** जम्मू-कश्मीर में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में तेलंगाना के भारतीय सेना के एविएशन टेक्नीशियन



पब्बला अनिल की मौत हो गई। 29 वर्षीय तेलंगाना के राजन्ना सिरसिला जिले का रहनेवाला था। जम्मू-कश्मीर के पहाड़ी किश्तवाड़ जिले के सुदूर मारवाह इलाके में गुरुवार को सेना का एडवान्स्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से दो पायलट भी घायल हो गए। अनिल जिले के बोएनपल्ली मंडल के मलकापुर का रहने वाला था। युवक की मौत की खबर से गांव में मातम पसर गया।

# मसाले कई रोग की दवा भी हैं, खाने से बढ़ती है रोग प्रतिरोधक क्षमता

## लाल मिर्च, अजवाइन, हल्दी, जीरा, दालचीनी, मेथी आदि को कई तरह के रोग में लाभदायक

**आरपी सिंह। नई दिल्ली**

विदेशी लोग भारतीयों के मसालेदार व तीखा खाना खाने से घबराते हैं। लेकिन जब उनको पता चलता है कि यह तो स्वाद भी बढ़ाता और कई रोगों को भी भगाता है, तो मुरीद हो जाते हैं। आयुर्वेद में भी खान पान के बारे में जो है उसमें मसालों के औषधीय गुण का ज़िक्र किया गया है। कई रोगों के उपचार में तो इन मसालों को ही पीस कर गर्म पानी के साथ या शहद के साथ सुबह या शाम खाली पेट दिया जाता है। यही वजह है कि वैद्य लोग लाल मिर्च, अजवाइन, हल्दी, जीरा, दालचीनी, मेथी आदि को कई तरह के रोग में देते हैं। जिस पर आगे शोध भी चल रहा है। इसी तरह



का एक शोध अमेरिकन एसोसिएशन फोर कैंसर रिसर्च में हुआ है। इसमें वैज्ञानिकों ने पाया कि चिकित्सकों के देख रेख में लाल मिर्च का सेवन करने से कैंसर का इलाज हो सकता है। इसमें मौजूद कैप्साइसिन ऐसा तत्व है जो कैंसर सेल्स को बढ़ने से रोकता है और उसे खत्म करने की कोशिश करता है। इसी तरह से यदि सब्जी, दाल या अन्य भोजन में जीरा, दालचीनी, लाल मिर्च, जैसे मसाले पाचन दर बढ़ाने का काम करते हैं। जिससे चर्बी नहीं बनती यानि मोटापा में कमी आती है। वजन घटाने करने के लिए मेटाबॉलिज्म ठीक रहना बहुत जरूरी है। हल्दी तो ऐसा मसाला है जिसके औषधीय गुण के बारे में आयुर्वेद में दर्द-सूजन, आर्थराइटिस, ऑटोइम्यून डिसऑर्डर, सिरदर्द, जी मिचलाना जैसे तकलीफ में लाभदायक माना गया है। हल्दी और जीरा में शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट और एंटी माइक्रोबियल गुण भी होते हैं। जो शरीर को अंदर से खराब करने वाले बैक्टीरिया का खात्मा करते हैं। जिससे बुखार, खांसी, जुकाम जैसे संक्रमण नहीं होते।

### स्वागत | एससीओ के विदेश मंत्रियों की बैठक में बोले जयशंकर

# ‘आतंकवाद विरोधी उपाय समय की जरूरत’

**एजेंसी। पणजी**

आतंकवाद को एक बड़ा खतरा बताते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि आतंकवाद विरोधी उपाय समय की जरूरत है। गोवा में शंघाई संगठन निगम (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की बैठक में बोलते हुए जयशंकर ने कहा कि इन सभी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए आतंकवादी गतिविधियों के लिए वित्त के चैनलों को जब्त और अवरुद्ध किया जाना चाहिए।

एससीओ के विदेश मंत्रियों की बैठक के दूसरे दिन उन्होंने अपने सभी समकक्षों का स्वागत किया, जो एससीओ के सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवाद का मुकाबला करना एससीओ के मूल जनादेशों में से एक है, और जैसा कि यह खतरा



जारी है, आतंकवाद को रोकने के लिए उपाय करने की आवश्यकता है। जयशंकर ने कहा कि आतंकवाद का कोई औचित्य नहीं हो सकता और इसे हर तरह से रोका जाना चाहिए। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्यों के विदेश मंत्रियों की दो दिवसीय बैठक गुरुवार को यहां शुरू हुई, जयशंकर ने भी अपने समकक्षों के साथ बैठक की। जयशंकर ने एससीओ महासचिव झांग मिंग से भी मुलाकात की और भारत की एससीओ अध्यक्षता के लिए उनके समर्थन की सराहना की और कहा कि यह एससीओ को सुरक्षित करने की प्रतिबद्धता से प्रेरित है। उन्होंने स्टार्टअप्स, पारंपरिक चिकित्सा, युवा सशक्तिकरण, बौद्ध विरासत और विज्ञान और प्रौद्योगिकी समेत प्रमुख क्षेत्रों को निर्धारित किया। शंघाई में 15 जून, 2001 को स्थापित, एससीओ में मूल रूप से रूस, चीन, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान शामिल थे। बाद में भारत और पाकिस्तान इसके सदस्य बने।

## ममता ने फिर किया केंद्र के खिलाफ विपक्षी एकजुटता का आह्वान

**कोलकाता।** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक बार फिर 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले गैर भाजपा और गैर कांग्रेस पार्टियों की एकजुटता का आह्वान किया है। शुक्रवार को मुर्शिदाबाद के शमशेरगंज में एक जनसभा को संबोधित करते हुए ममता ने कहा कि सभी विपक्षी पार्टियां एक हो जाएं। हमलोग एक साथ मिलकर काम करें। बजरंग दल पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि श्रीराम का नाम लेकर गुंडागर्दी हो रही है। वे सीबीआई, ईडी के नाम पर लोगों को डरा रहे हैं। केंद्रीय एजेंसियां विपक्ष को परेशान कर रही है। इसके खिलाफ एकजुट होना बेहद जरूरी है। उन्हें (भाजपा को) केंद्र से हटाना जरूरी है। उल्लेखनीय है कि इसके पहले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोलकाता में अखिलेश यादव से मुलाकात के दौरान भी इसी तरह का आह्वान किया था।




## बतौर अभिनेता हमारे पास वही सीमाएं हैं जो हम खुद पर सेट करते हैं : रिद्धि डोगरा

**टीवी,** वेब सीरीज, फिल्मों और म्यूजिक वीडियो में



काम कर चुकीं एक्ट्रेस रिद्धि डोगरा ने कलाकारों के विभिन्न माध्यमों के आधार पर वर्गीकृत किए जाने पर बात की। रिद्धि ने कहाः एक अभिनेता के रूप में, मुझे लगता है कि हमारे पास केवल वही सीमाएं हैं जो हम खुद पर सेट करते हैं। लोग सिर्फ एक-दूसरे को लेबल और अपनी अवधारणाओं में रखना चाहते हैं क्योंकि इससे उन्हें चीजों को आसान बनाने में मदद मिलती है लेकिन सच्चाई यह है कि अभिनय और रचनात्मकता को बांधकर नहीं रखा जा सकता।

## पति निक ने ‘सिटाडेल’ में प्रियंका के काम की तारीफ के पुल बांधे

**अमेरिकी** पॉप स्टार निक जोनस अपनी पत्नी प्रियंका चोपड़ा जोनस के बारे में बातें करते रहते हैं। वेब सीरीज 'सिटाडेल' में प्रियंका के प्रदर्शन को देखने के बाद



निक ने कहा वो तो बॉस हैं। निक ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर सिटाडेल का एक पोस्टर साझा किया, जिसमें प्रियंका अपने सह-कलाकारों और साथी जासूस रिचर्ड मैडेन और स्टेनली टुकी के साथ नजर आ रही हैं। इस पर 'सिटाडेल, नंबर वन टाइटल ऑन प्राइम वीडियो' लिखा हुआ है। पोस्टर के कैप्शन में उन्होंने लिखा, मेरी पत्नी एक बॉस है।

## ‘अनदेखी’ मेरा अब तक का सबसे बड़ा प्रोजेक्ट : वरुण भगत




**एक्टर** वरुण भगत इस समय बेहद खुश हैं, क्योंकि क्राइम थ्रिलर सीरीज 'अनदेखी' के निमाताओं ने इसके नए सीजन की घोषणा कर दी है। एक्टर ने कहा कि वे पांच महीने पहले शो की शूटिंग करने वाले थे, लेकिन शानदार कहानी तैयार करने के लिए लेखक को थोड़ा और समय लगेगा। वरुण ने लकी का किरदार निभाया है, जो एक जटिल किरदार है। अभिनेता समीक्षकों और दर्शकों के समान रूप से पसंदीदा प्रशंसक बनकर अपने सार को पूरी तरह से पकड़ने में कामयाब रहे हैं। और अब, प्रशंसकों की खुशी के लिए, अप्लॉज एंटरटेनमेंट ने घोषणा की है कि वे तीसरे सीजन के साथ वापस आ रहे हैं। अपकमिंग सीजन के लिए अपने उत्साह को व्यक्त करते हुए, वरुण ने कहा, हमें पांच महीने पहले शो की शूटिंग करनी थी, लेकिन जैसा कि शो ने इतना अच्छा प्रदर्शन किया है, लेखक और समय चाहते थे, ताकि दर्शकों का मनोरंजन हो सके। वह आगे कहते हैं, जैसे-जैसे दिन नजदीक आ रहे हैं, मैं काफी उत्साहित और नर्वस महसूस कर रहा हूं। मैं खुद को शांत और जेन स्पेस में रखने की कोशिश कर रहा हूं,मैं बस शूटिंग शुरू करने के लिए उत्सुक हूं। 'अनदेखी' मेरी अब तक की सबसे बड़ा प्रोजेक्ट है, इसलिए मैं उम्मीद कर रहा हूं कि नया सीजन पूरी कास्ट, टीम और देखने वाले सभी लोगों के लिए कुछ खास हो।